**Shri Kanwar Lal Gupta :** It is said that it is not in public interest to disclose any thing about defence but at the same we should be assured that arrangements of defence production and defence are satisfactory. We were told these things in 1962 also. If we read the books written by former Defence Secretary Shri Khera and General B. M. Kaul, a very said picture comes before us. In view of this we want to know the extent to which we are prepared to face the threats of Pakistan and China ? I want to know whether Government would appoint a committee which should go into this matter and make recommendations as to how deficiencies can be made up keeping in view the new inventions ? May I know whether it is a fact that in case of war we can fight only for a week with our ammunition.

**Shri L. N. Mishra :** It is incorrect to say that we have ammunition for only a week. No country can function with this much ammunition.

we have always been vigilant about the preparations of China and Pakistan and therefore we do not feel the necessity appointing any Committee. Moreover it is 1965 and not 1962. I do not want to elaborate it any further.

**Shri Kanwar Lal Gupta :** I want that the House should be assured about the defence preparedness. If Government is not prepared to appoint an Expert Committee then I want to know as to how the House would be assured ?

**प्रतिरक्षा मन्त्री (श्री स्वर्ण सिंह) :** विशेषज्ञ समिति की इसलिये कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि यह मामला देश की सुरक्षा के लिये अत्यन्त महत्वपूर्ण है कि उत्पादन और सैनिक दृष्टि से इस सम्बन्ध में निरन्तर विचार विमर्श किया जाता है। विशेषज्ञ समिति नियुक्त करने से कोई प्रयोजन सिद्ध नहीं होगा क्योंकि यह एक महत्वपूर्ण मामला है और इस पर सभी सेना अध्यक्ष, सचिव (प्रतिरक्षा उत्पादन) और सचिव (प्रतिरक्षा) और हम स्वयं विचार विमर्श करते हैं।

**श्री चिन्तामणि पाणिग्रही :** क्या यह सच है कि प्रतिरक्षा उत्पादन के कुछ कारखानों में, जहां आधुनिक मशीनें तैयार होती हैं, केवल 75 प्रतिशत मशीनों का उपयोग होता है और 25 प्रतिशत अप्रयुक्त पड़ी रहती है ? जब कभी प्रतिरक्षा निरीक्षणालय के कुछ अधिकारी वहां पर जाते हैं, उसी दिन 33 मशीनों को तेल आदि देकर चालू किया जाता है। मैं मन्त्री महोदय से जानना चाहता हूं कि ये अधिकारी इन कारखानों में गये थे और उन्होंने अप्रयुक्त क्षमता के बारे में प्रतिरक्षा मन्त्रालय को कब बताया था और इस क्षमता का पूरा उपयोग करने के लिये क्या कारगर उपाय किये जा रहे हैं ?

**श्री ल० ना० मिश्र :** यह बात ठीक नहीं है।

**श्री रंगा :** माननीय सदस्य स्वयं इन कारखानों में गये हैं और वह कहते हैं कि अधिकारी वहां गये हैं और उन्होंने स्वयं स्वीकार किया है।

**श्री ल० न० मिश्र :** वास्तव में हमारे आयुक्त कारखानों में निश्चित समय से अधिक समय तक काम होता है, 11 घण्टे की दो पारियां काम करती हैं। एक दिन में 22 घण्टे काम होता है। हम तो चाहते हैं कि हमारे पास फालतू क्षमता हो परन्तु हमारे पास वह नहीं है।

**श्री चिन्तामणि पाणिग्रही :** क्या वह इन मामलों की पुनः जांच करेंगे ?

**श्री स्वर्ण सिंह :** यह सम्भव है कि किसी एक कारखाने में कुछ फालतू क्षमता हो। यदि माननीय सदस्य इस सम्बन्ध में जानकारी दे तो मैं उस पर विचार करूंगा।

**श्री नन्दकुमार सोमानी :** भाभा समिति की सिफारिशों की क्रियान्विति सन्तोषजनक नहीं है और अब इलैक्ट्रानिक समिति ने हाल ही में दो सिफारिशें की हैं जो महत्वपूर्ण है। एक यह है कि इलैक्ट्रानिक क्षेत्र में औद्योगिक लाइसेन्स प्रक्रियाओं में सुधार किया जाना चाहिये जिससे इस क्षेत्र में शीघ्र औद्योगीकरण हो सके। दूसरी सिफारिश यह है कि सरकारी

क्षेत्र के लिये कुछ मदें निश्चित होनी चाहिये जिनकी प्रतिरक्षा विभाग को बहुत आवश्यकता रहती है। इलैक्ट्रानिक समिति की सिफारिशों को ध्यान में रखते हुए सरकार इस मांग को पूरा करने के लिये क्या कार्यवाही कर रही है ?

**श्री ल० ना० मिश्र :** भाभा समिति की सिफारिशों की क्रियान्विति के बारे में कोई प्रगति नहीं हुई है, यह कहना अनुचित है। हम इन सिफारिशों को पूर्ण रूप से क्रियान्वित कर रहे है। वर्ष 1963-64 में 26 करोड़ रुपये का उत्पादन हुआ था, इस वर्ष 88 करोड़ रुपये का उत्पादन हुआ है। भाभा समिति ने दस वर्ष के समय में 300 करोड़ रुपये प्रतिवर्ष के उत्पादन की योजना बनाई है। हमें आशा है कि हम इस लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे।

**श्रीमती सुशीला रोहतगी :** क्या प्रतिरक्षा उत्पादन के हमारे सभी कारखाने अपनी अधिकतम क्षमता पर कार्य कर रहे हैं और उनमें कोई अप्रयुक्त क्षमता नहीं है ?

**श्री ल० ना० मिश्र :** यही प्रश्न श्री पाणिग्रही ने पूछा था और मन्त्री महोदय ने उसका उत्तर दिया है।

**Shri Prakash Vir Shastri :** May I know whether it is a fact that there have been some differences between scientists and some officers of Defence Ministry and as a result thereof suggestions of those scientists are not being implemented ? I would also like to know whether efforts have been made to resolve these differences and if so the results thereof ? Whether it is also a fact that activities of some persons working in ordnance Factories or suspicious and if so action being taken to curb them ?

**Shri L. N. Mishra :** As far as I know there are no differences between Scientist and Officers of Ministry of Defence. There is a committee under the chairmanship of Defence Minister in which we discuss defence matters in which all the three Service Chiefs, representative of Research and Scientific Department also take part. I am not aware of any differences.

We are quite vigilant towards the elements to which our hon'ble Member has drawn our attention.

**Shri Chandra Jeet Yadav :** No doubt, Government have taken effective steps to make the country strong after Chinese and Pakistan aggression but our preparedness is not in conformity with the progress made in the field of defence science and technology. We have not been in a position to manufacture a jeep which could run on the height of 15, 16 thousand feet and we have to import the same from Japan. In view of this whether our Government is prepared to make our Research Organisation more capable or collaborate with any one of the advanced countries so that we may be in touch with the progress being made in the field of science and technocology and get ourselves prepared accordingly ?

**Shri L. N. Mishra :** The scientists of one country have been visiting other countries in order to know the progress being made in defence science.

**श्री चपलाकांत भट्टाचार्य :** प्रतिरक्षा उत्पादन वैज्ञानिक और विश्वविद्यालयों में नियुक्त वैज्ञानिक कुछ क्षेत्रों में एक-सा कार्य कर रहे हैं। क्या उनके कार्यकलापों में समन्वय लाने की कोई व्यवस्था है जिससे एक ही कार्य दो स्थानों पर न हो ?

**श्री ल० ना० मिश्र :** एक समिति है जिसमें महत्वपूर्ण प्रतिरक्षा विज्ञान प्रयोगशालाओं के प्रतिनिधि और वैज्ञानिक सलाहकार तथा अन्य वैज्ञानिक भी सम्मिलित हैं ।

**श्रीमती शारदा मुकर्जी :** क्या कोई ऐसी व्यवस्था है जिसके अन्तर्गत विश्वविद्यालयों में तथा देश के बाहर उपलब्ध तकनीकी ज्ञान का सार्वजनिक हित में उपयोग किया जा सके ?

**श्री ल० ना० मिश्र :** जैसा कि मैंने पहले बताया है कि प्रतिरक्षा मन्त्री की अध्यक्षता में एक समिति बनी हुई है जिसमें देश की महत्वपूर्ण वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं और अनुसन्धान और विकास संगठन के निदेशक भी भाग लेते हैं और सब मिल कर विचार विनिमय करते हैं ।

**श्री हेम बरुआ :** क्या सरकार को पता है कि नाथूला दर्रे पर बहुत बड़ी संख्या में चीन की सेनाएं तैनात हैं और वे हमारे सैनिकों को सम्बोधन कर के प्रचार कर रहे हैं ? इसलिए क्या सरकार हमें यह बतायेगी कि क्या चीन की इस चुनौती का मुकाबला हथियारों और गोलाबारूद से किया जायेगा ?

एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि हमारे देश में मिग विमान बनाए जाते हैं परन्तु ये जल्दी ही प्रचलित हो जायेंगे । क्या प्रतिरक्षा मन्त्रालय यह आश्वासन देने की स्थिति में है कि हम चीन की इस नई चुनौती का सामना कर सकेंगे ?

**श्री स्वर्णसिंह :** इस मामले पर अभी हाल में एक दिन विस्तार से चर्चा हुई थी । मैंने बताया था कि हमें उत्तर और पश्चिम में स्थित अपने पड़ोसियों से बराबर खतरा बना हुआ है और हम उसका सामना करने के लिये क्या कार्यवाही कर रहे हैं ।

यह सही है कि मिग का स्थान लेने वाले कुछ विमान भी हैं, परन्तु मिग विमान काफी समय तक हमारी आवश्यकता पूरी करते रहेंगे । हम उस दिशा में प्रयत्न कर रहे हैं और आशा है कि हम मिग से अधिक क्षमता वाले विमान प्राप्त करने में सफल होंगे ।

फालतू पुर्जों के बारे में कोई कठिनाई नहीं है । हम उन्हें प्राप्त कर रहे हैं ताकि विमान हमेशा चालू रहे और लडाई में प्रयोग में लाए जा सकें ।

**Cantonment Boards Areas**

***815 : Shri Maharaj Singh Bharati :** Will the **Minister of Defence** be pleased to state :

(a) whether it is a Fact that Government have sent a circular to the Cantonment Boards on the 23rd March, 1968 consequent to which many difficulties have been caused in the way of construction and repair of the old houses ;

(b) if so, whether Government propose to remove civilian population from the Cantonment Boards areas ; and

(c) whether it is also a fact that Government now propose to allow construction of only one-storeyed houses in the Cantonment Boards areas and restrictions have been imposed on the construction of double-storeyed houses ?

**प्रतिरक्षा मन्त्रालय में उप-मन्त्री (श्री मं० रं० कृष्ण)** : (क) से (ग) : एक विवरण सभा के पटल पर रख दिया गया है ।

**विवरण**

(क) यह सच कि पुरानी ग्रांटों के स्थानों पर भवननिर्माण, के नियमन के सम्बन्ध में पहले विभिन्न पत्रों को समेकित करते हुए 23 मार्च, 1968 को एक पत्र जारी किया गया था । इस पत्र की कार्यान्विति ढंग के विकास में सहायता देगी और समेकित छावनी निधियों में उचित आय में सहायता सुनिश्चित करेगी । वह मरम्मत में बाधा नहीं डालती परन्तु सरकारी भूमि का लाइसेन्स लेने वालों को बाध्य करती है कि वह अतिरिक्त निर्माण करने, या विभाग करने या उद्देश्य में परिवर्तन से पहले भूमि पट्टे पर लें ।

(ख) छावनी क्षेत्रों से असैनिक निवासियों को हटाने के लिए कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है । तदपि, ऐसी सरकारी भूमि जिसे पुनःग्रहन करने का उपबन्ध है, आवश्यकता पड़ने पर रक्षा या अन्य सार्वजनिक उद्देश्यों के पुनःग्रहण की जा सकती है ।

(ग) छावनी में एक से अधिक मन्जिल का निर्माण छावनी नियमों द्वारा नियमित किया जाता है । दो मन्जिल मकानों के निर्माण पर सरकार द्वारा कोई प्रतिबन्ध नहीं लगाया गया । तदपि, पुरानी ग्रांट की शर्तों पर सरकारी भूमि का लाइसेन्स लेने वाले को अतिरिक्त निर्माण इत्यादि से पहले पट्टे पर भूमि लेना पड़ती है ।

**Shri Maharaj Singh Bharati** : I do not know why Government do not feel the neccssity of amending this obsolete law. The hon. Minister has stated in his reply that if no changes have been made in the houses constructed on leased lands then no increase is made in the lease because they are bound by law. Therefore Government have introduced this rule that if any lease-holder wants to erect a wall for bifurcating the house or constructs a double-storey it will be treated as a new lease and more money will have to be paid. I want to ask a specific question. There is acute shortage of accommodation at present. Despite this, have Government made it their policy that no new constructions should be allowed on the lands leased out ?

**प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह)** : जी नहीं । हमारी नीति यह नहीं है । हम चाहते हैं कि मकान बनाए जायें और उनमें सुधार भी हो परन्तु उस पर कुछ नियन्त्रण तो होना चाहिये । हम किसी को मनमाने ढंग से मकान बनाने की अनुमति नहीं दे सकते ।

**Shri Maharaj Singh Bharati** : The hon. Minister has replied that the this communication has been issued to increase the revenues of the Cantonment Boards. I want a categorical assurance from the hon. Minister. They may apply new rules and regulations to the new constructions but it should not be treated as a new lease and the lease money should not be increased ?

**श्री स्वर्ण सिंह** : माननीय सदस्य उत्तर के एक भाग को ही उद्धृत कर रहे हैं । उन्हें अन्य भाग को भी सामने रखना चाहिये जिसमें कहा गया है :

'इस पत्र की कार्यान्विति ढंग के विकास में सहायता देगी और समेकित/छावनी निधियों में उचित आय में सहायता सुनिश्चित करेगी ,"

यह एक उचित उद्देश्य है और मैं नहीं समझता कि इस पर आपत्ति करने की गुंजायश है।

**Shri Maharaj Singh Bharati :** I know about the Meerut Cantonment Board, So many cases are pending there. Applications for new constructions have been rejected and the applicants have been asked to pay Rs. 500 in case they are paying Rs. 50 at present. Then alone they can get permission. I want to know whether such application are pending with them ?

**श्री स्वर्ण सिंह :** अधिकतर पट्टों के बारे में यह एक साधारण शर्त है कि मूल निर्माण में फेर बदल करने पर या अधिक क्षेत्र में नया निर्माण करने पर पट्टा देने वाले को कुछ अधिक राशि लेने का हक होगा। यह पैसा सरकार को नहीं मिलना है अपितु यह छावनी निधि में जमा होगा जिसे सड़कों में सुधार, रोशनी नालियों की व्यवस्था और इसी प्रकार के कार्य में खर्च किया जाना है।

**Shri Onkar Lal Berwa :** Are the Cantonment are as governed by the municipal Acts of the States concerned or the Government have their own laws or rules in regard to housing and sanitation there ?

**श्री स्वर्ण सिंह :** इसके लिये एक अलग कानून-छावनी बोर्ड अधिनियम-है।

**श्री नीतिराज सिंह चौधरी :** नागरिकों को छावनी क्षेत्रों में जाने तथा वहां पर बसने के लिये प्रोत्साहित किया गया था ताकि वे सैनिक कर्मचारियों की सेवा कर सकें। परन्तु इस पत्र के अनुसरण में छावनी अधिकारियों ने सैनिक क्षेत्रों को असैनिक क्षेत्रों से अलग कर दिया है और वे सैनिक कर्मचारियों को असैनिक क्षेत्रों में आने की अनुमति नहीं देते। वे मकानों तथा टूटी फूटी दीवारों की मरम्मत भी नहीं करने देते। यदि वे चाहते हैं कि असैनिक जनसंख्या वहां रहे तो उन्हें अपने मकानों की मरम्मत तथा उन्हें नया रूप देने की अनुमति क्यों नहीं दी जाती है ?

**श्री स्वर्ण सिंह :** मैं यह चाहता हूँ कि असैनिक जनसंख्या जो छावनी की बहुत महत्वपूर्ण सेवा करती है वहां पर रहे परन्तु मकानों के निर्माण, उनके विस्तार तथा सुधार के बारे में उन्हें बोर्ड के नियन्त्रण में रहना पड़ेगा। ये प्रतिबन्ध लगाने का केवल मात्र उद्देश्य यही है। यह नगर निगमों, नगर बोर्डों और नगरपालिकाओं से बहुत भिन्न नहीं है।

**Shri Madhu Limaye :** The Cantonment Act is very old. I had invited Govt.'s attention to one of the rules under which in the cantonment areas clothes of Europeans and black people were not to be washed and dried together. Later on it was abrogated. The hon. Minister has assured us that Government will soon come forward with an amending Bill. A Bill in my name is also pending in the House. May I know when an amending Bill is going to be introduced ?

**Shri Swaran Singh :** It is true that a proposal to amend the Cantonment Board Act under consideration since long. We are anxious to introduce it at the earliest But I cannot give any definite idea about the time now.

**Shri Madhu Limaye :** Some time should be indicated. It has been pending since long. My Bill is also pending. The Prime Minister and the Defence Minister are present. Some idea about the time should be given. Will it be introduced in the next session ?

**Resettlement of Ex-Servicemen in Rajasthan Canal area**

+

*816. **Shri Balraj Madhok :** **Shri Atal Bihari Vajpayee :**
**Shri Narain Swarup Sharma :** **Shri Jagannath Rao Joshi :**

Will the Minister of Defence be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Rajasthan Government had made a declaration to settle ex-soldiers in the five-mile long belt of the canal area; and

(b) if so, the acreage of land allotted to ex-soldiers so far in this context as also the future plan in regard thereto ?

**प्रतिरक्षा मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री म० रं० कृष्ण) :** (क) और (ख): जैसा कि 14-8-1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4043 के उत्तर में कहा गया है, राजस्थान सरकार ने भारत-पाकिस्तान सीमा के साथ-साथ 5 मील की पट्टी में 50,000 एकड़ भूमि के संरक्षण की सूचना दी थी, परन्तु उनके ताजा पत्र के अनुसार लगता है, पोंग बांध के निमज्जित क्षेत्र के निर्वासितों समेत अलाटियों की विशेष श्रेणियों को भूमि प्रदान किए जाने की आवश्यकता के कारण, राजस्थान सरकार अपने पहले उद्देश्य को कार्यरूप में लाने को असमर्थ है ।

**Shri Bal Raj Madhok :** Sir, on the 14th August 1968 two question-one in my name and the other in the name of Shri Barupal-were asked. The reply was that the information was being collected from the State Governments and would be laid on the Table of the House when received It is December now. But no information has been furnished to the House so far. Just now the hon. Minister has stated that the Rajasthan Govt. had reserved 50,000 acres of land for this purpose, but the State Government are apparently unable to get it vacated. Is it not a fact that the Govt. and the Defence Ministry are committed to implement this plan and the Ministry had invited applications from ex-servicemen in this connection ? From the defence point of view this area is very vital. But the State Government are reluctant because the people already living there will have to be settled elsewhere and they need their votes. The State legislators are therefore putting obstacles in the way of its implementation. Party politics is coming in the way of the implementation of the national plan. If it is a fact may I know whether Government themselves will take up the task of setting ex-servicemen in that area ?

**श्री म० रं० कृष्ण :** 21 मई, 1966 को राजस्थान सरकार ने केन्द्रीय सरकार को संकेत दिया था कि वह अवकाश प्राप्त सैनिकों को बसाने के लिये लगभग 50,000 एकड़ भूमि रखेगी 24 अगस्त, 1966 को राज्य सरकार ने पुनः यह भूमि देने की इच्छा व्यक्त की । हाल ही में उन्हें यह भूमि देने में कठिनाई पाई क्योंकि वहां से जो व्यक्ति हटाए जाएंगे पहले उन्हें कहीं बसाना होगा । फिर भी राजस्थान सरकार भूतपूर्व सैनिकों को बसाने में कतरा नहीं रही है । उन्होंने उप-समितियां बनाई हैं । जून, 1968 तक राजस्थान सरकार के पास 2000 आवेदनपत्र लम्बित पड़े थे और उन्होंने कहा है कि उन सब आवेदन पत्रों पर विचार किया जायेगा और भूतपूर्व सैनिकों को भूमि दी जायेगी ।

**Shri Bal Raj Madhok :** I have asked whether the State Government is deliberately not shifting those people from there because the Members of the State Assembly are resisting it for the sake of getting their votes.

**श्री मं० रं० कृष्ण :** 2000 आवेदनपत्र राज्य सरकार के पास आए पड़े हैं। उन्होंने उप-समितियां बनाई हैं और इन सभी 2000 लोगों को भूमि दी जा रही है।

**Shri Bal Raj Madhok :** After the experience of 1965 conflict. Pakistan has been making preparations on the Punjab border. According to the reports reaching us Pakistan has been making more offensive preparations on the Rajasthan and Gujarat border. There, our side of the border is sparsely populated and is less developed. The Rajasthan Canal has not been constructed and arrangements for water supply have not been made. A large number of persons have shifted from that area because of drought conditions. For the defence of that area it is very essential that people should be rehabilitated there and defence preparations should be made. Will Government think over the possibility of setting up Nehal Type of military settlements on the entire border so that if Pakistan again indulges in misadventure there, we can give him a befitting reply ?

**श्री स्वर्ण सिंह :** माननीय सदस्य को यह ध्यान में रखना चाहिये कि भूमि तथा भूमि पर पुनर्वास राज्य के विषय हैं। हम उन्हें कोई विशेष नीति अपनाने के लिये राजी कर सकते हैं परन्तु अन्तिम निर्णय राज्य सरकार ही कर सकती है।

जहां तक पाकिस्तान और राजस्थान तथा पाकिस्तान और गुजरात के बीच अपनी सीमाओं की रक्षा करने का प्रश्न है, यह हमारे ध्यान में है। हम अपनी उस सीमा की अखण्डता तथा प्रभुसत्ता बनाए रखने के लिये उपाय कर रहे हैं और करते रहेंगे।

**Shri Jagannath Rao Joshi :** The hon. Minister has stated that the question of resettlement on land is a state subject. He cannot evade this question like this. Defence and, security is a Central subject. Keeping this in view, have Government issued instructions to States to give priority to the task of providing employment to ex-servicemen as well as their resettlement ?

**Shri Swaran Singh :** In Madhya Pradesh, the hon. Member's party is in power, so he should try to bring that Government round to his own views in this matter, because there is such a land there.

**श्री बलराज मधोक :** यह दलीय राजनीति का प्रश्न नहीं है। मंत्री महोदय ने इस तरह का उत्तर देकर किसी दल के प्रति कोई भलाई नहीं की है। यह प्रश्न सीमान्त क्षेत्रों से सम्बन्ध रखता है और हम जानना चाहते हैं कि वहां पर लोगों को बसाने के उद्देश्य से ही नहीं अपितु सीमा की सुरक्षा के उद्देश्य से भी उन क्षेत्रों में भूतपूर्व सैनिकों को बसाने के लिये सरकार क्या कार्यवाही कर रही है।

**श्री स्वर्ण सिंह :** दो अलग प्रश्न हैं। एक सामान्य प्रश्न है जो श्री जोशी द्वारा उठाया गया है अर्थात् भूतपूर्व सैनिकों को रोजगार देने तथा बसाने आदि के लिये प्रत्येक सम्भव कार्यवाही करना। मैं कोई दलगत विषय उठाने की कोशिश नहीं कर रहा हूं। परन्तु संविधान के अनुसार भूमि राज्य का विषय है। भूमि पर बसाने तथा सिंचाई के अन्तर्गत लाई गई नई भूमि

के बारे में पुनर्वास नीति राज्य सरकारों का विषय है । जहां तक केन्द्र का सम्बन्ध है, हम बड़े इच्छुक हैं कि राज्य सरकारें, चाहे वे किसी भी दल से सम्बन्ध रखती हों, भूमि उपलब्ध करने में हमारी सहायता करें ताकि भूतपूर्व सैनिकों को बसाया जा सके । मैंने माननीय सदस्य की आलोचना नहीं की थी अपितु मेरा उद्देश्य यह था कि वे राज्य में अपने मित्रों तथा मतदाताओं को इस बात के लिये राजी करें कि केन्द्र का इरादा नेक है ।

जहां तक सीमा की सुरक्षा का प्रश्न है, माननीय सदस्य को वहां पर रह रहे लोगों की भावनाओं को भी ध्यान में रखना चाहिये । बड़े पैमाने पर लोगों के हटाये जाने की कोई योजना किसी प्रकार से भी व्यवहार्य नहीं है । जहां पर जमीन खाली पड़ी है हमें उन लोगों को, जो सीमा क्षेत्र का कठिन जीवन व्यतीत कर सकते हैं, वहां पर बसाना चाहिये । इसके लिये ही हम राज्य सरकारों को राजी कर रहे हैं ।

अन्त में मैं कहना चाहता हूं कि नई बसी भूमि में पुनर्वास का प्रश्न एक महत्वपूर्ण विषय है । परन्तु अंग्रेजों ने 70–80 वर्ष पहले जो किया उसे दोहराना बेमानी है क्योंकि उस समय इतनी अधिक जनसंख्या नहीं थी । इसलिये कोई ठोस सुझाव देने से पहले इन सभी बातों को ध्यान में रखा जाना चाहिये ।

## अल्प सूचना प्रश्न

### SHORT NOTICE QUESTION

### उत्तर प्रदेश में अध्यापकों द्वारा भेजे गये तारों का रोका जाना

**अ.सू.प्र.सं.14. श्री स० कुण्डू :** **श्री रवि राय :**
**श्री स्वतन्त्र सिंह कोठारी :** **श्री नन्दकुमार सोमानी :**

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या स्कूल अध्यापकों द्वारा लखनऊ तारघर से भेजे गये तारों को उत्तर प्रदेश में डाक व तार अधिकारियों द्वारा रोक लिया गया था;

(ख) यदि हां, तो ऐसे कितने तार रोके गये; और

(ग) इन तारों को रोकने के क्या कारण थे ?

**संसद्-कार्य तथा संचार मंत्री (डा० राम सुभग सिंह) :** (क) जी हां, सैकण्डरी टीचर्स एसोसियेशन की संघर्ष समिति द्वारा बुक कराये गये एकसे पचास तारों का गन्तव्य स्थान को प्रेषण नहीं किया गया ।

(ख) यह तथ्य नहीं है कि तारघर ने तारों को बुक करने से इन्कार कर दिया, पर बुक करने के बाद यह पता लगा कि तार आपत्तिजनक हैं और इसलिए उनको रोक लिया गया ।

**Shri George Fernandes :** What type of dictatorship is this. Are you not ashamed of this

**(व्यवधान)**

**अध्यक्ष महोदय :** शान्ति, शान्ति । क्या आप कृपया बैठ जाएंगे ?

**कुछ माननीय सदस्य :** ऐसी क्या आपत्तिजनक बात है ? **(व्यवधान)**

**अध्यक्ष महोदय :** शान्ति, शान्ति । आप जानना चाहते हैं कि क्या आपत्तिजनक है । यह छोटी सी बात है । श्री कुण्डू का नाम सबसे ऊपर है । वे यह पूछ सकते हैं, मंत्री महोदय का कहना है कि यह आपत्तिजनक है और आप उनसे सहमत नहीं होते हैं । **(व्यवधान)**

**Shri George Fernandes :** There should be some limit. Is this their private property ?

**अध्यक्ष महोदय :** यह इस प्रश्न से सम्बन्धित नहीं है । मुझे सब कुछ निकालना पड़ेगा । शान्ति, शान्ति । यह एक छोटी सी बात है । उनका कहना है कि यह आपत्तिजनक बात है और आप उनसे सहमत नहीं हैं । यहां चार नाम दिए हुए हैं । श्री कुण्डू उठ कर यह पूछ सकते हैं कि आपत्तिजनक क्या है । यह एक मामूली सी बात है । परन्तु आप सब जोर से बोलने लगते हैं । श्री कुण्डू को शीघ्र ही मौका मिलेगा और वे इसके बारे में पूछ सकते हैं ।

**डा० राम सुभग सिंह :** (ग) इन सभी तारों का मजमून आपत्तिजनक होने के कारण उनका सक्षम प्राधिकारी की सलाह से भारतीय तार अधिनियम की धारा 5(1) (ख) के अन्तर्गत रोक लिया गया ।

**श्री कुण्डू :** यह शर्म और दुःख की बात है, हम लोकतंत्र में रह रहे हैं और उत्तर-प्रदेश के हजारों अध्यापकों को अपना संदेश अधिकारियों को नहीं भेजने दिया गया क्योंकि मंत्री महोदय का कहना है कि ये तार आपत्तिजनक थे । यह ऐसा कार्य है जिसे तानाशाह भी करने में हिचकिचाएगा, मंत्री महोदय की तो क्या बात है । हजारों अध्यापक जेल में बन्द है । हर रोज वे हमसे सरकार से बात करने के लिए प्रार्थना कर रहे हैं । परन्तु उन्हें शिक्षा मंत्री से नहीं मिलने दिया जाता है । मेरा पहला प्रश्न यह है कि तार में आपत्तिजनक क्या बात है और वे इसे सभा पटल पर रखें ।

**श्री जार्ज फरनेन्डीज :** तार में जो लिखा है उसे पढ़िये । **(व्यवधान)**

**डा० राम सुभग सिंह :** माननीय सदस्य श्री कुण्डू ने बहुत से विशेषणों का प्रयोग किया है । मैं इन सबका स्वागत करता हूं । मुझे उनकी बुद्धि पर दया आती है कि वे नियम को बदलने की परवाह नहीं करते । अगर उनके विचार तानाशाह जैसे नहीं होते तो वे इस नियम को लोकतंत्रीय तरीके से बदल सकते थे । वे हमें यह सबक सिखा रहे हैं कि हम लोकतंत्र में रह रहे हैं । परन्तु न तो श्री जार्ज फरनेन्डीज और न श्री कुण्डू ने नियम को बदलवाने की चिन्ता की है । **(व्यवधान)** आप यहां नाटक रचा रहे हैं । आपका व्यवहार शर्मनाक है क्योंकि आप इस सबको नाटक का रूप दे रहे हो । **(व्यवधान)**

**Shri George Fernandes :** The Britisher's blood is running in their veins.

**Shri Sita Ram Keshri :** Withdraw it.

**श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी :** प्रश्न के दूसरे भाग का उत्तर नहीं दिया गया है । तार में क्या था ? तार का विषय क्या है ? क्या वे इसको सभा पटल पर रखेंगे ?

**श्री राम सुभग सिंह :** मैं तार के विषय को सभा पटल पर रखूंगा ।

**श्री उमानाथ :** तार में क्या था ? यह क्यों आपत्तिजनक था ? उन्होंने इसका उत्तर नहीं दिया है । **(व्यवधान)**

**अध्यक्ष महोदय :** तार में क्या था ? वे इसको सुनना चाहते हैं ।

**डा० राम सुभग सिंह :** उसमें हड़ताल की सफलता पर बधाइयां दी हुई थी और हड़ताल को शान्तिपूर्वक जारी रखने को कहा गया था.....**(व्यवधान)**

**श्री उमानाथ :** इसमें आपत्तिजनक क्या था ?

**अध्यक्ष महोदय :** मैंने श्री उमानाथ को बोलने के लिए नहीं कहा है । श्री कुण्डू अपना दूसरा प्रश्न पूछें ।

**श्री कुण्डू :** अंग्रेजों ने 1885 में भारतीय तार अधिनियम को बनाया था । डा० राम सुभग सिंह ने कहा है कि ये तार रोक दिए गए थे । भारतीय तार अधिनियम की धारा 5, जिसका कि अंग्रेजों ने कानूनी रूप दिया, में कहा गया है कि सार्वजनिक आपात्कालीन स्थिति के होने में सरकारी अधिकारी इसको रोकने के लिए आवश्यक कदम उठा सकते हैं और ऐसा करने में उन्हें किसी विशेष अधिकारी से आदेश प्राप्त करना चाहिए और केन्द्र अथवा राज्य सरकार से, जैसा कि मामला है, इस बारे में सार्टिफिकेट लेना चाहिए । क्या उस समय उत्तर प्रदेश में सार्वजनिक आपात्कालीन स्थिति थी । तार के साथ ऐसी क्या बात थी ? इसमें हड़ताल के सफल होने के बारे में बधाई दी हुई थी । क्या उस समय कोई सार्वजनिक आपात्-कालीन स्थिति थी । अंग्रेजों ने कभी भी मनमाने ढंग से इसका प्रयोग नहीं किया । परन्तु यह सरकार 21 वर्ष के पश्चात इसका प्रयोग स्वेच्छा से कर रही है । मैं कहना चाहूंगा कि उन्होंने भारतीय तार अधिनियम की धारा 5 का दुरुपयोग किया है ।

**डा० राम सुभग सिंह :** यह राज्य सरकार की जानकारी में किया गया था । यह उत्तर प्रदेश के गृह मंत्रालय की जानकारी में किया गया है ।

**Shri Bibhuti Mishra :** Mr. Speaker, The term that the Britisher's blood is running in their veins may be expunged from the proceeding.

**Shri Prem Chand Verma :** Sir, we can also say that the Russian blood is there in them.

**Shri Randhir Singh :** This is not proper. We are Indians.

**Shri Sheo Narain :** Shri Fernandes is abusing.

**अध्यक्ष महोदय :** जो कुछ कहा गया है मैं उस पर विचार करूंगा। अगर कोई आपत्तिजनक बात होगी तो उसको निकाल दूंगा, मैं रिकार्ड को पढ़ूंगा। अगर कोई आपत्तिजनक बात होगी तो मैं उसको निकाल दूंगा। और यह प्रकाशित नहीं किया जायेगा।

**Shri Molahu Prashad :** The rules and regulations of the Britishers may also be removed.

**अध्यक्ष महोदय :** माननीय सदस्य को इस तरह खड़ा नहीं होना चाहिए। मैं उनके प्रश्न का उत्तर नहीं दे सकता। आपको 21 तारीख के बाद बाहर चिल्लाने के लिए काफी समय मिल सकता है।

**श्री स्वतंत्र सिंह कोठारी :** कोई अति-उत्साहित अधिकारी वहां अपने अधिकार का प्रदर्शन करना चाहता था और उसने जल्दी में काम किया। मैं कहना चाहूँगा कि यह संहिता कुछ पुरानी हो गई है। क्या मंत्री महोदय और सरकार इस मामले की ओर ध्यान देंगे और इस संहिता में आवश्यक संशोधन करके सभा के सामने रखेंगे ताकि संहिता में किसी कमी को दूर किया जा सके ? साथ में मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहूँगा कि क्या वे ऐसा कोई मापदण्ड निर्धारित करेंगे जिसके आधार पर जनता द्वारा दिए गए तार को अधिकारी लेने से इन्कार कर सकता है, क्योंकि संदेश को प्रेषित करना नागरिक का आधारभूत अधिकार है।

**डा० राम सुभग सिंह :** हम इस सुझाव को ध्यान में रखेंगे।

**Shri Raj Ray :** It is quite natural that such excitement is there on this question The officers have taken action inspite of the fact that there is a Indian Telegraph Act and also they do not admit that the people of India was given the right of forming Unions after the Constitution came into effect in 1950. So keeping in view this I want to know whether the Indian Telegraph Act will be revised and for this a legislation will be brought in the coming Budget Session ? May I know whether the action will be taken against the official who issued such order that the telegrams should be with held and who m sused his powers ?

**Dr. Ram Subhag Singh :** I have already replied half of the question raised by the Hon. Member in reply to the question of Shri Kothari. The officer is not at fault but I will looks into it. I can not give assurance to this House at present regarding the revision of the Indian Telegraph Act.

**Shri Sheo Narain :** Do not give him any assurance.

**श्री नन्द कुमार सोमानी :** ऐसा लगता है कि मंत्री महोदय ने अपने अफसरों में से एक अफसर के अविवेकपूर्ण कार्य को अपनी प्रतिष्ठा का प्रश्न बना रखा है। मैं उनसे यह अनुरोध करूंगा कि सरकार के इस सम्पूर्ण प्रश्न के संहिताकरण करने के आधार पर जिसमें सन्देश, चाहे वह अश्लील या अत्यधिक आपत्तिजनक अथवा राजद्रोह पूर्ण अथवा राष्ट्र विरोधी हो, पर पाबन्दी लगाने के अतिरिक्त और इन क्षेत्रों का सीमांकन करने के अतिरिक्त उन्हें सम्बन्धित अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही करनी चाहिए ताकि लोगों के सन्देश को प्रसारित करने के अधिकार को कायम रखा जाये।

**डा० राम सुभग सिंह :** वास्तव में मैंने इस प्रश्न का उत्तर दे दिया था जब श्री रवि राय ने ऐसा ही प्रश्न पहले पूछा था। मेरा ऐसा विचार नहीं है कि उस अधिकारी के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। जहां तक अधिनियम के समीक्षा और संहिताकरण का प्रश्न है, मैं इस बारे में कोई वचन नहीं देता परन्तु संसद उन सब संविधियों की समीक्षा करना चाहती है।

**श्रीमती सुशीला रोहतगी :** मैं नहीं जानती कि तार का विषय कैसे और क्यों आपत्तिजनक है। सम्बन्धित अधिकारी इसके कारणों को अच्छी तरह जानते होंगे। हम महसूस करते हैं कि यह इससे भी कुछ अधिक होगा। क्या मैं जान सकती हूं कि जब यह तार रोका गया था तो क्या इसके कारण अध्यापकों को बताये गये थे ताकि वे इसे दुबारा लिख कर दूसरा तार भेज सकते।

**डा० राम सुभग सिंह :** हमने न केवल कारण बताए थे अपितु हमने संयुक्त संघर्ष समिति से वह पैसा भी वापिस लेने को कहा था जो उन्होंने तार बुक करते समय जमा कराया था।

**Shri S. M. Banerjee :** Mr. Speaker, the telegram contained the news of the strike which had taken place. It was written that the strike was a success and asked them to go on peacefully as well as the other people were congratulated on the success of the strike. You have been editorials regarding that published in the newspapers. All the political parties congratulated the teachers for their peaceful strike which they carried on. Even our education Minister has said that the teachers carried on their agitation peacefully and no subversion had taken place. The telegram, which was just read out in the House, contains the congratulations given to other people for their peaceful strike. I think Dr. Ram Subhag Singh is a product of National Movement He is a national leader so I want to ask from him what was the justification for the withholding such telegram which was fully informative and there was no harm to the country by this ? Secondly, at such a time when thousands of teachers were arrested and the Governor, the Prime Minister and the education minister were trying that the strike might be ended and the problem solved then who issued the order for with holding this telegram. The name of that authority may be stated.

**Dr. Ram Subhag Singh :** I have earlier replied to the question that it w s done at the instance of the Secretary of the Home Department of Uttar Pradesh.

**श्री स० मो० बनर्जी :** मेरे प्रश्न के पहले भाग का उत्तर दिया जा सकता है। क्या मैं जान सकता हूं कि एक राष्ट्रीय नेता होने के नाते वे यह मानते हैं कि ऐसा करना गलत था।

**अध्यक्ष महोदय :** यह किसी उत्तर का प्रश्न नहीं है।

**श्री स. मो. बनर्जी :** He became angry when a member said that Britishers blood was running in their veins. But there is nothing in it. They are sitting here as a successor of English people.

**Shri Sheo Narain :** Every citizens has got fundamental rights as enumerated in the Indian Constitution. So I want to know whether he will withdraw this fundamental rights ? If the teachers had sent the telegram then what was the justification in withholding it and if it was allowed to be sent then whether the heaven would fall down ? Has

not that official interfered with the fundamental right of that citizen and whether the hon. Minister will call for an explanation from that responsible officer ?

**Dr. Ram Subhag Singh :** The Hon member has raised a very important question. I know he has got something for the teachers in his heart and he has made efforts to get the just demands conceded from the Prime Minister and the Education Minister. I will try to implement what is in his heart. I know he does not shed crocodile tears like Shri Fernandes.

**श्री सुरेन्द्रनाथ द्विवेदी :** अभी जो तार का विषय पढ़ कर सुनाया गया उससे पता चलता है कि इसमें कोई आपत्तिजनक बात नहीं थी। क्या मैं जान सकता हूं कि जब मन्त्री महोदय को यह प्रश्न मिला और उनको सम्बन्धित अधिकारियों से पूछ-ताछ करने के बाद जो सूचना मिली तो क्या यह उनके विचार में नहीं आया कि इसमें कोई आपत्तिजनक बात नहीं थी और क्या उन्होंने यह जानने का प्रयत्न किया कि यह रोका क्यों गया ? क्या यह इसलिए था कि डाक अधिकारियों को यह अनुदेश दिए गए थे कि जब तक हड़ताल जारी है, वे किसी भी एजेंसी द्वारा केन्द्रीय अधिकारियों अथवा दिल्ली को कोई तार अथवा सन्देश भेजने नहीं दें।

**डा० राम सुभग सिंह :** यह सब लखनऊ में हुआ, और ठीक-ठीक ब्यौरा देने की वजह से मैंने यह अल्प सूचना प्रश्न स्वीकार किया।

**श्री क० नारायण राव :** मुझे इसमें कुछ भी आपत्तिजनक बात नहीं लगती परन्तु सब ल धारा के उपबन्धों को भली-भांति लागू करने से है। जहां तक विशेषकर इस तार का सम्बन्ध है, हमने इसे पढ़ लिया है और हमें इस तार में कोई गलत बात नहीं लगी और न इसमें कोई आपत्तिजनक बात थी। इस सन्दर्भ में मैं यह जानना चाहूँगा कि सम्बन्धित अधिकारी द्वारा दिया गया आदेश एक ऐसा सामान्य आदेश है जिसमें हड़तालों से सम्बन्धित तारों को भेजना निषिद्ध है अथवा यह किसी व्यक्ति के तार के वांछनीयता देखने के अपने निर्णय पर है इन सब बातों को देखते हुए क्या सरकार मामले पर आगे विचार करेगी और यह देखेगी कि अगर सामान्य आदेश भी जारी किया जाता है तो इसको स्वीकार करने से पूर्व इस आदेश के गुण-दोषों पर भी विचार किया जायेगा।

**डा० राम सुभग सिंह :** ऐसा कोई सामान्य आदेश नहीं है। जब कभी किसी अधिकारी को सन्देह होता है तो वह समुचित राज्य के अधिकारी से सलाह-मशविरा करता है और यह इसी के अनुसरण में किया गया, फिर भी जैसा कि माननीय सदस्य ने सुझाया है, मैं इस मामले पर विचार करुंगा।

**श्री एस० कंडप्पन :** हम अभी तक यह समझते आये थे कि तार विभाग का कर्त्तव्य सन्देशों को भेजना है, परन्तु दुर्भाग्यवश, हमें आज ये मालूम हुआ है कि यह विभाग पत्रों तथा तारों की जांच भी करता है कि उनको भेजा जाये अथवा रोक दिया जाये। यह बड़ा गम्भीर मामला है।

इसके दूरगामी परिणाम होंगे। लखनऊ में हुई घटनाओं को देखते हुए क्या सरकार स्पष्ट आश्वासन देने के लिए तैयार है कि तार में लिखी बातें आपत्तिजनक होने पर भी डाक

और तार विभाग को तार की न तो जांच पड़ताल ही करनी चाहिए और न उसे रोकना ही चाहिए। हो सकता है कि डाक और तार विभाग को यह अधिकार हो कि वह तार में लिखी बातों के बारे में गृह-कार्य मन्त्रालय को सूचित करे किन्तु उसको तार की छानबीन करने का कार्य स्वयं अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए ? मैं इस सम्बन्ध में सरकार का दृष्टिकोण जानना चाहता हूं।

**डा० राम सुभग सिंह :** मैं इसे स्वाकार करता हूँ। यह हमारा दुर्भाग्य है कि हमें राज्य के अधिकारियों के कहने के अनुसार कार्य करना पड़ता है।

**श्री एस० कंड़प्पन :** मेरे प्रश्न का उत्तर नहीं दिया गया है। इस विभाग विशेष के सम्बन्ध में सरकार को राज्य के अधिकारियों पर निर्भर नहीं करना चाहिए।

**डा० राम सुभग सिंह :** बुकिंग क्लर्क अथवा केन्द्रीय तार कार्यालय के अधिकारी द्वारा इसकी छानबीन नहीं की गई थी किन्तु उसने सम्बन्धित अधिकारी से सलाह लेने के बाद ही तार को रोका था और सम्बन्धित व्यक्ति को सूचित कर दिया गया था।

**श्री शिवाजी राव शं० देशमुख :** मैं मन्त्री महोदय का ध्यान इस सम्बन्ध में उच्चतम न्यायालय द्वारा हाल में दिये गये एक निर्णय की ओर दिलाता हूं। बिहार के गन्ना आयुक्त को बिहार विनियमों के अन्तर्गत कोई प्रतिबन्ध विशेष को लगाने अथवा उठाने के मामले में अपने विवेक का प्रयोग करना था। मुख्य मन्त्री ने आदेश दिया था कि यह विवेक एक विशेष तरीके से प्रयोग किया जाना चाहिये और तद्नुसार गन्ना आयुक्त ने अधिसूचना जारी कर दी थी। उच्चतम न्यायालय ने निर्णय दिया था कि मुख्यमंत्री के कहने पर इस प्रकार निर्णय लेना कानूनी रूप से गलत है। अतः इस मामले में भी डाक तथा तार विभाग द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार के कहने पर इस प्रकार का कार्य करना भी गलत था। क्या सरकार का विचार इस निर्णय के आधार पर इसके लिये उत्तरदायी अधिकारी के विरुद्ध अपने विवेक का इस प्रकार प्रयोग करने को अनुशासनहीनता के बराबर मानने के कारण कोई कार्यवाही करने का है ?

**डा० राम सुभग सिंह :** अनुशासनहीनता नहीं। मैं इस मामले की जांच करूंगा।

**Shri Kanwar Lal Gupta :** What was the public emergency involved in the telegram according to the section in respect of Public Emergency read out by the hon. Minister ? It was misinterpreted by the officer concerned. Will the Government will issue detailed instructions to post-officer so that such telegrams should not be with held in future ?

**Dr. Ram Subhag Singh :** I have already replied to this question.

**श्री तेन्नेटि विश्वनाथम :** मन्त्री महोदय गृह विभाग द्वारा उनके विभाग को दी गई सलाह पर निर्भर कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के गृह विभाग का यह कार्य नहीं था कि वह डाक विभाग को, जो कि पूर्णतः केन्द्रीय सरकार के अन्तर्गत है, सलाह देते नहीं है। किन्तु अधि– नियम में संशोधन करने से पहले क्या डाक विभाग के अधिकारियों को हिदायतें दी जायेंगी कि किसी सन्देश को भेजने से तब तक न रोका जाये जब तक कि उसमें आपत्तिजनक अथवा

अश्लील भाषा का प्रयोग न किया गया हो अथवा वह हिंसा भड़काने वाला न हो ? हम मन्त्री महोदय से इस सम्बन्ध में आश्वासन चाहते हैं ।

**डा० राम सुभग सिंह :** मैं बहुत सोच समझ कर अपनी शक्ति का उपयोग करता हूं मैं समझता हूं कि मैं कभी अपनी शक्ति का गलत उपयोग नहीं करूंगा ।

**Shri Bibhuti Mishra :** May I know whether Government propose to take against the persons who use absurd language in telegram because people deleberately use such language ?

**Dr. Ram Subhag Singh :** I will look deep into the matter after having detailed information from the hon. Member.

**Shri Prakash Vir Shastri :** Mr. Speaker, Sir being a representative of Uttar Pradesh in this House I am fully aware about the teachers' agitation. The teachers resolved at the time of beginning of the agiti itatio in case the agitation takes the turn toward violence, they wculd end the ag titation. May I know whether the Home Department of Uttar Pradesh received such information that the word peacefully meant to create unrest which compelled the Department to issue instructions to the Postal Department- to with hold the telegram ? Was it not proper for ycur Department to use its discretion as to how far the decision of Home Department was correct ?

**Dr. Ram Subhag Singh :** That is all right, But I don't think neces ary to answer it.

# प्रश्नों के लिखित उत्तर

## WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

### वैदेशिक-कार्य मंत्रालय में दुभाषिये

*818. **श्री कामेश्वर सिंह :** क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय वैदेशिक सेवा के कुल कितने अधिकारी विदेशी भाषाएं (अंग्रेजी से भिन्न) जानते हैं तथा सर्वोच्च राजनयिक मिशनों में उन मिशनों के अध्यक्षों के साथ जाने के योग्य है ; और

(ख) दुभाषियों पर प्रतिवर्ष कुल कितना धन खर्च किया जाता है तथा उनकी संख्या कितनी है ?

**वैदेशिक-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ब० रा० भगत) :** (क) भारतीय विदेश सेवा के 294 अधिकारियों में से 224 ने उन्नत स्तर पर विदेशी भाषा में योग्यता प्राप्त कर ली है । बाकी में से प्राय: सभी के कम-से-कम एक विदेशी भाषा का कार्यकारी ज्ञान है । प्रतियोगिता परीक्षाओं के परिणामों के आधार पर जो लोग सीधे ही भारतीय विदेशी सेवा में लिए जाते हैं उन सभी के लिए अब अंग्रेजी के अतिरिक्त एक अन्य विदेशी भाषा का उच्च स्तर का ज्ञान अनिवार्य कर दिया गया है ।

(ख) विदेश-स्थित भारतीय मिशनों। केंद्रों में 103 व्यक्ति दुभाषिया-एवं-अनुवादक के रूप में नियोजित हैं। सरकार उनपर 18,26,425।-रु० खर्च करती है, इसके अतिरिक्त विदेश मंत्रालय में भी 6 दुभाषिए और अनुवादक हैं। उनपर 53,135।—रु० का वार्षिक खर्च है।

**आकाशवाणी के कार्यक्रम**

*817. **श्री स० चं० सामन्त :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आकाशवाणी द्वारा अपने कार्यक्रमों में, विशेषकर विविध भारती कार्यक्रम में, पुराने और घिसे पिटे कार्यक्रमों का प्रसारण बार-बार किये जाने के क्या कारण हैं, और

(ख) आकाशवाणी के कार्यक्रमों को सुधारने और इनकी प्रबन्ध व्यवस्था विचारशील, कार्यकुशल और दक्ष व्यक्तियों के हाथों में सौंपने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) :** (क) एक प्रसारण संगठन के लिए कार्यक्रमों को बार-बार प्रसारित करना निम्न कारणों से असाधारण बात नहीं है :-

(1) श्रोताओं की मांग,

(2) प्रोग्राम एक्सचेंज की मार्फत अन्य केन्द्रों द्वारा अपने श्रोताओं के लाभ के लिए मांगें,

(3) धन की कमी, और

(4) विभिन्न समयों पर विभिन्न श्रोताओं के लिए।

(ख) आकाशवाणी के कार्यक्रमों में सुधार करने के लिऐ उनका निरंतर पुनरीक्षण होता रहता है। इसके लिए कार्यक्रम सम्बन्धी व्यक्तियों को भर्ती निर्धारित नियमों के अनुसार की जाती है

**समवाय-कार्य विभाग**

*818. **श्री हरदयाल देवगुण :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगी कि :

(क) क्या यह सच है कि प्रशासनिक सुधार आयोग ने समवाय-कार्य विभाग को वित्त मंत्रालय में स्थानान्तरित करने की सिफारिश की है ;

(ख) यदि हां, तो इस विभाग को वित्त मंत्रालय में स्थानान्तरित करने के लिये प्रशासनिक सुधार आयोग ने क्या कारण बताये हैं ; और

(ग) इसके बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) :** (क) जी हां।

(ख) भारत सरकार के शासन-तंत्र तथा कार्य-विधि के बारे में आयोग के प्रतिवेदन के पैराग्राफ (कंडिका) 206 की ओर ध्यान दिलाया जाता है जिसकी एक प्रति 13-11-1968 को अतारांकित प्रश्न संख्या 413 के उत्तर के रूप में सदन के पटल पर रखी गई थी।

(ग) प्रतिवेदन की समीक्षा की जा रही है।

**Hindon Airport**

*819. **Shri Prakash Vir Shastri** : Will the Minister of **Defence** be pleased to state :

(a) whether the compensation in respect of the land which was acquired for Hindon Airport has been fully paid ;

(b) if not, the reasons therefor ;

(c) whether it is a fact that the farmers are facing great inconvenience due to the non-receipt of compensation and rent in respect of their land ; and

(d) when a final decision is likely to be taken in this regard ?

**The Minister of Defence (Shri Swaran Singh)** : (a) and (b): Compensation in respect of about 86% of the land has been determined by the Land Acquisition Collector at Rs. 102.4 lakhs. Compensation for tr es; groves, houses, wells, kilns, etc and the remaining land has however still to be determined.

Approximately Rs. 89 lakhs have been disbursed. A further amount of approximately Rs. 12 lakhs has been disbursed "on account" in respect of compensation yet to be determined. The disbursement of the balance of the awarded compensation has not yet been made due non-production of succession certificate, Whereabouts of the entitled persons not being known etc.

(c) and (d): Some inconvenience must be caused to the owners whose compensation has not yet been determined or has been determined but not yet disbursed. The Collector and the local authorities have been requested to expedite the disbursement and determination of the compensation.

## भारतीय भाषाओं में विदेशी प्रसारण

*820. **श्री भोगेन्द्र झा** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) आकाशवाणी से कितनी भारतीय भाषाओं में विदेशी प्रसारण किया जाता है और प्रत्येक भाषा में प्रसारण के लिये कितना समय दिया जाता है,

(ख) आकाशवाणी से कितनी विदेशी भाषाओं में प्रसारण किया जाता है और प्रत्येक भाषा में प्रसारण के लिये कितना समय नियत किया जाता है, और

(ग) क्या चीन गणतंत्र का जनता को भारत की नीतियों का दृढ़ता से परिचय कराने के लिये चीनी भाषा में कोई कार्यक्रम प्रसारित किया जाता है ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह)** : (क) आकाशवाणी से उसकी विदेश सेवा में प्रतिदिन निम्नलिखित चार भारतीय भाषाओं में प्रसारण किये जाते हैं। प्रत्येक भाषा में प्रसारण की अवधि उसके सामने दी गई है।

| | घण्टे-मिनट |
|---|---|
| हिन्दी | 2–30 |
| तंमिल | 1–45 |
| गुजराती | 1–00 |
| कोंकणी | 0–10 |

(ख) प्रत्येक भाषा के सामने दी गई अवधि के लिये निम्नलिखित पन्द्रह भाषायें है :–

| | घण्टे मिनट |
|---|---|
| अंग्रेजी | 9–45 |
| फ्रैंच | 1–00 |
| बर्मी | 1–35 |
| इण्डोनेशियाई | 1–00 |
| कैन्टोनी | 0–45 |
| क्यूओयू | 0–15 |
| अरबी | 1–30 |
| फारसी | 1–15 |
| पुश्तो | 1–30 |
| अफगन (फारसी) | 0–30 |
| नेपाली | 1–15 |
| तिब्बती | 1–00 |
| सिंहाला | 0–30 |
| स्वाहिली | 0–30 |
| थाई | 0–20 |

(ग) जी, हां ।

## आकाशवाणी द्वारा समाचारों का प्रसारण

*821. **श्री श्रीचन्द गोयल : क्या सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आकाशवाणी ने प्रयत्न किया था कि समाचारपत्रों की दो महीने की हड़ताल की अवधि में समाचारों के प्रसार में कमी न आने पाये इसलिए समाचार प्रसारण कार्यक्रम में परिवर्तन के द्वारा समाचार प्रसारणों को अधिक समय दिया जाय,

(ख) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है, और

(ग) 1965 और 1968 में आकाशवाणी द्वारा समाचारों के लिए औसतन कितना समय दिया जाता था ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह)** : (क) और (ख): जी, हां। यद्यपि समाचार बुलेटिनों की संख्या और उनके प्रसारण का समय नहीं बढ़ाया गया था पर इस बात की कोशिश की गई कि खबरें छोटी-छोटी करके ज्यादा कर दी जाएं और उपलब्ध समय के अन्दर अधिक से अधिक खबरें दी जाएं।

(ग) 1965 में खबरों को 21.9 प्रतिशत दिया जाता था और 1968 में 22.7 प्रतिशत 1968 में आकाशवाणी से प्रतिदिन कुल 132 बुलेटिन प्रसारित होते थे। 1968 में आकाशवाणी प्रतिदिन 179 समाचार बुलेटिन प्रसारित कर रहा है।

## आधुनिक युद्ध में नेपाम बमों का प्रयोग

*822. **श्री स्वतन्त्र सिंह कोठारी** : क्या **प्रतिरक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि आधुनिक युद्ध में नेपाम बमों का खुल कर प्रयोग हो रहा है ;

(ख) यदि हां, तो उन बमों के निर्माण के लिये सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ; और

(ग) क्या नेपाम बमों से बचने के लिए कोई रक्षात्मक उपाय सम्भव है और यदि हां तो क्या सरकार उन उपायों का प्रयोग में ला रही हैं ?

**प्रतिरक्षा मंत्रालय में (प्रतिरक्षा उत्पादन) राज्य मंत्री (श्री ला०ना० मिश्र)** : (क) से (ग): हाल के वर्षों में युद्ध में नेपाम बमों का प्रयोग किया गया है। नेपाम बमों के विरूद्ध रक्षा के सीमित उपाय ही शक्य हैं ; और हमारे रक्षा प्रबंधों को शत्रु द्वारा ऐसे बमों के प्रयोग की संभावना का ध्यान है।

## Development of Indian Navy

*823. **Shri Raghuvir Singh Shastri** : Will the Minister of Defence be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Indian Navy is lagging far behind as compared to that of the neighbouring countries from the view point of military equipment and naval force ;

(b) whether it is also a fact that out of the three Indian Forces, the Navy has made slow progress ; and

(c) the scheme formulated by Government for all round development of the Indi. n Navy ?

**The Minister of Defence (Shri Swaran Singh)** : (a) No, Sir

(b) and (c) : The development of the three Services and the allocations made therefor depend upon the nature of the threat facing the country. In this context the Navy may have received less attention in the past, but it is now receiving proportionately greater attention, both to strengthen it and to modernise the Fleet.

### Import of English Films

*824 **Shri Om Prakash Tyagi :** Will the Minister of **Information and Broadcasting** be pleased to state :

(a) whether Government's attention has been drawn to the fact that the foreign films being imported at present propagate violence and are sex provoking which is totally against the Indian traditions ;

(b) if so, whether Government propose to allow import of fimls of educational value in future ; and

(c) if not, the reasons therefor ?

**The Minister of Information and Broadcasting (Shri K.K. Shah) :** (a) It will not be correct to state that the foreign films which are being shown in the country to-day generally depict violence and sex. Films are a visual depiction of themes intended to portray the way of life, social custome and behaviour of the country of location. Nevertheless some films depicting violence and sex have been imported into the country in recent years ; a large number by the Indian importers under the Export Entitlement Scheme. Necessary steps have been taken to ban import of films under this category.

The Central Board of Film Censors, however, exercises due caution in certifying films for exhibition keeping in view the general guidelines prescribed. An Enquiry Committee is currently reviewing the entire question of censorship in the light of the needs of artistic expression, country's social culture and tradition.

(b) and (c) This is already being done.

### भारतीय नौसेना का आधुनिकीकरण

*825. **डा० सुशीला नैयर :** क्या **प्रतिरक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1968–69 में भारतीय नौसेना को आधुनिक बनाने संबंधी कोई प्रस्ताव विचाराधीन हैं ;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) उस पर कितना धन व्यय किये जाने की संभावना है ?

**प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) :** (क) से (ग): नौसेना का आधुनिकीकरण एक निरन्तर प्रक्रिया है । सरकार ने 1965–66 से कई पग उठाए हैं जैसे कि नए पोतों की प्राप्ति फ्रिगेटों, सुरंगविध्वसंकों, सागर में जाने वाली रक्षा नौकाओं, टगों और अन्य सैनिकपोतों का निर्माण, एक पनडुब्बी अंग की स्थापना, गोआ, पोर्टब्लेयर और विशाखापत्तनम में अड्डों को सुविधाओं का विकास इत्यादि ।

विभिन्न निर्माण कार्यों, नौसेना डाकयार्ड के प्रसार, छोटे पोतों के अतिरिक्त पोतों के क्रय के लिए रक्षा कैपिटल औटले के अधीन नौसेना के लिए 1968–69 के बजट में 18 64 रूपये का उपबंध किया गया है ।

**चीन अधिकृत क्षेत्रों के बारे में अमरीका में उप प्रधान मंत्री का वक्तव्य**

*826. **श्री ज्योतिर्मय बसु** : क्या **वैदेशिक-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारत के उप प्रधान मंत्री ने 2 अक्तूबर, 1968 को वाशिंग्टन में कहा था कि चीनी सेनाएं, जिन्होंने भारत के उत्तरी क्षेत्र पर कब्जा कर रखा हैं, यदि समझौते द्वारा वहां से नहीं हटती तो उनको बाहर धकेलना पड़ेगा ;

(ख) यदि हां, तो उप प्रधान मंत्री को इस विशेष अवसर पर ऐसा वक्तव्य किन विशिष्ट कारणों से देना पड़ा ; और

(ग) यदि भाग (क) का उत्तर नकारात्मक हैं तो 2 अक्तूबर, 1968 को वाशिंग्टन में दिये गये उनके वक्तव्य का ठीक ठीक मजमून क्या है ?

**वैदेशिक-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ब० रा० भगत)** : (क) से (ग): 2 अक्तूबर, 1968 को वाशिंग्टन में नेशनल प्रेस क्लब द्वारा आयोजित दोपहर के भोज में उप प्रधान मंत्री से चीन भारत संबंधों पर कई प्रश्न पूछे गए थे । इसके जवाब के दौरान उप प्रधान मंत्री ने अन्य बातों के साथ-साथ यह भी कहा था कि चीनियों को उस क्षेत्र से हटाया ही जाना चाहिए जिस पर उन्होंने कब्जा कर लिया है, उन्होंने यह आशा भी व्यक्त की कि किसी दिन भारत ऐसा करने में समर्थ होगा । उन्होंने यह भी कहा कि अगर चीनी इस क्षेत्र को खाली करने को राजी नहीं होते तो भारत को उन्हें बाहर धकेलना होगा । उप प्रधान मंत्री ने यह भी कहा कि भारत किसी समस्या को युद्ध के जरिये सुलझाने में तो विश्वास नहीं करता लेकिन साथ ही वह ताकत के सामने घुटने टेकने में भी विश्वास नहीं करता ।

**19 सितम्बर, 1968 को सरकारी कर्मचारियों की हड़ताल के बारे में फिल्म**

*827. **श्री मणिभाई जे० पटेल** : क्या **वैदेशिक कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 19 सितम्बर 1968 को केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों की हड़ताल के दिन दिल्ली के इंद्रप्रस्थ भवन तथा अन्य स्थानों पर कुछ विदेशियों अथवा भारतीयों द्वारा एक फिल्म बनाई गई थी अथवा फिल्म के शाट लिए गये थे ;

(ख) क्या यह हाल ही में जापान तथा अमरीका अथवा कुछ अन्य देशों में दिखाई जा रही हैं अथवा दिखाई गई है :

(ग) क्या ऐसे अवसरों पर विदेशी फोटोग्राफरों को 'शाट' लेने तथा फिल्में बनाने की अनुमति है ; और

(घ) यदि नहीं, तो क्या इस मामले में सरकार द्वारा अनुमति दी गई थी ।

**वैदेशिक-कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ब० रा० भगत)** : (क) से (घ): इंद्रप्रस्थ भवन के आसपास फोटो लेने पर कोई पाबंदी नहीं हैं । हो सकता है कि कुछ भारतीय अथवा विदेशी अखबार वालों ने या टेलिविजिन वालों ने 19 सितंबर, 1968 को जब कुछ केंद्रीय

कर्मचारियों ने हड़ताल की थी उस समय चित्र लिए हों। सरकार की कहीं ऐसी किसी फिल्म के दिखाए जाने के समाचार नहीं मिले हैं।

**Books Published and Broadcasts Made in Ladakhi Language**

*828: **Shri Kushak Bakula :** Will the Minister of **Information and Broadcasting** be pleased to state :

(a) the names and number of books published in Ladakhi language under the National Book Trust and Joy Book Trust scheme to publish books in the various Indian languages ;

(b) the details regarding the programme being broadcast in Ladakhi language from the Delhi station of the All India Radio ;

(c) the manner in which time is allotted to these programmes daily or weekly ;

(d) whether talks and speeches regarding social, cultural, economic and industrial aspects of Ladakh are also organised in the programmes ; and

(e) if no programmes are broadcast in Ladakhi language, the reasons therefor ?

**The Minister of Information and Broadcasting (Shri K. K. Shah) :** (a) The National Book Trust have so far not published any book in the Ladakhi language nor is there any such proposal before the Trust at present. Enquiries are being made regarding Joy Trust.

(b) No programme in Ladakhi language is broadcast from the Delhi Station of All India Radio.

(c) and (d): Do not arise.

(e) This is due to the reason that Delhi Station has its own regional programme pattern to cater to the needs of listeners speaking Hindi, Haryana, Braj, Urdu and Punjabi in addition to its programmes in English.

**गाजियाबाद में फिल्म उद्योग-समूह**

*829. **श्री बसुमतारी :**
**श्री सीताराम केसरी :**

क्या **सूचना और प्रसारण** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि दिल्ली के निकट गाजियाबाद में एशिया के सबसे बड़े फिल्म उद्योग समूह की आधार-शिला रखने का निर्णय किया गया है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि वहां पर आधुनिकतम स्टूडियों के अतिरिक्त, एक फिल्म संस्थान होगा जो भारत में इस तरह की दूसरी संस्था होगी और लन्दन में मैडम तुसा के संग्रहालय की तरह का एक मोमी संग्रहालय भी होगा ; और

(ग) क्या यह भी सच है कि इस संस्था का संचालन केन्द्रीय सरकार के द्वारा किया जायेगा और इस में कलाकारों, कैमरामेनों टेलीविजन विशेषज्ञों आदि को प्रशिक्षित किया जायेगा ?

**सूचना और प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह)** : (क) और (ख) : इस बारे में 27 नवम्बर, 1968 को सदन में पूछे गये प्रश्न संख्या 2353 के उत्तर की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है। उत्तर प्रदेश सरकार के अनुसार योजना में एक मोमी संग्रहालय या फिल्म संस्थान स्थापित करने का कोई विचार नहीं है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

## अणु-शक्ति

*830. **श्री नरेन्द्र सिंह महीडा** : **क्या प्रधान मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि अणु-शक्ति की रचनात्मक संभावनाओं पर विचार करने के लिए वाशिंगटन में हाल ही में एक अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन किया गया था ;

(ख) यदि हां, तो उसमें क्या निर्णय किये गये थे ; और

(ग) उन निर्णयों को देश में क्रियान्वित करने के बारे में सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है या की जा रही है ?

**प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गान्धी)** : (क) जी हां।

(ख) और (ग) : सम्मेलन का उद्देश्य अब तक की गई प्रगति पर पुनर्विचार करना तथा भविष्य की समस्याओं का अनुमान लगाना था। इसमें कोई निर्णय करने का प्रश्न उत्पन्न नहीं हुआ।

## इसराइल के प्रतिरक्षा मन्त्री की पत्नी के लिये बीजा

*831. **श्री श्रद्धाकर सुपकार** :
**श्री हेम बरुआ** :

**क्या वैदेशिक-कार्य मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या इसराइल में प्रतिरक्षा मन्त्री की पत्नी मिसेस मोशे दयान ने भारत दौरा करने के लिये बीजा के लिये आवेदन किया था और क्या उन्हें बीजा नहीं दिया गया था ;

(ख) क्या इसके बावजूद वह जब भारत आई तो उन्हें लगभग तीन सप्ताह के लिये अस्थायी बीजा दे दिया गया ; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण थे ?

**वैदेशिक-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री ब० रा० भगत)** : (क) से (ग) : विकासमान देशों की अर्थ व्यवस्था के लिए दस्तकारी के महत्व पर अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा 4 नवम्बर से 16 नवम्बर दिल्ली में आयोजित गोष्ठी में शामिल होने के लिए श्रीमती दयान ने भारत में तीन सप्ताह तक ठहरने के लिए बीजा के लिए आवेदन किया था। बीजा

दिये जाने के निर्णय को उन तक पहुंचाया जाये उसके पूर्व ही वे इसराईल से 1 नवम्बर को रवाना होकर 2 नवम्बर को नई दिल्ली पहुंच गयी। इसलिए उनको हवाई अड्डे पहुंचने पर ही बीजा दिया जाना था। इन तथ्यों के प्रकाश में जैसा कि माननीय सदस्य का ख्याल है यह कहना उचित नहीं होगा कि श्रीमती दयान को बीजा नहीं दिया गया।

## नेहरु लियाकत अली समझौता

*832. **श्री प्र० र० ठाकुर :** क्या **वैदेशिक-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को स्वर्गीय प्रधान मन्त्री जवाहरलाल नेहरु द्वारा 7 अगस्त, 1950 को इस सभा में की गई इस स्पष्ट घोषणा की जानकारी है कि नेहरु लियाकत अली समझौता एक ऐसा कानून नहीं है जिसमें परिवर्तन नहीं किया जा सके अपितु यदि आवश्यक हो तो सरकार इस समझौते के कंडिकाओं या अनुच्छेदकों में परिवर्तन कर सकती है।

(ख) क्या सरकार ने अब तक करार के कार्यकरण के बारे में समय समय पर वस्तुतः कोई मूल्यांकन अथवा पुनर्विचार किया है और 1950 के इस समझौते की विभिन्न धाराओं में कोई परिवर्तन संशोधन किये हैं ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

**वैदेशिक-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री ब० रा भगत) :** (क) जी हां। लेकिन प्रधान मन्त्री ने उसी बयान में इसका भी संकेत किया था कि इस करार का महत्व इसकी पहुंच में है न कि करार के इस या उस अनुच्छेद में।

(ख) और (ग) : नेहरु लियाकत करार की कार्यान्विति का समय समय पर पुनर्विलोकन किया है। यद्यपि पाकिस्तान ने न तो भाषा द्वारा और न भाव द्वारा ही इसका पालन किया फिर भी इस करार को समाप्त करने की बात नहीं सोचती चूंकि यह सही सिद्धान्तों पद आधारित और सही पहुंच का मूर्तरूप है।

## पाकिस्तान द्वारा हिन्दुओं को पारपत्र देना

*833. **श्री बाबूराव पटेल :** क्या **वैदेशिक-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पाकिस्तान में रहने वाले हिन्दू सामाजिक तथा राजनैतिक नेताओं तथा व्यापारियों को भारत में अपने सम्बन्धियों से मिलने आने के लिये पारपत्र नहीं दिये गये हैं ;

(ख) इस सम्बन्ध में हमारी सरकार ने क्या विरोध प्रकट किया है और क्या हमारी सरकार का विचार जवाबी कार्यवाही करने का है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**वैदेशिक-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री ब० रा० भगत)** : (क) भारत आने के लिये पासपोर्ट लेने में पाकिस्तान के अल्प संख्यक समुदायों के सदस्यों को जो कठिनाइयां होती हैं उनके प्रति भारत सरकार सजग है।

(ख) और (ग): सरकार ने पाकिस्तान सरकार से बार बार यह कहा है कि दोनों देशों के बीच सम्बन्धों को सामान्य करने की दिशा में एक कदम के रुप में दोनों देशों के बीच आवागमन को सुविधाजनक बनाएं।

**बाढ़ में पश्चिमी पाकिस्तान को बह गये व्यक्ति**

*834. **श्री हिम्मतसिंहका :**
**श्री सु० कु० तापड़िया :**

क्या **वैदेशिक-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पूर्वी पाकिस्तान के क्षेत्र में अभी हाल की बाढ़ में जलपाईगुड़ी तथा उत्तरी बंगाल के जिलों में बह गये कई व्यक्तियों के बारे में प्रधान मन्त्री को अवगत कराने के लिये इस वर्ष नवम्बर, 1968 के दूसरे सप्ताह में कई संसद-सदस्य उनसे मिले थे;

(ख) सरकारी सूचना के अनुसार इस प्रकार कितने व्यक्ति लापता है तथा उनके नाम क्या हैं ; और

(ग) ऐसे कितने व्यक्तियों के बारे में पाकिस्तान से सूचना प्राप्त हो गई है और उनमें से कितने वापिस आ गये हैं ?

**वैदेशिक-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री ब० रा० भगत)** : (क) जी हां।

(ख) और (ग) : आधिकारिक सूचना केवल वासुदेव मंडल नामक एक लड़के के विषय में प्राप्त हैं, जिसे पाकिस्तान में बचाया गया था और वह भारत लौट आया। दिल्ली के डा० एस० के० बागची की पत्नी श्रीमती बागची के विषय में भी एक खबर मिली है जो अक्टूबर, 1968 में उत्तरी बंगाल की बाढ़ द्वारा वहां ली गयी थी और कहा जाता है कि वह जीवित है। पाकिस्तानी अधिकारियों ने अभी तक उस रिपोर्ट की पुष्टि नहीं की है। भारत सरकार पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ इस मामले पर सक्रिय ढंग से बातचीत कर रही है

**Rehabilitation of Civilians Living in Cantonme..t Areas**

*835. **Shri Ram Singh Ayarwal :** Will the Minister of Defence be pleased to state :

(a) whether it is a fact that Government have issued orders for not allowing the civilians living in the cantonment areas to resettle there and if so, the details of the scheme for their rehabilitation;

(b) whether it is also a fact that towns of Saugar and Jabalpur have been kept as an exception in this respect ;

(c) whether it is further a fact that thousands of acres of inhabited land will be desolated as a result thereof ; and

(d) if so, whether it is proposed to allot forest land in lieu thereof ?

The Minister of Defence (Shri Swaran Singh) : (a) No, Sir.

(b) to (d) : Do not arise.

## पाकिस्तान को रूस से परमाणु सहायता

*836. श्री विश्वनाथ पाण्डेय :
श्री चेंगलराया नायडू :
श्री म० ला० सोंधी :

क्या वैदेशिक-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह भी सच है कि रूस पाकिस्तान को परमाणु सहायता देने के लिए सहमत हो गया है ; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

वैदेशिक-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री ब० रा० भगत) : (क) और (ख) : पाकिस्तान ऐटामिक ऐनर्जी कमीशन के चेयरमैन ने 17 नवम्बर को कराची में जो बयान दिया था उसके अनुसार, अणु ऊर्जा के शान्तिपूर्ण उद्देश्यों के उपयोग के बारे में पाकिस्तान और सोवियत संघ के बीच सहयोग के विषय में दोनों देशों के बीच, मार्च 1969 में एक द्विपक्षीय करार सम्पन्न होने की आशा है । शान्तिपूर्ण उद्देश्यों के लिए अणु ऊर्जा के इस्तेमाल के क्षेत्र में इस प्रकार का द्विपक्षीय सहयोग कोई नई बात नहीं है ।

## गंगा नदी पर पाकिस्तान का दावा

*837. श्री महन्त दिग्विजय नाथ : क्या वैदेशिक-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पाकिस्तान ने दावा किया है कि गंगा नदी उस के प्राकृतिक साधनों में से है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि पाकिस्तान ने गंगा नदी पर भारत के दावे को अन्तर्राष्ट्रीय कानून के विरुद्ध बताया है ; और

(ग) यदि हां, तो पाकिस्तान के इस प्रकार के प्रचार और दावों को रोकने के लिये भारत सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

वैदेशिक कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री ब० रा० भगत) : (क) से (ग) : अगर माननीय सदस्य का अभिप्राय यह है कि पाकिस्तान ने समूची गंगा नदी पर दावा किया है तो उसका उत्तर 'नहीं' होगा ।

इस नदी के बारे में पाकिस्तान का दावा चाहे कुछ भी हो, भारत की स्थिति सभी संबद्ध पक्षों को स्पष्ट बता दी गई है कि इस नदी की लम्बाई का, जिस इलाके में यह बहती है, उसका, जो लोग इस पर निर्भर करते हैं उनका, और गंगा के जल में भारत के योगदान

का और हमारे देश की कुल आर्थिक और सामाजिक आवश्यकताओं का जहां तक प्रश्न है, गंगा प्रायः सम्पूर्ण रूप से भारतीय नदी है ।

## टेलिविजन सेट

*838. डा० कर्णी सिंह : क्या प्रतिरक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता हैं कि कई प्रकार के टेलीविजन सेटों में से खतरनाक रेडियम धर्मिक (रेडियों-एक्टिविटी) निकलती हैं ; और

(ख) यदि हां, तो सार्वजनिक सुरक्षा की दृष्टि से देश में निर्मित तथा आयातित सब टेलीविजन सेटों का गाइगर काऊंटर टैस्टे करने के लिये क्या कार्यवाही की जा रही है ?

प्रतिरक्षा मन्त्रालय में (प्रतिरक्षा उत्पादन) राज्य मन्त्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) टेलीविजन सेट किसी प्रकार की भयानक विकरणशीलता विमुक्त नहीं करते ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

## संयुक्त राष्ट्र संघ में वीटो

*839. श्री वी० चं० शर्मा : क्या वैदेशिक कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या शान्ति संवर्धन के लिये भारत ने बड़े राष्ट्रों को इस बात से सहमत करने के लिये कोई प्रयत्न किये हैं, कि वे संयुक्त राष्ट्र संघ में वीटो के अपने अधिकार का प्रयोग करना बन्द कर दें ;

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस के बारे में बड़े राष्ट्रों की क्या प्रतिक्रिया है ?

वैदेशिक-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री ब० रा० भगत) : (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठते ।

## विदेश स्थित भारतीय मिशनों में नियुक्त मन्त्रालयों के अधिकारी

*840. श्री लोबो प्रभु : क्या वैदेशिक-कार्य मन्त्री 15 नवम्बर, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 507 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) विदेशों में अन्य मन्त्रालयों द्वारा स्थापित कार्यालयों में कितने कर्मचारी हैं, उनके पदनाम क्या है और उन पर वार्षिक कितना धन व्यय होता हैं ;

(ख) क्या मिशनों में ऐसे अधिकारी हैं, जो एक ही प्रकार का काम कर रहें है और यदि हां, तो उनके पदनाम, संख्या कितनी है तथा उन पर कितना धन व्यय होता है ; और

(ग) क्या इस बात की जांच की गई है कि मिशनों के कार्यालयों के कर्मचारी स्वतन्त्र प्रतिनिधि के रूप में मंत्रालयों का कार्य कर सकते हैं ?

वैदेशिक-कार्य मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री ब० रा० भगत) : (क) से (ग) : सूचना इकट्ठी की जा रही है और सदन की मेज पर रख दी जाएगी ।

**कीनिया से वापिस आये भारत मूलक लोग**

4934. श्री बाबू राव पटेल : क्या वैदेशिक-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 30 जून, 1968 तक कीनिया से कितने भारतीय निष्क्रान्त अथवा शरणार्थी भारत में पहुँच चुके थे ;

(ख) 30 जून 1968 तक उक्त पुनर्वास पर कुल कितनी धनराशि व्यय की गई थी ; और

(ग) राज्य-वार इन लोगों को किस प्रकार की सहायता दी गई हैं और कितने लोगों को पुनः बसाया गया है ?

प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री, तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) (क): कोई भी भारतीय राष्ट्रिक कीनिया से भारत में निष्क्रान्त या शरणार्थी के रूप में नहीं आया है ।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठते ।

**Ordnance Factory, Jabalpur**

4935. Shri G. C. Dixit : Will the Minister of Defence be pleased to state :

(a) whether the production of war material has been started in the Ordnance Factory at Jabalpur, Madhya Pradesh ;

(b) if so, the amount of foreign exchange likely to be saved as a result thereof ;

(c) whether the production in this factory conforms to the targets fixed therefor ; and

(d) if not, the reasons therefor ?

The Minister of State (Defence Production) in the Ministry of Defence (Shri L. N. Mishra) : (a) Two Ordnance Factories viz. Gun Carriage Factory, Jabalpur (established in 1901; and Ordnance Factory, Khamaria (established in 1942) are in the Jabalpur area, producing war material.

(b) It is not in the public interest to disclose information regarding the quantum of war material produced in individual ordnance factories or sector-wise.

(c) By and large, production has been in conformity with the targets fixed.

(d) Does not arise.

**Industrial Undertakings in Madhya Pradesh**

4936. Shri G. C. Dixit : Will the Prime Minister be pleased to state :

(a) whether any specific proposal is under consideration of Government for setting up industrial undertakings in Madhya Pradesh during the Fourth Five Year Plan with a view to remove unemployment in drought-hit areas in the State ;

(b) if so, the details thereof and estimated cost thereof ; and

(c) the number of persons likely to be provided employement in each of these undertakings.

**The Prime Minister, Minister of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi) :** (a) to (c): As the Fourth Five Year Plan is yet to be finalised, it is not possible at this stage to indicate which industrial undertakings would be set up in the State of Madhya Pradesh or any details about them.

**Allotment of Agricultural Land to Ex-Servicemen in Madhya Pradesh**

4937. **Shri G. C. Dixit :** Will the Minister of Defence be pleased to state :

(a) whether there is any scheme for rehabilitating ex-Servicemen in Madhya Pradesh by allotting agricultural land to them and if so, the progress made so far in this respect ;

(b) the number of applications received by the State Government from ex Servicemen for the allotment of land ;

(c) the number of applicants among them as had retired from service before the 15th August, 1947 ;

(d) the number of application received from military personnel injured during the attacks by China and Pakistan and from dependents of those soldiers who were killed during these attacks separately ;

(e) the number of applicants who have since been allotted land and the number of those who have not been allotted land and the time by which land would be allotted to such applicants and

(f) the class-wise priority fixed in these cases and the proportion in which land is distributed amongst them ?

**The Deputy Minister in the Ministry of Defence (Shri M. R. Krishna) :** (a) to (f) : The information has been called for from the State Government and will be laid on the Table of the House when received.

**भारतीय माल पर नेपाल द्वारा लगाया गया शुल्क**

4938. **श्री गं०च० दीक्षित :** क्या वैदेशिक-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि वर्ष 1960 से नवम्बर, 1968 तक नेपाल को भेजे गये कुछ भारतीय माल और दवाइयों पर पाकिस्तानी दवाइयों की तुलना में 7-5 प्रतिशत अधिक शुल्क नेपाल में लगाया गया और भारतीय दवाइयों के नेपाल पहुँचने पर नेपाल द्वारा समझौते के उपबन्धों के विपरीत उन पर एक प्रतिशत शुल्क अधिक लिया गया ; और

(ख) यदि हां, तो भारतीय माल पर अधिक शुल्क लगाये जाने के बारे में भारत सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की जा रही है ?

**प्रधान मन्त्री, अणु शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री, तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) :** (क) और (ख) : माननीय सदस्य द्वारा मांगी गई सूचना प्राप्त की जा रही है और सुलभ होते ही सदन की मेज पर रख दी जायेगी ।

**खान अब्दुल गफ्फार खां द्वारा मांगी गई सहायता**

4939. **श्री समर गुह :** क्या वैदेशिक-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत सरकार ने कभी यह पता लगाने का प्रयत्न किया है कि खान अब्दुल गफ्फार खां पख्तूनों के आत्मनिर्णय के आन्दोलन के लिये भारत सरकार से किस प्रकार की सहायता चाहते हैं ;

(ख) क्या यह सच है कि काबुल के निकट भारतीयों से हुई अपनी भेंट में उन्होंने सार्वजनिक रूप से यह कहा हैं कि यदि कम से कम भारत संयुक्त राष्ट्र संघ में पख्तूनों का प्रश्न उठाये, तो वह भारत आने को तैयार हैं ;

(ग) क्या उनके विचारों को ठीक तरह से जानने के लिए कि वह भारत से किस प्रकार की सहायता चाहते हैं तथा उन्हें गांधी जन्म शताब्दी समारोह में भाग लेने के लिए भारत आने का अनुरोध करने के लिये संसत्सदस्यों का एक शिष्टमंडल उनके पास भेजा जायेगा ; और

(घ) यदि हां, तो कब तथा यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**प्रधान मन्त्री, अणु शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) :** (क) 13 नवम्बर, 1968 को लोक सभा में श्री प्रकाशवीर शास्त्री द्वारा उठाये प्रश्न पर आधे घण्टे की बहस के दौरान, सरकार इस बारे में पहले ही स्थिति बता चुकी है।

(ख) यह सरकार के देखने में नहीं आया है।

(ग) इस समय सरकार इस पर विचार नहीं कर रही है।

(घ) खान अब्दुल गफ्फार खां ने किसी उपयुक्त समय पर भारत आने का निमन्त्रण पहले ही स्वीकार कर लिया है।

**गांधी शताब्दी समारोह में भाग लेने के लिये खान अब्दुल गफ्फार खां को भारत आने का निमन्त्रण**

4940. **श्री समर गुह :** क्या वैदेशिक कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत सरकार ने भारत में गांधी जन्म शताब्दी समारोह में भाग लेने के लिये खान अब्दुल गफ्फार खां को सीधे निमन्त्रण भेजा है ;

(ख) यदि हां, तो यह निमंत्रण पत्र किसके माध्यम से भेजा गया था ;

(ग) क्या काबुल स्थित भारतीय राजदूत कभी उनसे मिले थे और यदि हां, तो किस कारण से ; और

(घ) क्या केन्द्रीय सरकार के मन्त्रिमण्डल के किसी मन्त्री को जिन्हें सरहदी गांधी, जिस नाम से वह भारत में प्रख्यात हैं, के साथ काम करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था ; गांधी जन्म शताब्दी समारोह में भाग लेने का निमन्त्रण देने के लिये काबुल भेजा जायेगा ?

**प्रधान मन्त्री, अणु शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री, तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) :** (क) जी नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) खां अब्दुल गफ्फार खां से काबुल में रहने वाले भारत के राजदूत समय-समय पर विचार विनिमय के लिए मिलते रहते हैं ।

(घ) अभी यह विचाराधीन नहीं है ।

**काबुल में श्री जयप्रकाश नारायण की अब्दुल गफ्फार खां से भेंट**

**4941. श्री समर गुह :** क्या वैदेशिक-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि श्री जयप्रकाश नारायण हाल में खान अब्दुल गफ्फार खां से गान्धी जन्म शताब्दी समारोह में भाग लेने का अनुरोध करने के उद्देश्य से उनसे मिलने के लिये काबुल गये थे ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने खान अब्दुल गफ्फार खां को उनके द्वारा की गई प्रार्थना का परिणाम जानने का प्रयत्न किया है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि खान अब्दुल गफ्फार खां ने भारत आने की अपनी इच्छा प्रकट की है, बशर्ते कि भारत सरकार पख्तूनों के आत्मनिर्णय के अधिकार का समर्थन करे ; और

(घ) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**प्रधान मन्त्री, अणु शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) :** (क) जी नहीं । श्री जयप्रकाश नारायण ने अक्तूबर, 1968 में गांधी शताब्दी समारोह का उद्घाटन करने के लिये काबुल की यात्रा की थी ।

ख) से (घ) : प्रश्न नहीं उठते ।

**भारत चीन सीमा पर चीन की सैनिक तैयारी**

**4942. श्री समर गुह :** क्या प्रतिरक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तिब्बत सीमा के साथ-साथ तैनात चीनी सेना कितनी है ;

(ख) क्या तिब्बत सीमा के साथ चीन ने कोई बख्तरबन्द डिवीजन भी तैनात कर रखा है, और यदि हां, तो उसकी शक्ति स्वरूप क्या है तथा उसके पास किस-किस प्रकार के हथियार हैं ;

(ग) इस सीमा के साथ-साथ चीन द्वारा कितने हवाई अड्डे बनाये गये हैं ; तथा वहां इस समय कितनी वायु सेना तैनात है और भविष्य में कितनी वायु सेना तैनात की जाने की सम्भावना है ;

(घ) क्या चीन ने तिब्बत में प्रक्षेपणास्त्र छोड़ने के केन्द्र स्थापित किये हुए हैं और यदि हां, तो उन केन्द्रों की संख्या कितनी है और कितनी दूरी तक पार करने के लिए उन केन्द्रों का प्रयोग किया जायेगा ; और

(ङ) क्या चीन ने काई आण्विक युद्ध केन्द्र भी स्थापित किया है और यदि हां, तो उसमें आण्विक हथियारों का कितना भण्डार है और उनकी मार कितनी है तथा उनकी विनाश-क्षमता क्या है ?

**प्रतिरक्षा मन्त्री (श्री स्वर्ण सिंह) :** (क) भारत की उत्तरी सीमा पर चीनियों द्वारा लगभग 13 से 16 डिवीजन जमा करने का ज्ञान है।

(ख) और (ग) : सरकार को प्राप्य सूचना को प्रकट करना लोकहित में नहीं होगा।

(घ) सरकार ने तिब्बत में एक मोबाईल अड्डा स्थापित किए जाने सम्बन्धी कई रिपोर्टें देखी हैं, परन्तु ऐसी कोई विश्वसनीय सूचना नहीं कि उनकी पुष्टि की जा सके।

(ङ) जैसाकि पिछले 27 नवम्बर, 1968 के तारांकित प्रश्न संख्या 292 के उत्तर में कहा गया है ऐसा विश्वास किया जाता है कि चीन 20 किलोटन क्षमता के लगभग 40 नापिकीय बम उत्पादित कर सकता है, और इस दर से उस ने शायद 12 बम इकठ्ठे कर लिए हों। चीन मीडियम रेंज के बालिस्टिक मीजाइलों का भी विकास कर रहा है, जिनकी लगभग रेंज 2000 मील है, परन्तु उनके वास्तविक इस्तेमाल का अभी तक कोई ज्ञान नहीं है।

## सिक्किम को सहायता

4943. **श्री प्रदिचन :** **श्री हिम्मतसिंहका :**
**श्री मु० कु० तापड़िया :** **श्री बाल्मीकि चौधरी :**

**क्या वैदेशिक-कार्य** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सिक्किम की विकास योजना के लिये भारत से सहायता लेने के लिए सिक्किम के चोग्याल हाल ही में नई दिल्ली आये थे ;

(ख) यदि हां, तो कितनी और किस प्रकार की सहायता मांगी गई है ; और

(ग) इस सम्बन्ध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मन्त्री योजना मन्त्री, तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) :** (क) से (ग) : चोग्याल ने 1 से 4 दिसम्बर, 1968 तक भारत की यात्रा की थी। उनकी यात्रा का प्रमुख उद्देश्य सिक्किम की तीसरी पंचवर्षीय योजना (1966-71) के चालू वर्ष के लिए अतिरिक्त धन की अपनी प्रार्थना पर और सिक्किम में अक्तूबर, 1968 की बाढ़ से जो क्षति पहुँची है उनकी मरम्मत के लिए वित्तीय सहायता पर विचार विमर्श करना। चोग्याल ने इन दोनों उद्देश्यों के लिए अनुमानतः 2 करोड़ 20 लाख रुपये की प्रार्थना की थी जब कि भारत सरकार सिक्किम सरकार के व्यय-सामर्थ्य के अनुसार, 50-60 लाख रुपये चालू वित्त वर्ष में और 60–70 लाख रुपये अगले वित्त वर्ष में देने पर सहमत हो गई है।

**भारत में चीन के तथा चीन में भारत के राजदूत की नियुक्ति**

4944. **श्री अर्जुन सिंह भदोरिया :** क्या वैदेशिक-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या चीन में भारत के राजदूत तथा भारत में चीन के राजदूत नियुक्त करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) :** (क) इस समय सरकार के विचाराधीन ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

**स्वर्गीय जवाहर लाल के पिछले जन्म दिवस समारोह पर लार्ड मौंटबेटन का भाषण**

4945. **श्री समर गुह :** क्या **प्रधान मन्त्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) लार्ड मौंटबेटन ने नेहरु के सम्बन्ध में अपने भाषण में अन्य बातों के साथ-साथ यह कहा था कि मैंने उन्हें (नेहरु को) आजाद हिन्द फौज के स्मारक पर फूल चढ़ाने के लिए स्थानीय भारतीयों (सिंगापुर) के निमन्त्रण को अस्वीकार करने को कहा था .....वह फूल माला न चढ़ाने के लिए सहमत हो गये थे ;

(ख) क्या लार्ड मौंटबेटन की उक्त बात लाल किले में आजाद हिन्द फौज के लोगों के विरुद्ध चलाये गये मुकदमें में जवाहर लाल नेहरु द्वारा किये गये योगदान के सर्वथा विपरीत है ;

(ग) क्या सरकार के पास उक्त बात की सत्यता को सिद्ध करने के लिये कोई दस्तावेज है ;

(घ) यदि हां, तो ऐसे दस्तावेजों का ब्यौरा क्या है ;

(ङ) क्या आजाद हिन्द फौज, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस तथा स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरु के सम्मान की रक्षा करने के लिए सरकार का विचार सिंगापुर में आजाद हिन्द फौज के स्मारक जिसे तत्कालीन ब्रिटिश एडमिरल लार्ड मौंटबेटन के सेनापतित्व में ब्रिटिश सेना द्वारा गिरा दिया गया था, पुनः निर्माण करने का है ?

**प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री, तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) :** (क) सम्भवतः माननीय सदस्य यह जानना चाहते हैं कि क्या सरकार का ध्यान इस सम्बन्ध में लार्ड मौंटबेटन के विचारों की ओर दिलाया गया है । इसका उत्तर हां में है ।

(ख) लाल किले में आजाद हिन्द फौज के लोगों के विरुद्ध चलाये गये मुकदमें में प्रधान मन्त्री जवाहर लाल नेहरु का योगदान इतिहास का एक सुप्रसिद्ध अंश है ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

(ङ) ये मानना पड़ेगा कि सम्पूर्ण सिंगापुर एक स्वतन्त्र देश है और भारत सरकार के लिए विदेशों में स्मारकों का निर्माण करना व्यवहार्य नहीं ।

**मजगोन डाक्स लिमिटेड**

**4946. श्री प्रेमचन्द वर्मा :** क्या प्रतिरक्षा मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मजगोन डाक्स लिमिटेड की स्थापना कब हुई थी, उस समय इसके निदेशक मंडल के सदस्य कौन-कौन थे और वही निदेशक मण्डल कब तक कार्य करता रहा ; और

(ख) इस समय निदेशक मंडल के सदस्य कौन-कौन हैं और इस कम्पनी के अध्यक्ष अथवा प्रबन्धक निदेशक का नाम क्या है उनकी नियुक्ति कब हुई थी, उनकी पदावधि कितनी है और उनकी सेवा की शर्तें क्या हैं ?

**प्रतिरक्षा मन्त्रालय में (प्रतिरक्षा उत्पादन) राज्य मन्त्री (श्री ल० ना० मिश्र)** (क) और (ख) : एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है । **[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल० टी० 2762/68]**

**मजगोन डाक्स लिमिटेड**

**4947. श्री प्रेमचन्द वर्मा :** क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मजगोन डाक्स लिमिटेड को (एक) अनियमितताओं (दो) चोरी (तीन) माल में कमी हो जाने (चार) आग लगने या ऐसे किन्हीं अन्य कारणों से कितनी हानि हुई है ;

(ख) क्या इन मामलों की जांच की गई है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका क्या परिणाम निकला और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?

**प्रतिरक्षा मंत्रालय में (प्रतिरक्षा उत्पादन) राज्य मंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) :** (क) मजागां डाक लिमिटेड को अप्रैल, 1960 से कि जब सरकार द्वारा वह हस्तगत की गई थी, चोरी, स्टाक में कमी अथवा आग लगने के कारण किसी प्रकार की क्षति नहीं उठानी पड़ी । एक ठेकेदार द्वारा ब्यौरों से निम्न सप्लाई की गई इमारती लकड़ी के कारण कम्पनी को 1960 और 1961 के दौरान 24318,05 रुपये का नुकसान उठाना पड़ा था ।

(ख) और (ग) : मामले की जांच की गई थी, और जांच के परिणामस्वरूप संबंधित कर्मचारी को चेतावनी दी गई थी और ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया था ।

**मजगोन डाक कम्पनी**

**4948. श्री प्रेम चन्द वर्मा :** क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मजगोन डाक्स लिमिटेड ने खरीद, ठेकों और बिक्री हेतु कर्मचारियों की भर्ती (500 रुपये मासिक से अधिक वेतन वाले पदों के लिए) के लिये उपयुक्त नियम बनाये हुए हैं ; और

(ख) यदि हां, तो वे नियम क्या हैं ; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या ये नियम, बनाने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो ये नियम कब तक बनाये जायेंगे ?

**प्रतिरक्षा मंत्रालय में (प्रतिरक्षा उत्पादन) राज्य मंत्री (श्री ल०ना० मिश्र):** (क) जी हां।

(ख) सेविवर्ग की भर्ती, चयन और नियुक्ति या तो बोर्ड आफ डारेक्टर्ज़ द्वारा की जाती है या मैनेजिंग डारेक्टर द्वारा, और यह बात वेतनमानों पर आधारित है। रिक्त स्थानों के लिए अखिल भारतीय समाचारपत्रों में इश्तहार दिया जाता है, और चुनाव मेरिट, अनुभव और योग्यता को ध्यान में रखते हुए एक कमेटी द्वारा किया जाता है क्रय, ठेकों और विक्रय के लिए समाचारपत्रों में इश्तहारों द्वारा टेण्डर आमन्त्रित किए जाते हैं, सिवाए सिलेक्टिड टेंडरिंग के, इन्डेंटिंग, टेण्डरों के लिए पूछताछ, और स्टाक के क्रय, सीधे क्रय, लोहे और इस्पात के क्रय और आयात मदों के क्रय के लिए विस्तृत नियम विद्यमान हैं।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

## मज़गोन डाक्स लिमिटेड

4949. **श्री प्रेम चन्द वर्मा :** क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मजगोन डाक्स लिमिटेड की स्थापना के समय और 31 मार्च, 1968 को उसकी अधिकृत तथा प्रदत्त पूंजी कितनी कितनी थी ;

(ख) 31 मार्च, 1968 को उस कम्पनी ने कितना ऋण देना था, इसमें से केन्द्रीय सरकार, बैंकों तथा अन्य पक्षों को कितना-कितना ऋण देना था ;

(ग) पिछले तीन वर्षों में इस कम्पनी ने ब्याज के रूप में कितनी राशि दी है; और

(घ) इसके पिछले तीन वर्षों के कार्य के क्या परिणाम हैं, इसे कितना लाभ अथवा हानि हुई है और हानि के मुख्य कारण क्या है और वर्ष 1968-69 के बारे में क्या अनुमान है ?

**प्रतिरक्षा मंत्रालय में (प्रतिरक्षा उत्पादन) राज्य मंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) :** (क) मज़ागां डाक लिमिटिड सरकार द्वारा अप्रैल, 1960 में एक चालू संस्था के तौर पर खरीदी गयी थी। अधिग्रहण के समय इस का अधिकृत सरमाया 200 लाख रुपये था और अदाशुदा सरमाया 63 लाख रुपये। 31-3-1968 को इसका अधिकृत सरमाया 400 लाख रुपये था और अदाशुदा सरमाया 300 लाख रुपये।

(ख) 31-3-68 को सरमाया के लिए ऋण तथा कम्पनी द्वारा बैंक से ओवरड्राफ्ट 571.47 लाख रुपये था। इसमें से 453 लाख रुपये सरकार को सरमाए के लिए ऋण के तौर पर शेष देय था, और 118.47 लाख रुपये स्टेट बैंक आफ इण्डिया से ओवरड्राफ्ट था।

(ग) सरमाए के लिए ऋण और बैंक से ओवरड्राफ्ट पर ब्याज के तौर पर कम्पनी द्वारा गत तीन वर्षों में देय ब्याज था :-

| 1965-66 | 1966-67 | 1967-68 |
|---|---|---|
| | (लाख रुपयों में) | |
| 9.48 | 15.38 | 22.11 |

(घ) गत तीन वर्षों में कम्पनी के कृत्य के परिणाम और अर्जित लाभ इस प्रकार थे :-

| | 1965-66 | 1966-67 | 1967-68 |
|---|---|---|---|
| | | (लाख रुपयों में) | |
| उत्पादन | 390.91 | 501.27 | 692.84 |
| कर से पहले लाभ | 17.98 | 24.90 | 40.71 |
| कर देने के पश्चात लाभ | 8.23 | 17.59 | 40.71 |
| डिविडेण्ड | 5.82 | 9.93 | 14.33 |
| | (साढ़ेचार प्रतिशत) | (पांच प्रतिशत) | (पांच प्रतिशत) |

1968-69 के दौरान अनुमानित उत्पादन और लाभ नीचे दिए गए हैं :-

| | |
|---|---|
| उत्पादन | 1083-00 लाख रू० |
| कर से पहले लाभ | 55-00 लाख रू० |
| कर देने के पश्चात लाभ | 59-00 लाख रू० |

## राजनयिक नियुक्तियां

**4950. श्री कामेश्वर सिंह :** क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले दो वर्षों में कई उच्चस्तरीय राजनयिक नियुक्तियां भारतीय विदेश सेवा संवर्ग से बाहर के व्यक्तियों से की गयी है ;

(ख) यदि हां, तो ऐसी कितनी नियुक्तियां की गई ;

(ग) क्या ऐसी नियुक्तियों के लिये भारतीय विदेश सेवा के नियमित संवर्ग के अधिकारी उपलब्ध नहीं थे, ; और

(घ) यदि भारतीय विदेश सेवा संवर्ग के अधिकारी उपलब्ध थे, तो इस संवर्ग से बाहर के व्यक्तियों से नियुक्तियां करने के क्या कारण थे ?

**प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) :** (क) और (ख) : पिछले दो वर्षों में भारतीय राजनयिक मिशन प्रमुखों के पदों पर भारतीय विदेश सेवा संवर्ग से बाहर की ग्यारह नियुक्तियां की गई हैं।

(ग) और (घ) : राजनयिक मिशन प्रमुखों की अधिकांश नियुक्तियां नियमित भारतीय विदेश सेवा संवर्ग के अधिकारियों में से की जाती हैं। लेकिन, सरकार अन्य वर्गों के विशिष्ट व्यक्तियों को विशेष कार्यों के लिए चुनने के लिए स्वतंत्र है, जैसे कि स्वाधीनता के बाद से प्रथा रही है।

**केन्द्रीय आर्थिक पुंज में भारतीय विदेश सेवा के अधिकारियों की नियुक्ति**

**4951. श्री कामेश्वर सिंह :** क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या आर्थिक मामलों पर विशेषज्ञतापूर्ण सलाह देने के लिये भारतीय विदेश सेवा के कुछ अधिकारियों को नियमित रूप से सह-सदस्यों के रूप में केन्द्रीय आर्थिक पुंज में नियुक्त किया जाता है ;

(ख) यदि हां, तो ऐसे अधिकारियों की संख्या कितनी है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) :** (क) केन्द्रीय आर्थिक पुंज (सेन्ट्रल इकोनोमिक पूल) अभी तक नहीं बनाया गया है। लेकिन, जहां तक भारतीय विदेश सेवा अधिकारियों को आर्थिक और वाणिज्यिक मामलों में प्रशिक्षण देने का प्रश्न है, सभी स्तर के अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर वाणिज्य मंत्रालय में भेजने का नियमित प्रबन्ध है। भारतीय विदेश सेवा अधिकारियों को इस प्रकार के प्रशिक्षण के लिए वित्त मंत्रालय के आर्थिक-कार्य विभाग में भी प्रतिनियुक्त किया जाता है।

(ख) अब तक जिन अधिकारियों ने वित्त और वाणिज्य मंत्रालयों में कार्य किया है उनकी संख्या क्रमशः 6 और 28 है।

(ग) प्रश्न नहीं उठता।

**अधिकारियों को विदेशों में नियुक्ति**

**4952. श्री कामेश्वर सिंह :** क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले पांच वर्षों या इससे अधिक समय से भारत में नियुक्त उनके मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों का विदेशों में स्थानान्तरण नहीं किया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

**प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) :** (क) भारतीय विदेश सेवा के केवल तीन ही ऐसे वरिष्ठ अधिकारी हैं जिन्हें पांच वर्ष से अधिक अवधि से विदेशों में नियुक्ति पर नहीं भेजा गया है। इनमें से दो के स्थानान्तरण के आदेश हो चुके हैं।

(ख) ये अधिकारीगण व्यक्तिगत कारणों से अपनी खुद ही की मर्ज़ी से मुख्यालय पर रहे हैं ।

**Indians Living in Kenya**

4953. **Shri Sharda Nand :**
**Shri Onkar Singh :**
**Shri Kanwar Lal Gupta :**

Will the Minister of External Affairs be pleased to state :

(a) the present position in regard to the Indians living in Kenya and holding British passports ;

(b) whether the U. K. Government have accepted some of the proposals of the Government of India in this regard ;

(c) if so, whether Government had held negotiations with the Kenyan Government also ; and

(d) if so, the reaction of Kenyan Government thereto ?

**The Prime Minister, Minister of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi)** (a) and (b) : For some time past there has been no exodus of people of Indian origin holding British passports from Kenya. Arrangements have, however, been made between the Government of India and the Government of the United Kingdom in regard to resettlement of those who may be compelled to leave Kenya and who may wish to come to India.

(c) and (d) : As these persons are the responsibility of the British Government the question of negotiations with the Government of Kenya does not arise.

**भारतीय नौसेना**

4954. **श्री शारदा नन्द :** **श्री कंवर लाल गुप्त :**
**श्री ओंकार सिंह :** **श्री जि० ब० सिंह :**

क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले 6 महीनों में भारतीय नौसेना में सुधार लाने के लिये सरकार ने क्या कार्यवाही की है ; और

(ख) चौथी पंचवर्षीय योजना में भारत में फ्रिगेट बनाने का क्या लक्ष्य है ?

**प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) :** (क) नौसेना का विकास एक निरन्तर तथा चिरावधिक प्रक्रिया है, और सरकार ने इस उद्देश्य के लिए 1965-66 से कई पग उठाए हैं। इन में अन्तर्ग्रस्त हैं नए पोतों की प्राप्ति, फ्रिगेटों, सुरंगविध्वंसकों, समुद्र में जाने वाली रक्षा नौकाओं, टगों और अन्य सहायक पोतों का निर्माण, पनडुब्बी अंग की स्थापना, और गोआ, पोर्ट ब्लेयर और विशाखापत्तनम इत्यादि में अड्डों का विकास ।

(ख) लीएंडर किस्म के फ्रिगेटों का भारत में निर्माण चतुर्थ योजना अवधि के दौरान प्रत्याशित है ।

**Press clippings**

4955. **Shri Bharat Singh Chauhan :**
**Shri Ram Swarup Vidyarthi :**
**Shri Hardayal Devgun :**

Will the Minister of Information and Broadcasting be pleased to state :

(a) whether it is a fact that press clippings are sent by the Press Information Bureau to the various Ministries and Departments for necessary action ;

(b) if so, the total number of press clippings sent to the various Ministries and Departments during the first nine months of 1968 ;

(c) the number of Hindi and English clippings among them ;

(d) whether it is a fact that at present there are no suitable arrangements for taking out Hindi press Clippings from Hindi newspapers ; and

(e) if so, the reasons therefor and the date by which these arrangements would be made ?

**The Minister of Information and Broadcasting (Shri K. K. Shah) :** (a) Yes, Sir.

(b) 3,88,600 approximately.

(c) Hindi clipping 36,500 approximately; English clippings 3,52,100 approximately.

(d) The list of Hindi dailies and weeklies scrutinised for supply of clippings to the Ministries/Departments has recently been reviewed and four more dailies have been added. The list will continue to be reviewed from time to time. The present arrangement has been found to be working satisfactorily.

(e) Does not arise.

**Hindi and English Steno-Typists and Stenographers in Planning Commission**

4956. **Shri Bharat Singh Chauhan :**
**Shri Ram Swarup Vidyarthi :**
**Shri Hardyal Devgun :**

Will the **Prime Minister** be pleased to state :

(a) the numer of Hindi and English Steno-typists and Stenographers, separately, in the Planning Commission and the number of employees belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes out of them;

(b) whether all the Stenographers working in the Planning Commission at present have got through the examination held by the Union Public Service Commission;

(c) if not, whether posts were reserved for Scheduled castes and Scheduled Tribes at the time of holding Departmental tests;

(d) if not, the reasons therefor;

(e) whether posts were also reserved for Scheduled Castes and Scheduled Tribes at the time of recruitment of Steno-typists. and

(f) if not, the reasons therefor ?

**The Prime Minister Ministry of Atomic Enregy, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi) :** (a)

**Steno typists**

| | Total no. of persons. | Scheduled Castes. | Scheduled Tribes. |
|---|---|---|---|
| Hindi | 2 | — | — |
| English | 40 | 1 | — |

**Stenographers**

| | Total no. of persons. | Scheduled Castes | Scheduled Tribes. |
|---|---|---|---|
| Hindi | 1 | | |
| English | 123 | 1 | 1 |

(b) Yes, Sir.

(c) and (d): Do not arise.

(e) and (f): There is no separate cadre of Stenotypists. From among the Lower Division Clerks whosoever secures proficiency in taking down dictation in Shorthand at a speed of 80 words per minute is utilised as Steno-typist on a special pay of Rs. 20.00 per month. Therefore, the question of making reservation for Scheduled Castes and Scheduled Tribes in the posts of Stenotypists does not arise.

**Visas for Pakistanis for Participating in Khwaja Muinuddin Chisti's Urs.**

4957. **Shri Hukam Chand Kachwai :** Will the Minister of External Affairs be pleased to state :

(a) the number of Pakistani citizens given visas for participating in Urs of Khwaja Muinuddin Chisti at Ajmer this year; and

(b) the amount in Indian currency sanctioned by Government for the participants in the function ?

**The Prime Minister, Minister of Planning, Minister of Atomic Energy, and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi) :** (a) Visas were issued to 132 pilgrims from Pakistan to participate in the Ajmer Urs held in September/October, 1968.

(b) The Government of India did not sanction any expenditure for these pilgrims. However, the District Magistrate and the Municipal Council, Ajmer, incurred an expenditure of Rs. 1398. 69 in connection with the arrangements for the pilgrims.

**Token Strike in Defence Establishments in Lucknow**

4958. **Shri Hukam Chand Kachwai :** Will the Minister of Defence be pleased to state :

(a) whether it is a fact that some Defence Establishments in Lucknow observed one-hours token strike in September, 1968.

(b) if so, the causes thereof; and

(c) the steps taken by Government in this regard ?

**The Minister of Defence (Shri Swaran Singh)** : No, Sir.

(b) and (c): Do not arise.

**Aid to News Agencies**

4959. **Shri Hukam Chand Kachwai** : Will the Minister of **Information and Broadcasting** be pleased to state the amount of grants and nature of assistance of grants and nature of assistance given by Government to news agencies of all India level, nemely, P. T. I., U. N. I., Hindustan Samachar and Bharati during the last five years ?

**The Minister of Information and Broadcasting (Shri K. K. Shah)** : Government have sanctioned a loan of Rs. 55 Lakhs to Press Trust of India for the construction of their office building at Parliament Street, New Delhi. The first instalment of Rs. 12 lakhs was paid in March, 1968. A loan of Rs. 4 lakhs was paid to the U. N. I. in December, 1967 for the development af its services. Government have decided in principle to give loan of Rs. 5 lakhs to Samachar Bharati for the purchase of telecommunication equipment. The first instalment of Rs. 75,000/- was given in May, 1967. The question of release of further instalment is under consideration. An application from Hindustan Samachar for a loan of Rs. 10 lakhs for the purchase of equipment etc. is under consideration.

2. Recognised news agencies are allowed concession in the rentals for teleprinter circuits and rates of telegrams, and rebate on trunk call bills, by the P. and T. Department. They are also accorded by Press Information Bureau accreditation and other facilities for the collection and dissemination of news. In addition, Government also subscribe to their services.

**Uranium Dioxide Fuel**

4960. **Shri Maharaj Singh Bharati** : Will the **Prime Minister** be pleased to state :

(a) whether Government have accepted the suggestion of the Bhabha Atomic Research Centre, pending with Government for a long time in regard to the preparation of the uranium dioxide fuel for Tarapore Atomic Reactor; and

(b) if so, the amount of investment involved in the aforesaid project and the name of the place where it would be located ?

**The Prime Minister, Minister of Atmoic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi)** : (a) The Department of Atomic Energy has decided to establish the facilities for producing enriched Uranium Oxide fuel elements for use in the Tarapur Atomic Power Project. The detailed project reports in respect of these facilities are under preparation.

(b) The plants are likely to cost about Rs. 150 lakhs and will be established at Hyderabad along with the Nuclear Fuel Complex.

**High Temperature Thorium Reactor**

4961. **Shri Maharaj Singh Bharati** : Will the **Prime Minister** be pleased to state :

(a) whether Government have been conducting any experiment in regard to high temperature thorium reactor; and

(b) if so, the extent of success attained so far ?

**The Prime Minister, Minister of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi):** (a) No, Sir.

(b) Does not arise.

**बंगलौर के निकट हैग्गनूर गांव में शूटिंग रेंज में घटना**

**4962. श्री ना० स्व० शर्मा :**
**श्री अटल बिहारी वाजपेयी :**
**श्री जगन्नाथ राव जोशी :**

क्या **प्रतिरक्षा मन्त्री** 14 अगस्त, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 4045 के उत्तर के संबंध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या जिला बंगलौर के हैग्गनूर गांव में हुई घटना के बारे में जानकारी इस बीच प्राप्त कर ली गई है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्योरा क्या है ?

**प्रतिरक्षा मन्त्री (श्री स्वर्ण सिंह) :** (क) और (ख) : 14 अगस्त, 1968 के अतारांकित प्रश्न का उत्तर अब तक एक वचन-विवरण के रूप में दिया जा चुका है, जिसकी एक प्रति सभा-पटल पर रखी जाती है। **पुस्तकालय में रखी गयी। देखिये संख्या एल० टी० 2763/68]**

(c) whether said facility has been discontinued this year and if so, the reasons therefor?

**The Deputy Minister in the Ministry of Defence (Shri M R. Krishna)** : (a) to (c) : Although earlier a larger number of ex- N.C.C. cadets were taken into the Indian Militry Academy, since 1965 arrangements have been made for 32 ex-N.C.C. cadets to be admitted into the Indian Military Academy, so that, after allowing for wastage, an output of 30 Commissioned Officers is ensured.

The numbers of ex-N.C.C. cadets granted Permanent Commissions through the Indian Military Academy during the last five years are :-

| | |
|---|---|
| 1964 | 64 |
| 1965 | 66 |
| 1966 | 27 |
| 1967 | 50 |
| 1968 | 51 |

This intake comprises the entries through Officers Training Unit, which is still continuing, as well as the entry of "C" Certificate N.C C. Cadets, which has been discontinued. These figures also cover some additional intake which was arranged in some years to cover up the deficiencies through other types of entry.

No decision has been taken to stop the intake of ex-NCC cadets through the officers Training Unit Scheme.

**Delegations to be sent Abroad**

5006. **Shri Onkar Lal Bohra** : Will the Minister of External Affairs be pleased to state

(a) the number of Members of Parliament or delegations which are likely to go abroad in the near future on behalf of the central Government ; and

(b) the criteria on which the names of the Members are to be selected for these delegations?

**The Prime Minister, Minister of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi)** : (a) At present there is a proposal under consideration to send about seven delegations of Members of Parliament to various countries in Africa and Asia during 1969. The number of M.Ps. in each delegation is not yet decided.

(b) While there is no fixed criterian for the selection of Members of Parliament for the delegation, due care is taken to see that the delegation is representative in character.

**Indian Nationals living in Foreign Countries**

5007. Shri Onkar Lal Bohra : Will the Minister of External Affairs be pleased to state the steps being taken for the safety of the property of Indian Nationals living in the various countries of the world and for their cultural and social Development ?

**The Prime Minister, Minister of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi) :** Our missions abroad have standing instructions to watch over all aspects of Indian nationals abroad. Appropriate action is taken with the concerned Governments if any problem arises concerning their assets.

Indian communities abroad are encouraged to maintain cultural and other contacts with India, and Indian missions try to present a total picture of India in all aspects.

**Research Programme Committee of Planning Commission**

5008. Shri Brij Raj Singh Kotah : Will the Prime Minister be pleased to state :

(a) whether it is a fact that the Research Programme Committee of the Planning Commission has entrusted the work of conducting survey on industrial development and urbanisation in the prominent cities of the South-Eastern Rajasthan to the University Commerce School ;

(b) if so, the time by which the survey would be completed ; and

(c) the procedure of working of the team or experts appointed for the survey work?

**The Prime Minister, Minister of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi) :** (a) The planning Commission (Research Programmes Committee) have sponsored a study on "Urbanisation, Growth Potential and Optimisation of Industrial location in South East Rajasthan" It has been entrusted to the School of Commerce, University of Rajasthan.

(b) The study is scheduled to be completed by September, 1969.

(c) The study for which the methodology and other technical details have been laid down, is being directed by Dr. Om Prakash, Professor and Director of the School of Commerce. He is assisted by a team of paid Research Staff.

**Vigilance on Northern part of the Indian ocean**

5009. **Shri Brij Raj Singh Kotah :** Will the Minister of Defence be pleased to state :

(a) whether it is a fact that some newspapers have published reports to the effect that Government should exercise strict vigil on the northern part of the Indian Ocean so that territorial integrity of the country is not endangered ; and

(b) if so, the steps taken by Government in this regard?

**The Minister of Defence (Shri Swaran Singh) :** (a) and (b) : Although no such reports have come to Government's notice, Government keep a close watch on any developments in the Indian Ocean which may have a bearing on the territorial intergrity of the country. All possible steps will be taken to safeguard the country's territorial integrity.

**ब्रिटेन के वैदेशिक-कार्य तथा राष्ट्रमंडल सचिव से वार्ता**

5010. श्री स० कु० तापड़िया :
श्री हिम्मतसिंहका :
श्री सीताराम केसरी :
श्री बाल्मीकि चौधरी :
श्री वेणी शंकर शर्मा :
श्री अदिचन :
श्री म० ला० सोंधी :

क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या ब्रिटेन के वैदेशिक-कार्य तथा राष्ट्रमण्डल मंत्री ने भारत-पाक संबंधों विशेष कर काश्मीर के मामले के बारे में पाकिस्तान में दिये गये अपने वक्तव्यों के कारण उत्पन्न कुछ प्रभावों की व्याख्या करने तथा उसके बारे में स्पष्टीकरण देने के लिए हाल ही में नई दिल्ली का दौरा किया था ;

(ख) यदि हां, तो उनके द्वारा दिये गये स्पष्टीकरणों का सार क्या है ; और

(ग) इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) :** ( क ) जी नहीं। वे भारत सरकार के नियंत्रण पर भारत की यात्रा पर आए थे।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठता। लेकिन, भारत सरकार ने ब्रिटिश सरकार की इस घोषणा का स्वागत किया है कि पाकिस्तान के साथ मसलों को जहां तक हो सके द्विपक्षीय आधार पर निबटाना चाहिए।

**डायमण्ड हारबर जल कपाट**

**5011. श्री कं० हाल्दर :** क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सुरक्षित स्थान होने के नाते डायमण्ड हाल्दर के जलकपाट सेना के अधिकारियों के नियंत्रण में हैं ;

(ख) यदि हां, तो क्या इन जलकपाटों की अनेक वर्षों से न तो मरम्मत की गई है और न ही वहां से रेत निकाली गई है जिसके फलस्वरूप खेती योग्य एक बड़े भू-भाग में पानी भर जाता है ;

(ग) क्या सरकार का विचार जब कभी सिंचाई प्रयोजनों हेतु आवश्यक हो लोगों के प्रतिनिधियों को उस क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति देने का है ; और

(घ) यदि हां, तो क्या उस क्षेत्र में प्रवेश करने के लिए सेना के अधिकारियों की अनुमति लेना आवश्यक होगा ?

**प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्णसिंह) :** (क) से (घ) : सूचना इकट्ठी की जा रही है और यथा समय सभा के पटल पर रखदी जाएगी।

## नौ सेना में मछुग्रों की भर्ती

5012. **श्री लोबो प्रभु :** क्या प्रतिरक्षा मन्त्री 27 नवम्बर, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 2316 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार इसका पता लगाने का है कि नौसेना में मछुग्रों का पर्याप्त प्रतिनिधित्व है ;

(ख) क्या सरकार ने नौसेना में ऐसे व्यक्तियों की भरती करने के फायदों की जांच की है जिनको जल के सम्बन्ध में प्राकृतिक रूप से ज्ञापन प्राप्त है और यदि हां, तो इसके लिए क्या उपाय निर्धारित किए गये हैं ; और

(ग) क्या इस आशय के अनुदेश है कि नौसेना के भर्ती अधिकारियों को तटीय क्षेत्रों की ओर विशेष ध्यान देना चाहिये और यदि हां, तो दक्षिण कनारा जिले से नौसेना में मछुए भर्ती न करने के क्या कारण हैं ?

**प्रतिरक्षा मन्त्री (श्री स्वर्ण सिंह) :** (क) चूंकि नौसेना में भर्ती संप्रदाय के आधार पर नहीं की जाती । यह प्रश्न नहीं उठता ।

(ख) सागर जीवन में रूचि, नौसेना में शामिल होने की अनेक आवश्यक गुणों में से केवल एक है, और सभी पहलुग्रों को ध्यान में रखते हुए यथा सम्भव उत्तमतम भर्ती की जाती है ।

(ग) जी नहीं ।

## Talks by M. Ps. on A.I.R.

5013. **Shri Onkar Lal Bohra :** Will the Minister of Information and Broadcasting be pleased to state :

(a) the number of Members of Parliament invited by the All India Radio to express their views on different occasions last year and the number of times each M.P. was invited ;

(b) the basis of their selection and whether any specific procedure is being followed by the A I.R. for this purpose and if so, the details thereof ; and

(c) whether A.I.R. has issued directions to various Stations in regard to broadcasting views and news of M.Ps. and if so, the nature thereof ?

**The Minister of information and Broadcasting (Shri K. K. Shah) :** (a) 131. Information in regard to the number of times each M. P. was invited to broadcast during last year is being collected and will be laid on the Table of the House. The list of M.Ps. who were invited has been laid on the Table of the House in answer to Unstarred Question No 6279, dated the 28th August, 1968.

(b) Considerations which guide AIR in the selection of participants including Members of Parliament for its programmes are :-

(i) the nature of subject to be dealt with ;

(ii) the standing of a particular individual in his/her respective sphere of activities; and

(iii) the suitability of the person from the point of view of the special requirements of the broadcasting medium.

(c) No Sir.

## दिल्ली के योजना परिव्यय में कटौती

5014. श्री म० ला० सोंधी : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि योजना आयोग ने दिल्ली प्रशासन की दिल्ली योजना परिव्यय के सम्बन्ध में 405 करोड़ रुपये की मांग के विरुद्ध इसमें कटौती कर 225 करोड़ रुपये कर दिया है ; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण है ?

प्रधान मन्त्री, अणु शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक कार्य मंत्री (श्री इन्दिरा गांधी) : (क) और (ख) : दिल्ली प्रशासन से प्राप्त प्रस्ताव अभी विचाराधीन है ।

## Statement by Head Lama of Ladakh to Support Dalai Lamat at U. N.

5015. Shri Onkar Lal Berwa : Will the Minister of External Affairs be pleased to state :

(a) whether Government's attention has been drawn to a statement made by the Head Lama of Ladakh recently wherein he has requested Government to sponsor and support the Dalai Lama in the United Nations; and

(b) if so, the reaction of Government thereto ?

The Prime Minister Minister, of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs (Shrimati Indira Gandhi) : (a) Government have seen Press reports to this effect.

(b) Government has supported in the past and will support any resolution in the U. N. General Assembly calling for the cessation of practices which result in the deprivation of fundamental human rights in Tibet.

## समाचार पत्रों में साम्प्रदायिक भावना फैलाने वाले लेखों पर प्रतिबन्ध

5016. श्री रा० कृ० सिंह : क्या सूचना और प्रसारण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिसम्बर, 1968 के आरम्भ में सूचना मन्त्रियों के क्षेत्रीय सम्मेलन में समाचार पत्रों में साम्प्रदायिक भावना फैलाने वाले लेखों पर प्रतिबन्ध लगाने के सम्बन्ध में भी चर्चा की गई थी, और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और क्या निर्णय किया गया है ?

सूचना और प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह) : (क) और (ख) : समाचारपत्रों में साम्प्रदायिक भावना भड़काने वाले लेखों से निबटने के प्रश्न पर हाल ही में सूचना मन्त्रियों के पूर्वी, पश्चिमी और उत्तरी क्षेत्रीय सम्मेलनों में चर्चा की गई थी । सम्मेलन इस बात पर

एकमत थे। कि केन्द्रीय तथा राज्य सरकारें साम्प्रदायिक प्रकार के लेखों की कड़ी जांच करती रहें। न मानने पर, अभ्यस्त दोषों समाचारपत्रों के विरुद्ध कानून के अन्तर्गत मुकदमा चलाना होगा। यह स्वीकृत हुआ था कि इस प्रकार के मामलों में सरकारी विज्ञापन देने में केन्द्रीय और राज्य सरकारों के बीच एक समन्वित दृष्टिकोण रखा जाए।

## भूटान के लिए नया संविधान

5017. **श्री सीताराम केसरी :** क्या वैदेशिक-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या नया संविधान तैयार करने के लिए भूटान सरकार ने भारत से सहायता मांगी है; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) :** (क) जी नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

## विद्रोही नागा नेता का चीन से वापिस लौटना

5018. **श्री सीताराम केसरी :** क्या वैदेशिक-कार्य मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि फिजो समर्थक फेडरेशन नेता 'जनरल' मोवा चीन से सैनिक प्रशिक्षण प्राप्त कर कुछ नागा लोगों के साथ भारत वापिस लौट आया है; और

(ख) यदि हां, तो उसके भारत वापिस लौटने तथा फिजो समर्थक द्वारा युद्ध की तैयारी किये जाने से उत्पन्न स्थिति का मुकाबला करने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ?

**प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) :** (क) और (ख) : सरकार को जो सूचना मिली है उसके अनुसार छिपे नागाओं के नेता मौवू अंगामी चीन में प्रशिक्षित नागाओं के एक दल के साथ अगस्त से नागालैंड की सीमा पर बर्मा में हैं और नागालैण्ड में घुसने का प्रयत्न करते रहे हैं लेकिन अभी तक सफल नहीं हुए हैं। ऐसा समझा जाता है कि मौवू अंगामी ने अपने दल को दो भागों में बांट दिया है जिससे कि वे नागालैण्ड में आसानी से घुस सकें। हमारी सुरक्षा सेना इन सब बातों के प्रति सजग है और इन दलों को घुसने से रोकने के लिये उसने आवश्यक उपाय कर लिये हैं। अगर ये दल किसी तरह आने में सफल हो गए और इन्होंने उपद्रव करना फिर शुरु किया तो हमारी सुरक्षा सेनाएं इस स्थिति में है कि उनसे कारगर तरीके से निपट सकें।

**सक्रिय (लाइव) ट्रांसमीटर पर काम करने वाले आकाशवाणी के मैकेनिक**

5019. **श्री देवकीनन्दन पाटोदिया :** क्या सूचना और प्रसारण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत 16 महीनों में छः व्यक्ति दुर्घटना के कारण मर गए है क्योंकि आकाशवाणी के मैकेनिकों को उनके अधिकारियों ने सक्रिय ट्रांसमीटर पर काम करने के लिये बाध्य किया था,

(ख) क्या इस दुर्घटना के परिणामस्वरूप एक मजदूर भी मर गया था,

(ग) क्या सुरक्षा विनियमनों के अधीन कोई अधिकारी मैकेनिकों को गरम तार पर काम करने के लिये कह सकता है,

(घ) यदि नहीं, तो क्या इसका पता लगाने के लिये कोई उच्चस्तरीय जांच की गई है, और

(ङ) ऐसे आदेश किस प्रकार दिये गये और मृत तथा घायल कर्मचारियों को प्रतिकर दिया गया है और यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं ?

**सूचना और प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह) :** (क) जी नहीं। आकाशवाणी के मैकेनिकों को ट्रांसमीटरों के चलते समय खतरे वाले स्थानों पर कार्य नहीं करना होता। गत 16 महीने के दौरान 5 दुर्घटनाएं हुई जिनमें ट्रांसमीटरों पर कार्य करते हुए छः व्यक्ति अर्थात तीन मैकेनिक, एक क्लीनर, एक सीनियर इन्जीनियर सहायक और एक खलासी ग्रस्त थे। इनमें से एक दुर्घटना, जिसमें एक मैकेनिक ग्रस्त था, घातक थी और अन्य दुर्घटनाएं लघु प्रकार की थीं।

(ख) जी, हां। इन दुर्घटनाओं के परिणामस्वरूप एक मैकेनिक की मृत्यु हो गई।

(ग) जी, नहीं।

(घ) जांच की गई थी और यह पाया गया कि मृत को खतरे वाले स्थानों पर कार्य नहीं करना था। परन्तु संयोगवश उसका एक खतरे वाले स्थान से सम्पर्क हो गया।

(ङ) मृत के परिवार को स्टाफ के सदस्यों द्वारा दी गई एच्छिक सहायता के अतिरिक्त 1,000 रुपये का अनुग्रह पूर्वक अनुदान दिया गया है। मृत की विधवा को ग्रेच्यूटी और असाधारण पेंशन देने के आदेश जारी कर दिये गये हैं। भारत की अनुग्रह निधि से अनुदान देने का एक प्रस्ताव भी सरकार के विचाराधीन हैं। पांच अन्य व्यक्तियों को कोई मुआवजा नहीं दिया गया, क्योंकि दुर्घटनाएं बहुत ही छोटी प्रकार की थीं।

**उपग्रहों को छोड़ा जाना**

5020. **श्री देवकीनन्दन पाटोदिया :** क्या प्रधान मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उपग्रहों के छोड़े जाने की नई परियोजना के लिये और उपग्रह केन्द्र स्थापित किये जायेंगे ; और

(ख) यदि हां, तो क्या उन स्थानों का चुनाव अन्तिम रूप से कर लिया गया है ?

**प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मन्त्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) :** (क) जी हां ।

(ख) जी अभी नहीं ।

**काश्मीर के विकास के बारे में गजेन्द्र गडकर आयोग का प्रतिवेदन**

5021 **श्री देवकीनन्दन पाटोदिया :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि काश्मीर के सामाजिक तथा अन्य क्षेत्रीय महत्व को देखते हुए गजेन्द्र गडकर आयोग ने अपने प्रतिवेदन में यह सुझाव दिया है कि इसके विकास के लिये केन्द्रीय सरकार को विशेष सहायता देनी चाहिये;

(ख) यदि हां, तो इस समय केन्द्र द्वारा राज्य की विकास योजनाओं के लिये कितनी सहायता दी जा रही है; और

(ग) उपर्युक्त भाग (क) में उल्लिखित सुझाव पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मन्त्री योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) :** (क) से (ग) : गजेन्द्र गडकर आयोग जम्मू तथा काश्मीर सरकार द्वारा नियुक्त किया गया था । अतः इस आयोग के प्रतिवेदन पर कार्रवाई करना, मुख्यतः जम्मू तथा कश्मीर सरकार की जिम्मेदारी है । फिर भी, यह कहा जा सकता है कि राज्य की वार्षिक योजना 1968–69 के लिये सारी वित्तीय व्यवस्था केन्द्र द्वारा की जायेगी ।

**अणु शक्ति विभाग में अराजपत्रित अनुसचिवीय कर्मचारी**

5022 **श्री हरदयाल देवगुण :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अणु-शक्ति विभाग में अस्थागी अराजपत्रित अनुसचिवीय कर्मचारियों की कुल संख्या क्या है;

(ख) उनमें से कितने कर्मचारियों ने 1 जुलाई, 1968 को 3 वर्ष या इससे अधिक की सेवा पूरी करली थी; और

(ग) उनको स्थायी या अर्द्धस्थायी घोषित करने के क्या कारण हैं ?

**प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) :** (क) 1648

(ख) 915

(ग) 1–7–1968 को जिन कर्मचारियों ने 3 वर्ष का सेवाकाल पूरा कर लिया है उनके मामले विचाराधीन हैं तथा उनमें से जो स्थायीकरण के लिये निर्धारित शर्तों को पूरा करते हैं को स्थायी । स्थायीवत् करने का कार्य किया जा रहा है ।

**विदेशों में भारतीय दूतावासों के बारे में विदेश सेवा निरीक्षकों की सिफारशें**

5023 : **श्री लतीफ अली खां** : क्या वैदेशिक कार्य मंत्री विदेशों में भारतीय दूतावासों के बारे में विदेश सेवा निरीक्षकों की सिफारिशों के बारे में विदेश 4 दिसम्बर, 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 3204 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) लंदन में स्थित भारतीय उच्चायुक्त में जिन 253 पदों को समाप्त करने की सिफारिश की गई थी उनमें से 110 पदों का समाप्त करने में और कितना समय लगने की संभावना है;

(ख) 110 पदों को समाप्त करने में विलम्ब के कारण कुल कितनी विदेशी मुद्रा की हानि हुई; और

(ग) विभिन्न मंत्रालयों, विभागों में काम करने वाले कर्मचारियों को अलग-अलग कुल संख्या क्या है और उन पर प्रतिवर्ष कितनी विदेशी मुद्रा खर्च की जाती है ?

**प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी)** : (क) सम्बन्धित मन्त्रालयों,/विभागों द्वारा विदेश सेवा निरीक्षकों की सिफारिशों को शीघ्र कार्यान्वित करने के प्रयास जारी हैं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) एक विवरण सभा पटल पर रखा जाता है **[पुस्तकालय में रखा गया। देखिए संख्या एल. टी. 2766/68]**

**पूना छावनी बोर्ड**

5024 : **श्री हेमराज** ; क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि ;

(क) क्या यह सच है कि सिविल एरिया कमेटी द्वारा मकानों के लिये जारी किये गये आवेदन पत्रों से प्राप्त आय छावनी बोर्ड, पूना को नहीं मिल रही है; और

(ख) यदि हां, तो इस मामले में छावनी बोर्ड के अधिकारियों को समाप्त करने के क्या कारण है ?

**प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्णसिंह)** : (क) भवनों के लिये अनुमति के सम्बन्ध में पूना छावनी बोर्ड द्वारा कोई शुल्क नहीं लिया जाता। इसलिये भवनों के निर्माण के लिये प्रार्थना पत्रों के कारण हुए राजस्व में ह्रास का प्रश्न उठता ही नहीं।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता।

**प्रधान मंत्री की लातीनी अमरीकी देशों की यात्रा के समय भारतीय दूतावासों द्वारा प्रचार पर किया गया व्यय**

5025 : **श्री मधु लिमये** : क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) प्रधान मंत्री की लातीनी अमरीकी देशों की यात्रा के समय भारतीय दूतावास द्वारा और उसके पहले प्रचार पर कितनी धनराशि व्यय की गई; और

(ख) क्या यात्रा तथा उसके प्रचार पर किये गये व्यय को सरकार आवश्यक समझती है ?

**प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी)** : (क) : 106074/95/= रु० (एक लाख छह हजार चौहत्तर रुपये और पिच्चानवें पैसे)।

(ख) : जी हां।

**परमानेन्ट मैगनेट्स कम्पनी द्वारा भूमि का अर्जन**

5026 : **श्री मधु लिमये** : क्या प्रधान मंत्री 27 नवम्बर, 1968 के तारांकित प्रश्न संख्या 383 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या भारत सरकार ने महाराष्ट्र सरकार द्वारा या अपने ही साधनों से आवास बोर्ड द्वारा मकान बनाने के लिये अर्जित भूमि के स्वामित्व या किरायेदारी के अधिकारों और उसके बाद उसे परमानेन्ट मैगनेट्स कम्पनी को हस्तान्तरित करने के बारे में और जानकारी एकत्रित करली है;

(ख) क्या सरकार ने इस व्यापार के औचित्य के बारे में पुनः जांच की है;

(ग) क्या सरकार का विचार विशेषकर इस मामले की जांच के बारे में एक जांच आयोग की नियुक्ति करने का है; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी)** : (क) राज्य सरकार ने निम्नलिखित मजीद जानकारी भेजी है :

महाराष्ट्र आवास बोर्ड ने वह भूमि अक्तूबर, 1958 में एक निजी पार्टी से खरीदी थी। बयनामे को अन्तिम रूप देने से पहले बोर्ड के कानूनी सलाहकार के द्वारा प्रस्तावित बिक्री के बारे में एक विज्ञापन दिया गया था और ऐतराज मांगे गये थे। किसी ने कोई दावा या ऐतराज पेश नहीं किया।

खरीद के पहले भूमि, कागजात में, बिलिमोरिया परिवार के नाम दर्ज थी।

दूसरे विश्व-युद्ध के दौरान सरकार ने सैनिक उद्देश्यों के लिये भूमि अधिगृहीत करली थी, और सन् 1956 में ही उसे अनधिगृहीत करके बिलिमोरिया परिवार के हवाले किया। तब तक वह भूमि सरकार के कब्जे में रही।

कुछ व्यक्ति भूमि के एक भाग को जोत रहे थे। किसानों ने माल अधिकारियों को, जिनमें महाराष्ट्र के 'रेवन्यु ट्रिब्युनल' के अध्यक्ष भी शामिल थे, इस आशय की अपीलें की थीं कि उन्हें खेतिहर किरायेदार माना जाय। उनकी अपीलें 10-7-61 को ट्रिब्युनल ने

नामंजूर कर दी थीं। तदुपरांत बोर्ड की भूमि से महाराष्ट्र आवास बोर्ड के समर्थ अधिकारी द्वारा अनधिकृत किसानों को हटा दिया गया, परन्तु अनधिकृत कब्जा जारी है और बेदखली की कार्यवाही भी जारी है। समर्थ अधिकारी द्वारा किये गये बेदखली के आदेशों के विरुद्ध अब कुछ अनधिकृत कब्जा करने वालों ने महाराष्ट्र सरकार के आगे अपीलें दायर की हैं।

कुछ व्यक्तियों ने ट्रिब्युनल के फैसले के बाद मामलातदार, अंधेरी के आगे नई दरखास्तें पेश की थीं, जिनमें भूमि अधिकारियों की मांग की गई थी। अधिकांश दरखास्तें रद्द कर दी गई हैं, परन्तु तीन दरखास्तें मामलातदार, अंधेरी के आगे, अभी विचाराधीन हैं। राज्य सरकार ने यह भी बताया है कि उन्हें यह मालूम नहीं है कि किसान आदिवासी हैं या नहीं।

(ख) से (घ) : यह विषय राज्य सरकार के क्षेत्राधिकार में आता है। भारत सरकार किसी जांच की आवश्यकता नहीं समझती।

**पश्चिम बंगाल की विकास योजनाएं**

5027 : **श्री जुगल मण्डल** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पहली दूसरी और तीसरी पंचवर्षीय योजनाओ में सम्मिलित की गई पश्चिम बंगाल की विकास योजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) उन योजनाओं की संख्या और नाम क्या हैं जो पूर्ण हो चुकी हैं;

(ग) क्या ये सब विकास योजनाएं निर्धारित समय में पूरी हो गई थीं; और

(घ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण थे ?

**प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी)** : (क) से (घ) : सिंचाई बिजली और औद्योगिक क्षेत्रों की योजनाओं के सम्बन्ध में एक विवरण सभा पटल पर प्रस्तुत है। [**पुस्तकालय में रखा गया। देखिए संख्या एल. टी 2767/68**]

आगे और सूचना एकत्रित की जा रही है और जैसे ही उपलब्ध होगी सभा पटल पर प्रस्तुत कर दी जायेगी।

**बंगाली चलचित्रों को मनोरंजन कर से छूट**

5028 : **श्री जुगल मण्डल** : क्या सूचना और प्रसारण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पिछले पांच वर्षों में बंगाली चलचित्र उद्योग द्वारा निर्मित किसी बंगाली चलचित्र को मनोरंजन कर से छूट दी गई है; और

(ख) यदि हां, तो इस चलचित्र का नाम क्या है और उसको मनोरंजन कर से छूट दी जाने के क्या कारण हैं ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह)** : (क) और (ख) : अपेक्षित जानकारी राज्य सरकारों से एकत्र की जा रही है और यथासमय सदन की मेज पर रख दी जायेगी।

**पश्चिम बंगाल में राष्ट्रीय छात्र सेना दल**

5029 : **श्री जुगल मंडल :** क्या **प्रतिरक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि केन्द्रीय सरकार और पश्चिम बंगाल सरकार का राज्य में राष्ट्रीय सेना छात्र दल पर 1968--69 में कितनी-कितनी धनराशि खर्च करने का विचार है ?

**प्रतिरक्षा मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री मं०रं० कृष्ण):** एन० सी० सी० पर उठे समस्त खर्च का हिसाब अलग अलग नहीं रखा जाता । 1968--69 के दौरान पश्चिम बंगाल में एन० सी० सी० की आयोजित जनशक्ति के प्रति व्यक्ति पर उठने वाले खर्च के आधार पर केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार द्वारा किया गया लगभग खर्च होगा क्रमश; 92.81 लाख रुपये और 75.14 लाख रुपये ।

**सलाहकार समितियां**

5030 : **श्री जुगल मंडल :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री 13, नवम्बर 1968 के अतारांकित प्रश्न संख्या 547 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनके मंत्रालय के अन्तर्गत सलाहकार समितियों के बारे में अपेक्षित जानकारी इस बीच एकत्र कर ली गई है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**सूचना और प्रसारण मन्त्री (श्री के० के० शाह) :** (क) जी, हां ।

(ख) एक विवरण सदन की मेज पर रख दिया गया है जिसमें अपेक्षित जानकारी दी गई है । **[पुस्तकालय में रखा गया । देखिये एल. टी. 2768/68]**

**वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय अनुसंधान में धन का विनियोजन**

5031 **श्री जुगल मंडल :** क्या **प्रधान** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या योजना आयोग ने चौथी पंचवर्षीय योजना में वैज्ञानिक और औद्योगिकीय अनुसंधान में धन विनियोजन करने के लिये संसोधनों का कोई अनुमान लगाया है; और

(ख) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है ?

**प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) :** (क) और (ख) : वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय अनुसंधान में विनियोजन सरकारी तथा गैर-सरकारी दोनों प्रकार के विभिन्न संगठनों में व्यापक रूप से बिखरा पड़ा है । चौथी योजना प्रस्तावों को तैयार करते समय, सीधे वैज्ञानिक और प्रौद्योगिकीय अनुसंधान कार्य कर रहे संगठनों के विषय में इस प्रकार की सूचना को एकत्रित करने का प्रयत्न किया जा रहा है । चौथी योजना को अन्तिम रूप देने के बाद स्थिति स्पष्ट हो जायेगी ।

**परिवार साथ रखने वाले स्थानों पर तैनात सैनिकों के लिये आवास की व्यवस्था**

5032 **श्रीमती निर्लेप कौर :** क्या **प्रतिरक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मोर्चे पर अपना सेवा काल पूरा करने के बाद परिवार साथ रखने वाले स्थानों पर तैनात किये गये सैनिकों को पारिवारिक क्वार्टर दिये जाते हैं और स्कूलों में उनके बच्चों के प्रवेश के लिये व्यवस्था की जाती है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि इसके बावजूद पालम (दिल्ली) में तैनात अनेक सैनिकों के लिये आवास की व्यवस्था नहीं की गई है; और

(ग) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं और इन सैनिकों की संख्या कितनी है ?

**प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्णसिंह) :** (क) ऐसे स्थानों पर कि जहां कुटुम्ब साथ रह सकते हैं, नियुक्त किये सैनिक सेविवर्ग अधिकृत विवाहित संख्या के निर्धारित प्रतिशत तक कुटुम्ब वास्य भवनों के अधिकारी हैं। जहां पर्याप्त रक्षा गृहीत वास्य भवन प्राप्य नहीं हैं, उनकी किर ये पर लिये गये भवनों द्वारा यथासम्भव अनुपूर्ति की जाती है जबकि शेष अधिकारी सेविवर्ग भवनों के बदले किराये की पुनः वसूली या मुआवजे की दावेदारी कर सकते हैं। विवाहितों के लिये वास्य भवनों की कमी प्रावस्थित कार्यक्रम के अनुसार नये निर्माण द्वारा लगातार कम की जा रही है।

यद्यपि ऐसे स्थानों पर कि जहां कुटुम्ब साथ रह सकते हैं, नियुक्त किये गये सैनिक सेविवर्ग के बच्चों के लिये स्कूल में प्रवेश की गारंटी नहीं की जाती, ऐसे प्रवेशों में प्रायः कोई कठिनाई नहीं होती।

(क) और (ग) : पालम स्टेशन के सम्बन्ध में सूचना इकट्ठी की जा रही है, और एक विवरण सभा के पटल पर रख दिया जायेगा।

**विद्रोही नागाओं के साथ मुठभेड़**

5033 **श्री हेम बरुआ :** क्या **वैदेशिक-कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय सुरक्षा दल तथा भूमिगत नागाओं के बीच कोहिमा से दस मील दूर मेमोएना में हाल में ही मुठभेड़ हुई थी; और

(ख) यदि हां, तो घटना का ब्यौरा क्या है तथा दोनों ओर से कितने व्यक्ति हताहत हुए ?

**प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी) :** (क) और (ख) : 2 दिसम्बर. 1968 को हमारी सुरक्षा सेना ने चीन से लौटे हुये छिपे नागाओं की खोज करते हुये कोहिमा से 10 किलोमीटर दूर मेमोएना के नजदीक एक शिविर पर धावा बोला था, जिसके बारे में बताया गया था कि वह शिविर उन्हीं लोगों का एक अड्डा था। करीब एक घण्टे तक दोनों ओर से गोली चली और उसके बाद शिविर वासी जंगल में चले गये। उनका शिविर नष्ट कर दिया गया था, कुछ शस्त्र और गोला

बारूद बरामद कर लिये गये। सुरक्षा सेनाओं में कोई हताहत नहीं हुआ। छिपे नागाओं में कितने हताहत हुए, यह अज्ञात है।

**हिन्द महासागर में रूसी नौसेना के स्वबोड्रन**

5034 : **श्री हेम बरुआ** : क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रूसी नौसेना के दो छोटे स्वबोड्रन हाल ही में हिन्द महासागर में आये थे;

(ख) यदि हां, तो क्या ऐसा करने के निर्णय की सूचना सरकार को दी गई थी;

(ग) यदि हां, तो इस घटना का ब्यौरा और इसके पीछे मुख्य उद्देश्य क्या था; और

(घ) इसके बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी)** : (क) इस मामले में सरकार के पास कोई सूचना नहीं है।

(ख) से (घ) प्रश्न नहीं उठते।

**बर्मा में नजरबन्द भारतीय राष्ट्रिक**

5035 : **श्री वेदव्रत बरुआ** : क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या यह सच है कि कुछ भारतीय नागरिक पिछले एक वर्ष से बर्मा सरकार द्वारा नजरबन्द किये गये हैं; और

(ख) यदि हां, तो उनकी संख्या क्या है ?

**प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी)** : (क) और (ख) : हमारे पास सुलभ सूचना के अनुसार 81 भारतीय राष्ट्रिक आर्थिक व अप्रवासन सम्बन्धी अपराधों के अन्तर्गत बंदी हैं। इसके अतिरिक्त, 1968 के पहले कुछ महीनों में 10 भारतीय राष्ट्रिक और गिरफ्तार किये गये थे लेकिन उनके अपराधों की प्रकृति से सूचित नहीं किया गया है।

**परमाणु विकास कार्य**

5036 : **श्री शिवचन्द्र झा** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने चौथी पंचवर्षीय योजना में परमाणु विकास कार्यों पर खर्च करने के लिये धनराशि का नियतन अन्तिम रूप में कर दिया है; और

(ख) यदि हां, तो उन पर कुल कितना धन खर्च किया जायेगा और किन-किन परियोजनाओं पर ?

**प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मन्त्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी)** : (क) : जी नहीं ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

**भारतीय आयोजन के लिये विदेशी विशेषज्ञ**

5037 **श्री शिवचन्द्र झा** : क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का विचार भारतीय आयोजन के बारे में परामर्श हेतु विदेशों से कुछ आयोजना विशेषज्ञों को बुलाने का है;

(ख) यदि हां, तो कब और वे कौन हैं; और

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

**प्रधान मंत्री अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी)** : (क) जी, नहीं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) यह आवश्यक नहीं समझा जाता ।

**अमरीका में भारतीय दूतावास में सांस्कृतिक सहचारी के कर्त्तव्य**

5038 : **श्री शिवचन्द्र झा** : क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अमरीका में भारतीय दूतावास में सांस्कृतिक सहचारी के कर्त्तव्य क्या है;

(ख) क्या वर्तमान सांस्कृतिक सहचारी इन कर्त्तव्यों का पालन करता है; और

(ग) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी)** (क) : संयुक्त राज्य अमरीका के भारतीय दूतावास में सांस्कृतिक सहचारी नाम का कोई अधिकारी नहीं है ।

(ख) और (ग) : प्रश्न नहीं उठते ।

**क्यूबा में पृथक भारतीय राजदूत**

5039. **श्री शिव चन्द्र झा** : क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या क्यूबा में एक पृथक भारतीय राजदूत रखने को सरकार की योजना है ;

(ख) यदि हां तो कब, और

(ग) यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?

**प्रधान मन्त्री, अणु-शक्ति मन्त्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी)** : (क) जी नहीं, फिलहाल नहीं।

(ख) प्रश्न नहीं उठता।

(ग) वर्तमान व्यवस्था के अनुसार मेक्सिको में भारत का निवासी राजदूत ही क्यूबा में में भी राजदूत के रूप में प्रत्यायित कर दिया जाता है और यह व्यवस्था प्रायः संतोषजनक है।

**1965 का भारत-पाक संघर्ष**

**5040. श्री शिवचन्द्र झा** : क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1965 में भारत-पाक सघर्ष कितने घण्टे चला था ;

(ख) भारत द्वारा पाकिस्तान के कितने टैंक नष्ट किये गये थे ;

(ग) उस संघर्ष में कितने भारतीय तथा पाकिस्तानी सैनिक मारे गये थे ;

(घ) उस सघर्ष के दौरान भारत ने पाकिस्तान की कितनी भूमि पर कब्जा कर लिया था ;

(ङ) उसमें से कितनी भूमि अभी तक भारत के पास है ; और

(च) क्या कब्जे में की गई भूमि पाकिस्तान को लौटा दी गई है और यदि हां, तो किन शर्तों पर ?

**प्रतिरक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह)** : संघर्ष भारतीय भूक्षेत्र में सशस्त्र संक्रिया के विचार से पाकिस्तान ने सशस्त्रों के व्यक्तियों द्वारा भारी संख्या में घुसपैठ के साथ 5 अगस्त, 1965 को शुरू हुआ था। युद्धविराम 23-12-65 को प्रातः साढ़े तीन बजे लागू हुआ। उपरोक्त अवधि लगभग 1180 घटों की है।

(ख) 475 पाकिस्तानी टैंक विध्वस्त कर दिए गए थे या क्षतिग्रस्त। इन में से 39 चालू हालत में पकड़ लिए गए थे।

(ग) अपनी ओर 32950 व्यक्ति मारे गए हैं, जिन में वह भी शामिल हैं, जिन्हें पहले गुम घोषित किया गया था। परन्तु अब लगता है वह भी मारे गए हैं। 5800 से अधिक पाकिस्तानी सेविवर्ग मारे गए थे।

(घ) 470 वर्ग मील। इसके अतिरिक्त 270 वर्गमील पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में भी अधिकार जमा लिया गया था।

(ङ) कुछ भी नहीं।

(च) जी हां, ताशकन्द घोषणा के अन्तर्गत, जिस में भारत और पाकिस्तान के सेविवर्ग के 5 अगस्त, 1965 से पहले के उनके कब्जे में स्थानों तक लौटाए जाने के लिए उपबंध किया गया था।

## ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक रेडियो सेट

5041. श्री धीरेश्वर कलिता : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इस समय देश में ग्रामीण क्षेत्रों में सामुदायिक रेडियो सेटों की संख्या कितनी है,

(ख) कितने प्रतिशत ग्रामीण जनसंख्या इन का लाभ उठा सकती है,

(ग) इन में से कितने सेट ठीक कार्य कर रहे हैं, और

(घ) समस्त ग्रामीण जनसंख्या के लिये सामुदायिक रेडियो सेटों की व्यवस्था कब तक की जायेगी ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) : (क) और (घ): सूचना एकत्र की जा रही है और यथासमय सदन की मेज पर रख दी जायेगी ।

## 1971 तक प्रत्येक भारतीय के लिये एक रेडियो सैट का लक्ष्य

5042. श्री धीरेश्वर कलिता : क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यूनैस्को का अनुमान है कि 1971 तक भारत में प्रत्येक घर में एक रेडियो सैट हो जायेगा ;

(ख) क्या 1971 तक इस दृष्टिकोण की प्राप्ति संभव है ;

(ग) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(घ) देश में रेडियो सेटों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिये सरकार क्या कार्यवाही कर रही है ?

प्रतिरक्षा मंत्रालय में (प्रतिरक्षा उत्पादन )राज्य मंत्री (श्री ल० ना० मिश्र) : (क) से (घ): एक विवरण सभा-पटल पर रख जाता है ।

### विवरण

यूनैस्को ने इस बात पर बल दिया है कि विकास शील देशों में प्रति 200 व्यक्तियों के लिए कम से कम एक रेडियो रिसीवर होना चाहिए, और कि अंतिम लक्ष्य यह होना चाहिए कि हर एक कुटुंब के लिए एक रेडियो होना चाहिए । प्रसारण रिसीवरों की संख्या कि जिनके लाइसेंस जारी किए गए । 31-12-67 को 76 लाख थी । 1968 के दौरान रेडियो रिसिवरों की उत्पादन संख्या ऐसी प्रत्याशा है कि 20 लाख की होगी । ऐसी आयोजना बनाई गई है कि 1973 तक वार्षिक उत्पादन 70 लाख तक का हो जाना चाहिए ।

भारी संख्या में अच्छी किस्म के सस्ते रेडियोओं का उत्पादन सुनिश्चित करने के लिए पग उठाए गए है । रेडियोओं के निर्माण के लिए स्थापित की जा रही नई क्षमता का 75 प्रतिशत सस्ते रेडियोओं के लिए हैं । रेडियोओं में लगाए जाने वाले संघटकों का भारी संख्या में

निर्माण स्थापित किया जा रहा है संघटकों और रेडियोओं की कीमतें नीचे आ रही हैं, और आशा है और नीचे आएंगी।

स्थापित की जा रही अतिरिक्त क्षमता तथा सस्ते रेडियो सेटों के भारी संख्या में निर्माण के साथ ऐसी आशा है कि प्रति 20 व्यक्तियों के लिए कम से कम एक रिसीवर का लक्ष्य चौथी योजना के अन्त तक पूरा किया जा सकेगा।

**कम लागत वाले रेडियो सेटों की कीमतें**

5043. **श्री धीरेश्वर कलिता** : क्या प्रतिरक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में कम लागत वाले रेडियो सेटों की कीमतें अन्य देशों जैसे जापान में निर्मित्त ऐसे सैटों की कीमतों की तुलना में बहुत अधिक है ;

(ख) यदि हां, तो भारत में निर्मित सैटों की कीमतें अधिक होने के क्या कारण है; और

(ग) सरकार ने भारत में बनाने वाले कम लागत वाले रेडियों सेटों की कीमतें और निर्मित्त अधिक कम करने के लिये क्या कार्यवाही की है ?

**प्रतिरक्षा मंत्रालय में (प्रतिरक्षा उत्पादन) राज्य मंत्री (श्री ल० ना० मिश्र)** : (क) और (ख): देश में बनाए गए कम लागत के रेडियो रिसीवरों की कीमतें काफी नीचे आ गई हैं, यद्यपि अब भी वह जापान या अन्य देशों में बने वैसे ही सैटों की कीमतों से अधिक हैं। उच्चतर कीमतों का मुख्य कारण है देशीय निर्मित वैद्यूती सघटों की लागत, जो रेडियो रिसीवरों के निर्माण में लगाए जाते हैं।

(ग) ऐसे पग उठाए गए है कि संघट सस्ते मूल्यों पर प्राप्य हो जाएं, कि जिससे भारतीय निर्माण के कम लागत के रेडियो रिसीवरों की कीमतें और नीचे आ जाएंगी।

**Hindi Work in I. & B. Ministry**

5044. **Shri Shiv Charan Lal** : Will the Minister of **Information and Broadcasting** be pleased to state :

(a) the arrangements made by his Ministry to achieve following objectives in view of the orders issued by the Ministry of Home Affairs in regard to the implementation of the Offical Languages Act :

( i ) bringing out all the Publications of his Ministry in Hindi,

( ii ) maintaining the service books of class IV employees in Hindi.

( iii ) getting prior allocation of funds done by the Ministry of Finance for providing translators and typewriters in view of the increasing demand of Hindi translation-work,

( iv ) teaching of Hindi to all the officers and employees below 45 years of age as on the 1st January, 1961, under the Hindi Teaching Scheme,

( v ) directing Hindi-knowing employees to do their work in Hindi.

( vi ) appointing Hindi-knowing persons against the post of Joint Secretary. Deputy Secretary and Under Secretary with a view to implement Hindi introduction Scheme and Hindi Teaching Scheme ; and

(b) the dates on which orders were received from the Ministry of Home Affairs :gard to the aforesaid objectives and the dates from which arrangements were made by Ministry therefor as also the results thereof ?

**The Minister of Information and Broadcasting (Shri K. K. Shah) :**

(a) (1) The Publications Division of this Ministry has a Hindi Wing headed by a Deputy Director assisted by other complement of staff for bringing out Hindi editions of the literature brought out by the Division. Similar arrangements also exist in the Unit editing Collected Works of Mahatma Gandhi.

All the literature meant for wide distribution, relation to National campaigns such as Five Year Plan, Food, Family Planning, Savings, etc. is brought out by the Directorate of Advertising and Visual Publicity of this Ministry in Hindi (as well as each of the other regional languages). For this purpose there is the requisite editorial staff.

The Hindi version of Part I of Annual Report of the Registrar of Newspapers for India, entitled. Press in India' is published every year. The programme journals of I. A. R. are published in Hindi, English and a few other regional languages.

(a) (2) Ministry of Home Affairs have decided in August, 1968 that the entries in the Service Books of Class IV working in Central Government offices located in Hindi-speaking areas should be made in Hindi. They have also informed that the Service Books in diglot form (Hindi and English) are under print. These will be indented in January 1969 from the Central Forms Store, Calcutta while submitting the indent for the year 1969.

(a) (3) This Ministry has one Hindi Unit consisting of one Hindi Officer, One Hindi Assistant, one U. D. C. fully conversant with Hindi and one Hindi typist. The strength of staff is considered adequate. A programme for purchase of additional Hindi typewriters has been chalked out and this will be completed by next financial year.

(a) (4) According to arrangements made by Ministry of Home Affairs for teaching Hindi to the officers and employees below 45 years of age as on 1st January 1961, under Hindi Teaching Scheme, this Ministry releases 20% of the staff every year to learn Hindi.

(a) (5) As envisaged in para 4 of the Ministry of Home Affairs, O. M. No. 2/29/68-OL, dated the 6th July 1968, there is no restriction on the use of either Hindi or English in official business. The Officers/Officials are free to make a choice of the medium for noting and drafting.

(a) (6) There are no such orders as to appoint Hindi knowing persons against the post of Joint Secretary, Deputy Secretary and Under Secretary with a view to implementing Hindi introduction scheme and Hindi Teaching Scheme. However in terms of the Ministry of Home Affair's standing instructions, one Joint Secretary has been nominated for supervising implementation of various instructions relating to the use of Hindi and Hindi Teaching Scheme.

(b) The receipt of various orders issued by the Ministry of Home Affairs from time to time and the action taken thereon is summarized below ;-

(1) The Ministry of Home Affairs issued instructions in 1955 vide their O.M.NO. 59/2/54-Pub., I dated the 8th December 1955 regarding publication of

administrative reports, official journals etc., in Hindi as well as in English. This Ministry issued the Annual Report and some other publicity literature in Hindi as well as in English in 1956-57.

(2) In terms of presidential order regarding Offiticial Languages Act notified by the Ministry of Home Affairs vide their notification No. 2/8/60-OL dated 27th April, 1960, the in-service training in Hindi was made obligatory for the Central Government servants who were below 45 years of age on 1-1-1961. This Ministry has been progressively releasing its officials to be trained in Hindi.

(3) The Ministry of Home Affairs issued instructions regarding utilisation of Hindi trained and Hindi knowing staff for doing Hindi work in offices vide their O. M. No. 16/30,60-OL dated the 4th Oct., 1960. In this Ministry the Hindi typing work is done by the Hindi type knowing officials who were trained under Hindi Teaching Scheme. In so far the noting drafting in Hindi is concerned, the Ministry of Home Affairs recently clarified the position vide their O. M. NO. 2/29/68-OL dated the 6th July, 1968 that there should not be any restriction on use either Hindi or English in official business. The officers are free to make a choice of the medium for noting and drafting.

(4) In pursuance of Official Languages (Amendment) Act, 1967, the Ministry of Home Affairs issued instructions in August, 1968 for making prior allocation of funds for additional translating facilities and Hindi typewriters. This Ministry has already made provision in revised budget estimates to purchase 50 percent of additional Hindi Typewriters during current financial years.

(5) The instructions regarding maintaining the Service Books of Class IV employees in Hindi have been received from the Ministry of Home Affairs recently in August, 1968. As the Service Books in diglot forms are under print, these will be indented form from Central Forms Store, Calcutta next year.

**Stopping Broadcasts of Provocative Songs From A. I. R. Programmes**

5045. **Shri Shiv Charan Lal** : Will the Minister of **Information and Broadcasting** be pleased to state :

(a) whether Government are aware that many Judges of Delhi and other parts of the country have attributed the main cause of juvenile delinquncy to films and provocative songs etc. broadcast in the 'Vividh Bharati' programme and from different A. I. R. Stations :

(b) if so, whether Goverament propose to cut provocative and crime sequences from films and stop the broadcast of such songs from the Vividh Bharati programme and various A. I. R. Stations ; and

if not, the reasons therefor ?

**The Minister of Information and Broadcasting (Shri K K. Shah)** : (a) Government is aware of this opinion held by some people.

(b) All films are required to be certified by the Central Board of Film Censors before they are released for public exhibition and are subjected to cuts whenever the Censor Board so directs. The suitability of each film song is also examined for purposes of broadcast from A. I. R. Stations, notwithstanding certification of the film concerned by the Central Board of Film Censors

(c) Does not arise.

**'केवल व्यस्कों के लिये' चलचित्र**

5046 **श्री काशीनाथ पाण्डेय** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत पांच वर्षों में केन्द्रीय फिल्म सेन्सर बोर्ड द्वारा पास की गई उन फिल्मों के नाम क्या हैं जिन्हें केवल व्यस्कों के दिखाने के लिए पास किया गया है, और

(ख) उन फिल्मों के नाम क्या हैं, जिनका कोई भी भाग उपरोक्त अवधि में इस बोर्ड द्वारा नहीं काटा गया है ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह)** : (क) और (ख): सूचना एकत्र की जा रही है और यथासमय सदन की मेज पर रख दी जायेगी ।

**विदेशों में हिन्दी फिल्मों का प्रदर्शन**

5047. **श्री काशीनाथ पाण्डेय** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या फिल्म उद्योग द्वारा जनवरी, 1968 से नवम्बर 1968 तक की अवधि में बनाई गई किसी फिल्म को प्रदर्शन के लिए विदेशों में भेजा गया है,

(ख) यदि हां, तो इन फिल्मों के नाम क्या है तथा क्या उसे गैर-सरकारी एजेंसियों द्वारा भेजा गया है, अथवा भारतीय चलचित्र निर्यात निगम द्वारा, और

(ग) यदि इसे गैर-सरकारी फिल्म एजेंसियों द्वारा, भेजा गया है तो उन गैर-सरकारी एजेंसियों के नाम क्या हैं ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह)** : सूचना एकत्र की जा रही है और यथा-समय सदन की मेज पर रख दी जायेगी ।

**कुछ वितरकों द्वारा दिखाने के लिये दी गयी फिल्मों पर प्रतिबन्ध लगाना**

5048. **श्री काशीनाथ पाण्डेय** : क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गत दो वर्षों में तथा नवम्बर, 1968 के अन्त तक (1) पैरामाउन्ट फिल्म (2) कोलम्बिया फिल्म्स लिमिटेड तथा (3) ट्वेंटियथ सेंचरी फौक्स द्वारा भारत में वितरित की गयी किन्हीं फिल्मों पर केन्द्रीय फिल्म बोर्ड द्वारा प्रतिबन्ध लगाया गया था, और

(ख) यदि हां, तो उन फिल्मों के नाम क्या हैं ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह)** : (क) और (ख): जी, हां । फिल्मों के नाम तथा उनको प्रमाण-पत्र देने के लिए आवेदन करने वालों के नाम इस प्रकार हैं :—

| अवधि | फिल्म का नाम | आवेदन कर्ता का नाम | केफियत |
|---|---|---|---|
| 1966–67 | 1. बीच बाल | पैरामाउन्ट फिल्म्स | |
| | 2. डाई : डाई माई डार्लिंग | कोलम्बिया फिल्म्स | |
| | 3. दि चेज | कोलम्बिया फिल्म्स | |
| | 4. बाट इज न्यू पुस्सोकेट | ट्वेंटियथ सेंचरी फौक्स | |
| | 5. कास्टए एजियांट शैडो | ट्वेंनियथ सेंचरी फौक्स | संशोधित संस्करण को स्वीकृति दी गई। |
| 1967–68 | 1. फार ए फियू डालर्स मोर | ट्वेंटियथ सेंचरी फौक्स | |
| | 2. दि जेकाल्ज | ट्वेंटियथ सेंचरी फौक्स | |
| | 3. डैड हाट आन. ए, चैरी गो राऊंड | कोलम्बिया फिल्म्स | |
| | 4. एलफो | पैरामाउन्ट फिल्म्स | संशोधित संस्करण को स्वीकृति दी गई । |
| | 5. दि आइडल | पैरामाउंट फिल्म्स | |
| 1-4-1968 से 30-11-1968 तक | 1. दि इन्सीडेंट | ट्वेंटियथ सेंचरी फौक्स | केन्द्रीय फिल्म सेन्सर बोर्ड के सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए प्रमाण-पत्र देने से इन्कार करने के निर्णय के विरूद्ध आवेदनकर्त्ताओं से अपील प्राप्त होने पर, केन्द्रीय सरकार ने बोर्ड को केवल वयस्कों के समक्ष प्रदर्शन के लिए स्वीकृति देने का आदेश दिया था। |
| | 2. नवजो जौए | ट्वेंटियथ सेंचरी फौक्स | |

## 'गौरी' चलचित्र

5049. **श्री बसुमतारी :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हाल ही में प्रदर्शित किये गये "गौरी" नामक चलचित्र में, जिसका निर्माण मद्रास के श्री शिवाजी गणेशन ने किया है, आंख के आपरेशन के भयानक दृश्य दिखाये गये है,

(ख) यदि हां, तो इस चलचित्र को केवल वयस्कों को दिखाने के लिए प्रमाणित न किये जाने के क्या कारण है, और

(ग) क्या चलचित्र उद्योग द्वारा निर्मित किसी चलचित्र में इसी प्रकार से आंख का आपरेशन दिखाया गया है और यदि हां, तो उन चलचित्रों के नाम क्या हैं ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) :** (क) और (ख): आंख का आपरेशन सम्बन्धी दृश्य निस्सन्देह अप्रिय दृश्य है परन्तु इसे भंयकर नहीं कहा जा सकता। इस फिल्म को केन्द्रीय फिल्म सेन्सर बोर्ड ने अन्तर्निहित सभी बातों पर विचार करने के बाद 'यू' प्रमाणपत्र दिया था, अतः सरकार के लिए हस्तक्षेप करना ठीक नहीं होगा।

(ग) इस प्रकार के आंख के आपरेशन फिल्म "शान्ती", फिल्म "गौरी" के मूल तेलुगु रूपान्तर और एक डाकुमेन्ट्री शाट समेत अनेक भारतीय फिल्मों में दिखाए गए है।

## ताशकंद फिल्म समारोह

5050. **श्री बसुमतारी :** क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि अभी हाल में हुए ताशकद फिल्म समारोह में जिन फिल्म अभिनेताओं। अभिनेत्रियों ने भाग लिया उन के नाम क्या है तथा उन्हें वहां किस आधार पर भेजा गया था ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह) :** ताशकंद समारोह में हमारी सरकारी प्रविष्टियां इस प्रकार थी–(1) अनुपमा तथा (2) चम्मीन। समारोह के नियमों को शर्तों के अनुसार, प्रत्येक फिल्म के दो प्रतिनिधि नामजद किये गये :

(1) श्री हरीकृष्ण मुकर्जी, निर्देशक, अनुपमा फिल्म्स

(2) श्री एल० बी० ठाकुर, निर्माता अनुपमा फिल्म्स

(3) श्री रामू करियात, निर्देशक, फिल्म 'चम्मीन'

(4) श्री बाबू, निर्माता, फिल्म 'चम्मीन'

2. सूचना और प्रसारण उप मंत्री के नेतृत्व में भारतीय फिल्म प्रतिनिधिमण्डल, मास्को में अपना काम समाप्त करने के बाद, सोवियत अधिकारियों के नियन्त्रण पर ताशकन्द भी गया था। प्रतिनिधिमण्डल में निम्न व्यक्ति शामिल थे :–

(1) श्री राजेन्द्र कुमार

(2) श्री रामानन्द सागर

(3) श्री ए. एल. राघवन

(4) श्री अमृत लिंगम

3. इसके अतिरिक्त ताशकद समारोह के अधिकारियों ने फिल्म जगत के कई व्यक्तियों को सीधे निमन्त्रित किया था जिनमें से निम्न व्यक्तियों के समारोह में वास्तव में शामिल होने की सूचना मिली थी :—

(1) श्री एफ० सी० मेहरा

(2) श्री बलराज साहनी

(3) श्री जलाल आगा

(4) श्री राज कपूर

(5) श्री ओ० पी० रल्हन

(6) श्री गोपालकृष्णन्

**Lord Mounabatten's Speech on Shri Jawahar Lal's Last Birthday Anniversary**

**5051. Shri Madhu Limaye :** Will the Minister of External Affairs be pleased to State :

(a) whether the attention of Government has been drawn to the speech delivered by Lord Mountbatten in front of Cambridge University, London on the 14th November, 1968 in which he made a reference to his meeting with Shri Jawahar Lal Nehru when the latter visited Malaya (Malayasia) in 1946 ;

(b) whether the attention of Government has also been invited to that portion of Lord Mountbatten's speech in which he had said that Shri Jawaharlal Nehru did not lay or refused to lay wreath on the memorial of Azad Hind Fauj (I. N. A.) in Malaya when requested by him to do so ; and

(c) if so, whether this incident is true ?

**The Prime Minister, Minister of Atomic Energy, Minister of Planning and Minister of External Affairs) Shrimati Indira Gandhi) :** (a) and (b): Yes, Sir.

(c) No information is available with Government regarding the advice reported to have been given to Shri Jawaharlal Nehru.

**भारत नेपाल सीमा पर गिरफ्तार किये गये नेपालियों की रिहाई**

**5052. श्री बाल्मीकि चौधरी :** क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हाल में भारत नेपाल पर सुसता में भारतीय अधिकारियों द्वारा गिरफ्तार किये गये चार नेपालियों की रिहाई की मांग नेपाल सरकार ने की है;

(ख) यदि हां, तो इन व्यक्तियों को किन परिस्थितियों में गिरफ्तार किया गया था तथा क्या इस मामले से भारत और नेपाल के बीच कुछ सीमा विवाद संबंधित है और यदि हां; तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) नेपाल सरकार की प्रार्थना के बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री, योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इंदिरा गांधी)** : (क) से (ग) 11 दिसम्बर, 1968 को उपविदेश मंत्री द्वारा सदन में दिए गए ब्यान की ओर माननीय सदस्य का ध्यान आकृष्ट किया जाता है ।

**फिल्मों को प्रदर्शन की स्वीकृति प्रदान करना**

5053. **श्री अर्जुनसिंह भदौरिया** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि केन्द्रीय फिल्म सेन्सर बोर्ड ने (1) साधू और शैतान, (2) दिवाना, (3) संघर्ष, (4) एन ईवनिंग इन पेरिस, (5) झुक गया आसमान को प्रदर्शन की स्वीकृति प्रदान कर दी है, और

(ख) उक्त फिल्मों की बोर्ड द्वारा कब जांच की गयी थी तथा या इन फिल्मों के कुछ अंश काटे गये है यदि हां तो किन फिल्मों में ?

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह)** : (क) जी, हां ।

| (ख) फिल्म का नाम | प्रमाणपत्र देने की तारीख |
|---|---|
| (1) साधू और शैतान | 15-11-1968 |
| (2) दिवाना | 21-10-1967 |
| (3) संघर्ष | 19-9-1968 |
| (4) एन ईवनिंग इन पैरिस | 31-10-1967 |
| (5) झुक गया आसमान | 25-5-1968 |

केन्द्रीय फिल्म सेन्सर बोर्ड ने 'साधू और शैतान' 'संघर्ष' तथा 'एन ईवनिंग इन पैरिस' का कुछ अंश काटने के उपरान्त प्रमाणपत्र दिये थे । 'झुक गया आसमान' को 'यू' प्रमाणपत्र उन अंशों को काटने के बाद किया गया जिन अंशों को काटना उन्होंने मान लिया था 'दिवाना' फिल्म को सीधे ही 'यू' प्रमाणपत्र दिया गया था ।

(घ) विभिन्न मंत्रालयों विभागों को कतरनें भेजने के लिये जिन हिन्दी दैनिकों और साप्ताहिकों का निरीक्षण किया जाता है उनका हाल में ही पुनरीक्षण किया गया है और उसमें चार दैनिक और जोड़ दिये गये हैं । सूची का समय-समय पर पुनरीक्षण किया जायेगा । वर्तमान व्यवस्था को सन्तोषजनक पाया गया है ।

(ङ) प्रश्न नहीं उठता ।

## प्रोड्यूसर्स एसोसियेशन में नाम निर्देशन

5054. **श्री अर्जुन सिंह भदौरिया** : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1968-69 में फिल्म फैडरेशन आफ इण्डिया, स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड आफ इण्डिया तथा इण्डियन मोशन पिक्चर्स प्रोड्यूसर्स एसोसिएशन के सदस्यों के नाम क्या हैं,

(ख) इण्डियन मोशन पिक्चर प्रोड्यूसर्स एसोसियेशन में गत ग्यारह महीनों में कितनी फिल्मों के 'नामों' को रजिस्टर कराया गया और इन 'नामों' को किन 'बैनरों' में रजिस्टर किया गया था,

(ग) फिल्म कम्पनियों ने अपनी फिल्मों के नामों को रजिस्ट्रर कराने के लिए कोई फीस दी थी, और

(घ) यदि हां, तो उसकी राशि कितनी थी।

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह)** : (क) से (घ): ये गैर-सरकारी संगठन है और सरकार को इन विवरणों के बारे में कोई जानकारी नहीं है और न ही सरकार ने इन संगठनों में सदस्यों को नामजद ही किया है।

## भूतपूर्व विदेश सचिव श्री आर० के० नेहरू को साम्यवादी चीन के बारे में गोपनीय फाइलें सौंपना

5055. **श्री सु० कु० तापड़िया :**
**श्री चं० चु० देसाई :**
**श्री देवकीनन्दन पाटोदिया :**

क्या वैदेशिक-कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने साम्यवादी चीन से संबंधित गोपनीय फाइलें/कागजात भूतपूर्व विदेश सचिव, श्री आर० के० नेहरू को सौंप दिये हैं ;

(ख) यदि हां, तो किस प्रयोजन के लिये ;

(ग) क्या नेहरू को ये फाइलें/कागजात मंत्रिमंडल की पूर्व अनुमति लेकर सौंपे गये हैं अथवा वैदेशिक-कार्य मंत्रालय के किसी अधिकारी की मंत्रणा पर ऐसा किया गया है ; और

(घ) यदि इन फाइलों/कागजात में दी गई जानकारी का प्रयोग किन्हीं लेखों में किया जाता है, तो क्या यह सरकारी रहस्य अधिनियम का उल्लंघन नहीं होगा ?

**प्रधान मंत्री, अणु-शक्ति मंत्री योजना मंत्री तथा वैदेशिक-कार्य मंत्री (श्रीमती इन्दिरा गांधी)**: (क) से (ग): श्री आर०के० नेहरू ने चीन पर एक पुस्तक लिखने की अपनी योजना के सिलसिले में विदेश मंत्रालय के रिकार्ड देखने की अनुमति मांगी थी। वर्तमान नियमों के अनुसार तीन सचिवों की सिफारिश पर उन्हें अनुमति प्रदान कर दी गई थी लेकिन चीन से संबद्ध कोई

गोपनीय फाइल या कागजात वास्तव में श्री आर० के० नेहरू को नहीं दिखाए गए क्योंकि सरकार संबद्ध नियमों पर विचार कर रही है।

(घ) प्रश्न नहीं उठता।

**अतारांकित प्रश्न संख्या 403 दिनांक 18.12.68 के उत्तर में शुद्धि**

**Correction of Answer to U S R No. 403 dt. 18.12.68**

**सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री के० के० शाह)** : अतारांकित प्रश्न संख्या के भाग (क) के मूल उत्तर के स्थान पर निम्न उत्तर रख दिया जाए :–

(क) फिल्म 'महात्मा' फिल्म प्रभाग के सहयोग से मुख्य रूप से गांधी स्मारक निधि के धन से, निधि द्वारा निर्मित की गई। फिल्म प्रभाग ने निधि को अपने कुछ स्टाफ की सेवायें दीं और कुछ उपकरण प्रयोग करने के लिये दिये जिनका मूल्य लगभग 2,18,800 रूपये है।

---

## अविलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर ध्यान दिलाना

## CALLING ATTENTION TO MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

**टाटा उर्वरक परियोजना से विदेशी सहयोग वापस लिया जाना**

**श्री सु० कु० तापड़िया** (पाली) : मैं पेट्रोलियम तथा रसायन मंत्री का ध्यान निम्न लिखित अवलम्बनीय लोक महत्व के विषय की ओर दिलाता हूं तथा उनसे निवेदन करता हूं कि वह इस सम्बन्ध में एक वक्तव्य दें।

"अमेरीका कैमिकल कम्पनी, मैसर्स एलाइड कैमिकल्स द्वारा मीठापुर गुजरात में 176 करोड़ रुपये की टाटा उर्वरक परियोजना से अपना सहयोग वापस लिये जाने का समाचार"

**पैट्रोलियम तथा रसायन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रघुरामैया)** : मिथापुर में उर्वरक सन्यन्त्र की स्थापना के लिये टाटा कैमिकल्स ने जो प्रस्ताव दिया था, उसकी ईक्विटी पूंजी में यू० एस० ए० के अलाइड कैमिकल्स के 5 करोड़ रुपये तक भाग लिये जाने की व्यवस्था थी। अलाइड कैमिकल्स ने टाटा कैमिकल्स को प्रक्रिया प्रयोग के तरल अमोनिया, फोस्फोरिक एसिड और सल्फर की सप्लाई भी करनी थी। अन्तिम रूप से, अमेरिकन कम्पनी ने, हाइड्रो-क्लोरिक रूट (Route) से फास्फोरिक एसिड के उत्पादन के लिये अलाइड-आई एम आई प्रोसैस में अपनी तकनीकी का नि:शुल्क प्रयोग किए जाने की पेशकश की थी।

टाटा कैमिकल्स ने अब सरकार को सूचित किया है कि अलाइड कैमिकल्स ने परि-योजना में भाग लेने की अपनी पेशकल वापिस लेने का निर्णय किया है। टाटा कैमिकल्स ने इस स्थिति को स्वीकार कर लिया है, किन्तु उन्होंने परियोजना को पूर्णतयः भारतीय स्वामित्व कम्पनी के रूप में अपने आप स्थापित करने के अपने निश्चय के बारे में सरकार

को सूचित किया है। टाटा कैमिकल्स को पता चला है कि ईरान की नेशनल पैट्रोकैमिकल कम्पनी तरल अमोनिया, फोस्फोरिक एसिड और सल्फर की सप्लाई, उन्हीं शर्तों पर जिन पर अलाइड कैमिकल्स ने पहले से प्रस्ताव दिया था, करने की पूरी जिम्मेवारी संभाल ले लेगी। इसलिये अलाइड कैमिकल्स के अपने प्रस्ताव को वापिस ले लेने से केवल उनके इच्छित इक्विटी भाग की मात्रा तक की अतिरिक्त विदेशी मुद्रा की आवश्यकता होगी। लगभग 47 करोड़ रुपयों की विदेशी मुद्रा की कुल आवश्यकता की तुलना में यह भाग सापेक्षतः थोड़ा है। साधारण तौर पर आवश्यकता पड़ने पर, पूर्वोक्त अलाइड आई-आई एम-प्रोसैस में अलाइड कैमिकल्स की तकनीकी खरीदनी पड़ेगी।

**श्री सु० कु० तापड़िया :** भारत सरकार का अर्थ है वह सरकार जो कार्यवाही करने में विलम्ब करती है तथा कोई निर्णय लेने में अक्षम है। देश इस समय इतनी गम्भीर स्थिति से गुजर रहा है कि एक पूंजी विनियोजक के असन्तुष्ट होने से सैंकड़ों पूंजी विनियोजक जो पूंजी लगाना चाहते हैं, पूंजी लगाने का इरादा छोड़ देते हैं। भारत सरकार की नौकरशाही तथा निर्णय लिये जाने में होने वाले विलम्ब ने स्थिति इतनी खराब कर दी है कि भारत सरकार के अभिन्न मित्र अर्थात रूसी भी इससे सन्तुष्ट नहीं हैं। वैसे तो व्यक्तिगत रूप से बोलते हुए प्रधान मंत्री अथवा उप प्रधान मंत्री अथवा वाणिज्य मंत्री बार-बार अविलम्ब औद्योगिकरण की आवश्यकता पर जोर देते हैं तथा विदेशी पूंजी विनियोजन का स्वागत करते हैं, परन्तु जब मंत्रिपरिषद् में सामूहिक निर्णय का समय होता है, तो वे असमंजस में पड़ जाते हैं। यद्यपि अपने वक्तव्य में मंत्री महोदय ने तथ्यों को छिपाने का पूरा प्रयास किया है तथा उनका वक्तव्य अपर्याप्त है तथापि इससे यह ज्ञात होता है कि अमरीकी फर्म द्वारा सहयोग वापस लिये जाने के कारण देश को भारी मात्रा में विदेशी मुद्रा की हानि होगी। इस करोड़ों रुपये की विदेशी मुद्रा की हानि की जिम्मेदारी सरकार द्वारा कोई निर्णय करने में असफल रहने पर है। अतः मैं माननीय मंत्री से यह जानना चाहता हूं कि क्या यह सच है कि एक उचित समय सीमा के अन्दर सरकार द्वारा निर्णय न किये जा सकने के कारण अमरीकी कैमिकल कम्पनी मैसर्स एलाईड कैमिकल्स ने अपना सहयोग वापस ले लिया और क्या यह भी सच है कि रसायन मंत्रालय ने इस परियोजना का अनुमोदन कर दिया था तथा क्या मंत्री उन वास्तविक कारणों को बतायेंगे जिनके कारण योजना आयोग तथा मंत्रिपरिषद ने इस परियोजना का निरनुमोदन किया तथा इसमें विलम्ब किया ?

**श्री रघुरामैया :** माननीय सदस्य ने सरकार पर जो आक्षेप किया है, वह निराधार है। टाटा कैमिकल्स ने हमें बताया है कि मैसर्स एलाईड कैमिकल्स द्वारा सहयोग वापस लेने का एक विशिष्ट कारण यह है कि क्यों टाटा कैमिकल्स भारत सरकार को इस परियोजना में साझीदार बनाने को सहमत हो गया था, इसलिये मैसर्स एलाईड कैमिकल्स ने अपना सहयोग वापस ले लिया।

जहां तक आई० एम० आई प्रक्रिया का सम्बन्ध है, इसकी आवश्यकता सात वर्ष बाद पड़ती थी। यह प्रक्रिया अभी अपने प्रयोगात्मक चरणों में है तथा वाणिज्यिक स्तर पर इसे विश्व में कहीं भी नहीं अपनाया गया है। टाटा कैमिकल्स ने स्वयं कहा था कि आवश्यकता पड़ने पर इसे खरीदा जा सकता है।

**श्री सु० कु० तापड़िया** : उन्होंने केवल एक विशिष्ट कारण ही बताया हैं। अन्य कारण क्या है जिन की वजह से सहयोग वापस लिया गया है ?

**श्री रघुरामैया** : टाटा कैमिकल्स ने कोई अन्य कारण नहीं बताया है तथा मैं और क्या अन्य विशिष्ठ कारण बता सकता हूं ?

**श्री नारायण दांडेकर** (जामनगर) : महोदय, यह उत्तर बिल्कुल अपर्याप्त है। उन्होंने केवल एक कारण बताया हैं। हमें सब कारण बताये जाने चाहिये।

**श्री बे० कु० दास चौधरी** (कूच-बिहार) : महोदय, मैं श्री तापड़िया के इस कथन से सहमत हूं कि भारत सरकार अनिर्णय तथा निष्क्रियता का शिकार है। प्राक्कलन समिति ने भी अपनी 51 वीं रिपोर्ट (चौथी लोक सभा) में इस बात की पुष्टि की है कि सरकार द्वारा निर्णय लेने में बहुत देर की जाती है। अतः केवल इसी मामले में विलम्ब नहीं किया गया, अपितु सरकार प्रत्येक मामले में विलम्ब करती है। आसाम में खनन लाइसेंसों का मामला वर्ष 1944 से लटक रहा है। अतः माननीय सदस्य स्वय अनुमान लगा सकते हैं कि भारत सरकार में निर्णय लेने में कितना अधिक विलम्ब किया जाता है।

इस विशेष मामले के बारे में वक्तव्य में ही कहा गया है 'इसलिये एलाईड कैमिकल्स के अपने प्रस्ताव को वापस लेने से केवल उनके इच्छित इक्विटी मांग की मात्रा तक की अतिरिक्त विदेशी मुद्रा की आवश्यकता होगी" अतः इससे यह सिद्ध होता है कि यह सरकार इस मामले को अन्तिम रूप न दे सकी और अब वह कहते हैं कि अतिरिक्त विदेशी मुद्रा की आवश्यकता होगी। मैं प्रश्न ही पूछ रहा हूं। इससे एक बात स्पष्ट हो जाती है कि उर्वरक परियोजनायें हमारी अपनी होनी चाहिये। परन्तु इन सब उर्वरक परियोजनाओं को अन्तिम रूप देने से पहले हमें यह देखना चाहिये कि क्या हमारे पास तकनीकी जानकारी है तथा क्या हमारे पास आवश्यक संसाधन हैं ? यह सच है कि सिन्दरी उर्वरक कारखाने ने कुछ अच्छा काम किया है। सिन्दरी उर्वरक परियोजना में एक अनुसन्धान विभाग है तथा उसमें काफी तकनीकी जानकारी प्राप्त कर ली गई हैं। मैं नही जानता कि सरकार संसाधनों के लिये विदेशी सहयोग चाहती है अथवा किन्हीं अन्य कारणों से ? जहां तक संसाधनों का प्रश्न हैं उनकी तरल अमोनिया तथा कुछ अन्य वस्तुओं के लिये जरूरत होगी। अमरीकी सहयोग के प्रश्न के अतिरिक्त हमने समाचार पत्रों में पढ़ा है कि टाटा कम्पनी ईरान की नेशनल पेट्रोलियम कम्पनी के साथ बातचीत कर रही है। मैं जानना चाहता हूं कि क्या सरकार समझती है कि ईरानी कम्पनी की तकनीकी जानकारी बेहतर है तथा उनके पास हमारे से अधिक संसाधन है ? दूसरे मैं जानना चाहता हूं कि क्या बदली हुई परिस्थितियों के कारण सरकार इस परियोजना को सरकारी क्षेत्र में लगायेगी ?

**अध्यक्ष महोदय** : प्रश्न के केवल अन्तिम भाग का उत्तर दिया जाये।

**श्री रघुरामैया** : जैसा आप चाहें। प्रश्न के अन्तिम भाग का उत्तर यह है कि ईरान की शाहपुर कैमिकल कम्पनी ने तरल अमोनिया, फासफोरस ऐसिड और गंधक की सप्लाई

करने की जिम्मेदारी ली है। जहां तक तकनीकी जानकारी का सम्बन्ध है, इस मामले में हम विदेशी तकनीकी जानकारी पर निर्भर नहीं है।

**श्री स० कुन्डू** (बालासौर) : देखा गया है कि इस सभा में जब कभी उर्वरक परियोजनाओं पर चर्चा की जाती है तो टाटा, बिड़ला अथवा धर्म से मोरारजी के हित की बातें कही जाती हैं तथा देश के वास्तविक हित को भुला दिया जाता है। हम सब यह जानना चाहते हैं कि एलाईड कैमिकल्स द्वारा सहयोग वापस लिये जाने के बाद यह परियोजना अब किस स्थिति में है तथा क्या एलाईड कैमिकल्स ने पहले ही यह सोच लिया था कि मध्य पूर्व में उन्होंने जो कारखाने स्थापित किये हैं, उनमें से किसी एक कारखाने से उन्हें तरल अमोनिया मिलना चाहिये ? मैं यह जानना चाहता हूं कि यह परियोजना इस समय किस स्थिति में है तथा टाटा इस परियोजना के लिये आवश्यक तकनीकी जानकारी तरल अमोनिया, गंधक तथा अन्य वस्तुएं कहां कहां से प्राप्त करने का प्रयत्न कर रहे हैं ? मैं मन्त्री महोदय का ध्यान इस बात की ओर दिलाना चाहता हूं कि टाटा परियोजना के समक्ष कठिनाइयां पेश आने का कारण योजना आयोग द्वारा कुछ आपत्तियां उठाई जाना था। योजना आयोग ने इस आधार पर इस परियोजना का विरोध किया था कि इस परियोजना को उस तकनीकी ज्ञान से सम्बद्ध किया जा रहा है, जिसका वाणिज्यिक स्तर पर अभी तक अमरीका में भी परीक्षण नहीं किया गया है। आयोग ने इस बात पर भी इस परियोजना का विरोध किया था, क्योंकि धन जुटाने के बारे में यह मुख्यतया सार्वजनिक वित्तीय संस्थाओं पर निर्भर है। मंत्री महोदय को इन सब बातों का स्पष्टीकरण करना चाहिये। यह कहा गया है कि टाटाओं का नवीनतम प्रस्ताव मंत्रिपरिषद को भेज दिया गया है। मैं जानना चाहता हूं कि टाटाओं का नवीनतम प्रस्ताव क्या है ?

**श्री रघुरामैया** : वित्त विनियोजन के सम्बन्ध में टाटाओं ने बताया था कि एलाईड कैमिकल्स का भाग अन्ततः 3.25 करोड़ रु० होना था। कुल 46.77 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की आवश्यकता है तथा इसके अधिक मांग की पूर्ति विदेशों से ऋण लेकर करनी है। रुपये भाग की पूर्ति टाटाओं द्वारा अंश पूंजी को 3.93 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 25 करोड़ रुपये तथा अशांतया 119.11 करोड़ रुपये के दीर्घकालीन और अल्पकालीन ऋण लेकर करनी है। इसलिये टाटा कैमिकल्स का कहना है कि एलाईड कैमिकल्स के सहयोग वापस लेने से परियोजना के वित्तीय ढांचे पर कोई विशेष प्रभाव नहीं पड़ता। यह सच है कि सहयोग वापस लेते समय एलाईड कैमिकल्स ने विलम्ब का उल्लेख किया था। परन्तु जैसा कि मैंने कहा है उन्होंने कई अन्य बातों का भी उल्लेख किया है, जिनकी हमें जानकारी नहीं है। उन्होंने केवल एक ही कारण बताया है और वह है भारत सरकार को भाग लेने की अनुमति देना। कच्चा माल सप्लाई करने के बारे में मैं कहना चाहता हूं कि कच्चा माल सप्लाई करने का स्रोत वही है। ईरान की नेशनल पेट्रोलियम कम्पनी के साथ एलाईड कैमिकल्स भी उसके साझीदार हैं। शाहपुर कैमिकल्स ने कच्चा माल सप्लाई करना है। ईरानी तकनीकी ज्ञान का कोई प्रश्न ही नहीं है। योजना आयोग ने कुछ बातें उठाई हैं जिन पर सरकार विचार कर रही है नवीनतम प्रस्ताव का जो उल्लेख किया गया है, उसकी मुझे कोई जानकारी नहीं है। यह सच है कि सम्बद्ध विभाग और टाटा कैमिकल्स के बीच बहुत दिनों से लिखा पढ़ी चल रही है तथा नवीनतम बात

यह है कि कुछ दिन पहले वे कुछ शर्तों के साथ गहरे समुद्र में जैटी के सार्वजनिक नियंत्रण पर सहमत हो गये हैं।

**अध्यक्ष महोदय :** क्या सरकार इस नवीनतम प्रस्ताव से सहमत है ?

**श्री रघुरामैया :** यह मामला सरकार के विचाराधीन है तथा मैं सभा को आश्वासन देता हूँ कि इस मामले में शीघ्र ही निर्णय किये जाने की संभावना है।

**श्री पीलू मोदी (गोधरा) :** यह सरकार अनिर्णय और विलम्ब का शिकार हो गई है। विलम्ब करने का कारण सरकार को 67 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा का घाटा हुआ है। अतः मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूँ कि क्या इस विलम्ब का कारण बतायेंगे ? क्या उन्हें इस बात की जानकारी है कि कितनी विदेशी मुद्रा का घाटा हो रहा है तथा क्या वे इस सम्बन्ध में एक वक्तव्य देंगे ? दूसरे मैं जानना चाहता हूं कि क्या मंत्री महोदय को पता है कि एलाईड कैमिकल्स के सहयोग वापस लेने के परिणामस्वरूप यह परियोजना कुली निधि से वंचित रह गयी है तथा उस निधि के स्थान पर दूसरी निधि बनाने के लिये क्या कार्यवाही की गई है ? वर्ष 1975 तक देश की उर्वरक सम्बन्धी आवश्यकतायें बहुत बढ़ जायेंगी। वर्ष 1975 तक 50 लाख मीटरी टन नाइट्रोजन उर्वरक की आवश्यकता होगी और सरकार ने केवल 20 से 24 लाख मीटरी टन की ही व्यवस्था की है। 20 लाख मीटरी टन फासफोरिक उर्वरक की आवश्यकता होगी और केवल 8 लाख मीटरी टन की व्यवस्था की गई है। 10 लाख मीटरी टन पोटाशियम उर्वरक की आवश्यकता होगी, परन्तु इसके लिये कोई बन्दोबस्त नहीं किया गया है।

इसलिये यदि टाटा कैमिकल्स की स्थापना में, जिससे की आशा की जाती है कि वह तीनों प्रकार के उर्वरकों की 10 से 15 प्रतिशत तक पूर्ति करेगी, विलम्ब किया जाता है तो मैं जानना चाहता हूं कि सरकार उर्वरकों की आवश्यकता की पूर्ति किस प्रकार करेगी ? मुझे यह भी जानकारी प्राप्त हुई है कि फिलिप्स परियोजना, गोआ परियोजना तथा मंगलूर परियोजना के बारे में कुछ भी नहीं किया जा रहा है। अतः मैं जानना चाहता हूं कि सरकार किस प्रकार देश की उर्वरक सप्लाई करेगी ?

**श्री रघुरामैया :** शीघ्र ही कोई निर्णय लेने से पहिले शांति से और सोच समझ कर कोई ठोस तथा स्पष्ट निर्णय लेना कहीं अच्छा है। जैसा कि मैंने पहले कहा है कि यह एक छोटी परियोजना नहीं है। यह एक ऐसी परियोजना है जिस पर 200 करोड़ रु० की पूंजी लगाई जानी है और भी एक गैर-सरकारी व्यापार गृह द्वारा। इससे कुछ मूलभूत प्रश्न पैदा हो गये हैं, जिन पर अच्छी तरह विचार किया जाना है। इसीलिये इस परियोजना के बारे में सरकार ने कुछ समय लिया है, हालांकि हम इस परियोजना को शीघ्र पूरा करने के इच्छुक हैं। मैं सभा को आश्वासन देना चाहता हूं कि इस मामले में शीघ्र निर्णय किया जायेगा।

जहां तक कूली निधि का सम्बन्ध है टाटा कैमिकल्स ने स्वयं कहा है कि पहले भी वे इस सब पर अधिक निर्भर नहीं थे। अतः इससे उन्हें कोई खास हानि नहीं हुई है।

माननीय सदस्य का यह कहना सही नहीं है कि मैंलूर परियोजना को छोड़ दिया गया है। इसे ब्रिटिश तथा किसी अन्य देश के ऋण की सहायता से लगाया जा रहा है। अन्य परियोजनाओं के बारे में भी यह कह सकता हूँ कि उन्हें भी लगाया जा रहा है।

**श्री नरेन्द्रसिंह महीडा (आनन्द)** : गुजरात के लोग इस योजना के लिये बहुत इच्छुक है क्योंकि इससे उस पिछड़े हुए क्षेत्र का विकास होगा। हमारे निर्वाचन क्षेत्रों में प्रत्येक व्यक्ति नर्बदा तथा मीठापुर परियोजना के बारे में पूछ रहा हैं तथा स्वभावतया वे इसके बारे में बहुत इच्छुक हैं। इसके अतिरिक्त टाटाओं ने कहा है कि यह योजना केवल मीठापुर में ही संभव है तथा भारत में किसी अन्य स्थान पर इसे लगाना संभव नहीं है। मैं जानना चाहता हूं कि योजना आयोग द्वारा उठाई गई आपत्तियों को देखते हुए इस प्रस्ताव में क्या-क्या महत्वपूर्ण संशोधन किये गये हैं ? क्या सरकार ने इस बात पर ध्यान दिया है कि ईरान के शाह अगले महीने में भारत आ रहे हैं तथा ईरान सरकार के साथ बातचीत करनी है। इस बात को देखते हुए क्या सरकार शाह ईरान के भारत आने से पहले निर्णय करेगी ? मुझे दक्षिण पूर्व एशिया देशों की यात्रा करने का अवसर मिला है और मैंने देखा है कि वहां सब देशों में कृषि उद्योगों की सहायतार्थ उर्वरक बनाने के लिये भारी प्रयत्न किये जा रहे हैं। इस बात को देखते हुए क्या सरकार किसानों की सहायतार्थ इस मामले में शीघ्र निर्णय करेगी ?

**श्री रघुरामैया** : सरकार माननीय सदस्य के निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की भावना से पूर्णतया अवगत है तथा कोई निर्णय करते समय इसे ध्यान में रखा जायेगा। जहां तक संशोधनों का सम्बन्ध है, मैं कुछ एक संशोधन का पहले ही उल्लेख कर चुका हूं।

---

## सभा पटल पर रखे गय पत्र

### PAPERS LAID ON THE TABLE

**इंडियन एयरलाइन्स का वार्षिक प्रतिवेदन तथा प्रमाणित लेखे और रेलवे सुरक्षा सम्बन्धी प्रतिवेदन**

**खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे)** : मैं डा० कर्णसिंह की ओर से निम्न पत्र सभा पटल पर रखता हूं:—

(1) वायु निगम अधिनियम, 1953 की धारा 37 की उप-धारा (2) के अन्तर्गत इंडियन एयरलाइन्स के 1967–68 के वार्षिक प्रतिवेदन की एक प्रति।

(2) वायु निगम अधिनियम, 1953 की धारा 15 की उप-धारा (4) के अन्तर्गत वर्ष 1967–68 के लिये इंडियन एयरलाइन्स के प्रमाणित लेखे की एक प्रति तथा उन पर लेखा परीक्षा प्रतिवेदन।

(3) रेलवे सुरक्षा आयोग के वर्ष 1966-67 के कार्य सम्बन्धी प्रतिवेदन की एक प्रति । [पुस्तकालय में रखा गया । देखिये संख्या एल०टी० 2759/68] ।

**उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (शक्तियों का प्रत्यायोजन) अधिनियम के अन्तर्गत अधिनियम**

**वित्त मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री जगन्नाथ पहाड़िया)** : मैं उत्तर प्रदेश राज्य विधान मण्डल (शक्तियों का प्रत्यायोजन) अधिनियम, 1968 की धारा 3 की उपधारा (3) के अन्तर्गत राष्ट्रपति के निम्नलिखित अधिनियमों की एक-एक प्रति (हिन्दी तथा अंग्रेजी संस्करण) सभा पटल पर रखता हूं :-

(1) उत्तर प्रदेश राहदारी मान्यकरण अधिनियम, 1968 (1968 का राष्ट्रपति का अधिनियम संख्या 33) जो दिनांक 2 दिसम्बर, 1968 के भारत के राज-पत्र में प्रकाशित हुआ था ।

(2) उत्तर प्रदेश सार्वजनिक धन (बकाया की वसूली) संशोधन अधिनियम, 1968 (1968 का राष्ट्रपति का अधिनियम संख्या 34) जो दिनांक 2 सितम्बर, 1968 के भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ था । [पुस्तकालय में रखी गई देखिये संख्या एल० टी० 2760/68]

---

## गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों सम्बन्धी समिति
## COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS BILLS AND RESOLUTIONS

**42वां प्रतिवेदन**

**श्री खाडिलकर** : (खेड़) : महोदय, मैं गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों सम्बन्धी समिति का 42 वां प्रतिवेदन प्रस्तुत करता हूं ।

---

## अत्यावश्यक सेवाये बनायें रखने का विधेयक-जारी
## ESSENTIAL SERVICES MAINTENANCE BILLContd.

**Shri Madhu Limaye** (Monghyr) : Mr. Speaker, Sir, you might be aware that when the Essential Services Maintenance Bill was being debated here then certain objections were raised by the hon. Members here and the hon. Deputy Speaker has been kind enough to refer to matters to the Committee on Subordinate Legislation. I wanted to give evidence before the committee. I presented myself before the committee and gave oral as well as written evidence. I thought that the Committee would give thought to my oral as well as written evidence. As I went out of station after giving my evidence, I had a doubt that the Committee might ignore my oral evidence. So I wrote a letter from

Lucknow. Now I find thought my written evidence had been incorporated in the Committee's Report, no thought had been given to my oral evidence.

**अध्यक्ष महोदय :** आपको लम्बा भाषण देने की अनुमति नहीं दी जा सकती। प्रश्न यह है कि आप समिति के समक्ष पेश होना चाहते थे। आपको समिति के समक्ष पेश होने का मौका दिया गया। आप वहां गये तथा आपने गवाही दी। आपकी बातों को सुनकर ही समिति ने अपना प्रतिवेदन तैयार किया है।

इसके अतिरिक्त यह विधेयक का तृतीय वाचन है तथा इस समय यह व्यवस्था का प्रश्न नहीं उठाया जा सकता। इसके अतिरिक्त बहुत अधिक वित्तीय कार्य बाकी पड़ा है और उसे आगामी दो दिन में पूरा करना है। मैं समझता हूं यदि आवश्यक हुआ तो सभा को 8, 9 अथवा 10 बजे रात तक बैठना होगा।

**श्री स० मो० बनर्जी :** सभा का सत्र क्यों नहीं बढ़ा दिया जाता ?

**अध्यक्ष महोदय :** इस बारे में कार्य मंत्रणा समिति द्वारा विचार किया गया था तथा उसने कहा है कि सभा को 20 तारीख को स्थगित कर दिया जाना चाहिये, क्योंकि निर्वाचन हैं तथा अन्य भी कई बातें हैं। अत: यह समिति का निर्णय है और इसे नहीं बदला जा सकता। मैं किसी माननीय सदस्य की कोई बात सुनने को तैयार नहीं हूं। सभा 6 बजे के बाद काम पूरा होने तक बैठेगी। श्री इमाम मध्यान्ह भोजन के बाद अपना भाषण शुरू करें।

दो सदस्य इस ओर से और दो सदस्य उस ओर से बोलेंगे तथा मंत्री महोदय 2.45 बजे म० प० उत्तर देंगे।

अब मैं सभा को मध्यान्ह भोजन के लिये स्थगित करता हूं।

**इसके पश्चात लोक सभा मध्यान्ह भोजन के लिये दो बजे म० प० तक के लिये स्थगित हुई।**

**The Lok Sabhan the adjourned for Lunch till fourteen of the Clock.**

**लोक सभा मध्यान्ह भोजन के पश्चात 2 बजे म० प० पुन: समवेत हुई।**

**The Lok Sabha re-assembled after Lunch at fourteen of the Clock.**

**{ उपाध्यक्ष महोदय पीठासीन हुए**
**Mr. Deputy Speaker *in the Chair* }**

**Mr. Madhu Limaye :** I do not want to intervene in this Bill. Pleased let me allow to speak for atleast five minutes.

**उपाध्यक्ष महोदय :** यह माननीय सदस्य अधीनस्थ विधान समिति के प्रतिवेदन के बारे में कुछ चर्चा करना चाहते हैं तो उन्हें इसके लिये सूचना देनी होगी और अध्यक्ष की अनुमति लेनी होगी। यदि आप इस चर्चा को स्थगित कर इस प्रतिवेदन पर विचार करने की मांग

करते हैं तो इस स्तर पर ऐसा करना अध्यक्ष के विवेक पर है। किसी भी मामले को अन्य तरीके से उठाया जा सकता है लेकिन किसी विषय पर की जा रही चर्चा के समय नहीं।

**Shri Madhu Limaye :** If you will permit half an hour discussion after the third reading on the report of the Committee. I will not intervene.

**अध्यक्ष महोदय :** यदि उन्होंने मुझे या अध्यक्ष महोदय को लिखा होता तो मैं अनुमति दे देता। आपको प्रतिवेदन पर चर्चा करने का अवसर दिया जायेगा। लेकिन सभा में किसी विषय पर चर्चा करने का समय नहीं।

**श्री मुहम्मद इमाम** (चित्रदुर्ग) सभा के सब वर्गों में यह विधेयक विवाद का विषय बना हुआ है। हमें सरकारी कर्मचारियों से सहानुभूति है और हम उनकी कठिनाइयों से अवगत हैं। लेकिन ऐसी स्थिति सरकार द्वारा गलत नीतियों के अनुसरण करने के कारण उत्पन्न हुई है। मूल्यों में भारी वृद्धि हो रही है। इन परिस्थितियों में न केवल सरकारी कर्मचारियों बल्कि जनता को भी सीमित और निर्धनता का जीवन व्यतीत करना पड़ रहा है। इन कठिनाइयों। इन कठिनाइयों को राष्ट्रीय कठिनाइयां समझना चाहिये। सरकारी कर्मचारियों को भी अन्य औद्योगिक कर्मचारियों की भांति हड़ताल करने का अधिकार है। यदि औद्योगिक संस्थाओं के कर्मचारी हड़ताल करते हैं तो उन औद्योगिक संस्थाओं के मालिक ही इससे प्रभावित होते हैं। यदि वे कर्मचारियों को अधिक वेतन देते हैं तो वे उनसे अधिक उत्पादन की भी आशा करते हैं। लेकिन ऐसा सरकारी कर्मचारियों के साथ नहीं है।

यदि सरकारी कर्मचारियों के हड़ताल करने के अधिकार का दुरुपयोग किया जाता हैं तो सरकार को कठिनाई नहीं होगी बल्कि जनता को कठिनाई होगी। यदि सरकारी कर्मचारियों की मांग को स्वीकार कर लिया जाता हैं तो उसके परिणामस्वरूप 500 करोड़ रुपये के खर्चे में वृद्धि होगी। यह धन सामान्य जानता से ही प्राप्त किया जायेगा। अतः इसके परिणामस्वरूप सामान्य जनता को अधिक कर देने होंगे।

सरकारी कर्मचारियों की कठिनाइयों को दूर किया जाना चाहिये। लेकिन उन्हें भी जनता के हित के बारे में सोचना चाहिये। इसके साथ-साथ सरकार को जनता को दी जाने वाली सुविधाओं और नीति में परिवर्तन करना चाहिये। सरकार को ऐसी नीति का अनुसरण करना चाहिये जिससे कि मुद्रास्फीति कम हो। सरकार को अपने खर्च में कमी करनी चाहिये और जनशक्ति की हानि को रोकना चाहिये।

मेरा सुझाव है कि हड़ताल करने के अधिकार ले लिया जाना चाहिये।

सरकारी कर्मचारियों और सरकार के बीच विवाद को हल करने के लिये एक उच्च स्तरीय आयोग या बोर्ड की नियुक्ति की जानी चाहिये। जिसकी अध्यक्षता सर्वोच्च न्यायालय के न्यायधीश द्वारा की जानी चाहिये। उसका निर्णय अन्तिम होना चाहिये और दोनों पक्षों के लिये होना बन्धनकारी होना चाहिये।

सरकार को सरकारी कर्मचारियों के प्रति सहानुभूति का रुख अपनाना चाहिये और उनको हड़ताल में भाग लेने के कारण अधिक सजा या परेशान नहीं करना चाहिये।

**श्री राणे** (बुलडाना) : विधेयक को इस समय प्रस्तुत किया जाना आवश्यक है। इसके परिणामस्वरूप हड़तालों की संख्या में कमी होगी और किसान भी हड़ताल से होने वाली हानि से बच जायेंगे।

सरकारी कर्मचारियों को आवश्यकतानुसार वेतन देने से पहले सरकार को किसानों को आवश्यकतानुसार वेतन देना चाहिये। सरकार को शिक्षित तथा अशिक्षित बेरोजगार व्यक्तियों को भत्ता देने की योजना चालू करनी चाहिये।

सरकार को श्रम कानून के अन्तर्गत आने वाली सेवाओं का वर्गीकरण करना चाहिये।

श्रमिक नेताओं को भी हड़ताल के प्रति अपने रूख में परिवर्तन लाना चाहिये। उन्हें हड़ताल करने के अधिकार पर अधिक बल नहीं देना चाहिये।

हड़तालों की संख्या में दिन प्रति दिन वृद्धि हो रही हैं। गत 20 वर्षों में हड़ताल के परिणामस्वरूप देश को 2000 करोड़ रुपये की हानि हुई।

1967 में हड़ताल के परिणामस्वरूप केवल हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड को ही 40 करोड़ रुपये की हानि हुई। 1966 में इसी कारण इसे 20 करोड़ रुपये की हानि हुई।

हड़ताल के लिये सरकार तथा श्रमिक नेता दोनों ही दोषी हैं। सरकार ने वित्तीय कठिनाइयों को ध्यान में न रख कर आवश्यकतानुसार वेतन के सिद्धान्त को स्वीकार कर भारी गलती की।

दूसरे सरकार ने गत वर्षों में श्रमिकों और सरकारी कर्मचारियों के प्रति उदार रुख अपना कर गलती की। श्रमिक नेता हड़ताल करने के अधिकार पर जोर देने के लिये दोषी है।

कोई भी अधिकार अपने पड़ौसी के लिए कठिनाई न हो इसके लिये संविधान में व्यवस्था की गई है। सरकार को अधिकार है कि वह कानून बनाकर उन अधिकारों पर रोक लगा दे।

कोई भी सरकार चाहे वह कांग्रेसी सरकार हो अथवा गैर-कांग्रेसी सरकार 20 वर्ष तक आवश्यतानुसार वेतन नहीं दे सकती।

**श्री बलराज मधोक** (दक्षिण दिल्ली) : यह दुःख की बात है कि हम अपने भरसक प्रयत्नों के बावजूद भी सरकार को विधेयक के बारे में दिये गये निर्णय पर पुनः विचार करने और विधेयक को वापिस लेने में सफल नहीं हुए हैं।

यह अच्छी बात है कि गृह-कार्य मंत्री ने यह घोषणा की है कि एक ऐसा विधेयक लाया जा रहा है जिसके अन्तर्गत अनिवार्य मध्यस्था की व्यवस्था होगी। यदि इस विधेयक को वापिस लेकर कोई नया विधेयक लाया जाता जिसमें इस उपबन्ध की व्यवस्था होती तो अच्छा होता।

सरकारी कर्मचारियों ने आवश्यकतानुसार वेतन की मांग की है। सरकार ने यह सिद्धान्त स्वीकार कर लिया है। कर्मचारियों की महंगाई के बराबर महगाई भत्ते की मांग है। इस सिद्धान्त को सरकार स्वीकार कर चुकी है। यदि सरकार वर्तमान परिस्थितियों में उसको क्रियान्वित करने में असमर्थ थी तो सरकार को कर्मचारियों से देश के प्रति वफादार रहने की अपील करनी चाहिये थी। अधिकांश सरकारी कर्मचारी देश भक्त हैं और वे देश भक्त की अपील को अवश्य स्वीकार करते। अतः सरकार ने स्थिति का गलत ढंग से सामना किया।

यह कहना कि सरकार उनको इतना वेतन देने की स्थिति में नहीं है ठीक नहीं है क्योंकि सरकार ऐसी आर्थिक स्थितियों का अनुसरण कर रही है जिसके परिणामस्वरूप धन की फजूल खर्ची हो रही है। हमारे देश में प्राकृतिक स्रोतों का भंडार है। यदि हम इनका उचित प्रयोग करें तो हम सरकारी कर्मचारियों को न केवल आवश्यकतानुसार वेतन देने में समर्थ हो सकते है बल्कि हम उन्हें इससे भी अधिक वेतन दे सकते हैं। जब तक सरकार की आर्थिक नीति में परिवर्तन न होगा तब तक सरकारी कर्मचारियों को आवश्यकतानुसार वेतन नहीं दिया जा सकता। सरकार को अपने कर्मचारियों के लिये आदेश प्रस्तुत करना चाहिये। यदि सरकार कोई उचित समझती है तो सरकार को इसे अपने कर्मचारियों को देने से इन्कार भी नहीं करना चाहिये। सरकार कहती है कि ये उपलब्धियां सबको नहीं दी जा सकती, अतः हम इसे सरकारी कर्मचारियों को भी नहीं दे सकते। उस सभा ही में मन्त्री संसद् सदस्यों को से कहीं अधिक उपलब्धियां प्राप्त कर रहे हैं। यह कोई तर्क नहीं है।

सरकार मालिक है और यदि कर्मचारियों ने किसी के बहकावे में आकर या दुखी होकर कोई चीज की है तो मेरा यह निवेदन है कि सरकार को उसके प्रति उदारता का रुख अपनाना चाहिये और कर्मचारियों के प्रति सख्ती का रुख नहीं अपनाना चाहिये। यह अच्छी बात है कि सरकार ने बहुत से कर्मचारियों को सेवा में वापिस ले लिया है। लेकिन अभी भी लगभग 10,000 कर्मचारी मुसीबतों का सामना कर रहे हैं। उनके विरुद्ध चलाये गये मुकदमे वापिस ले लिये जाने चाहिये। और उनके प्रति उदारता का रुख अपनाया जाना चाहिये।

यदि सरकार विधेयक को वापिस नहीं लेगी तो हमारा दल उसका विरोध करेगा।

**Shri Amrit Nahata ( Badmer ) :** Government should not take such action that the Government employees may join politics with opposition parties. I hope that the Government will use the power given under this Bill with great care because there are still some things which are not clear in this Bill. If a comprehensive Bill is brought at present, according to the assurances given by the Government all the opposition parties will become quiet. The Trade Union Movement has taken a wrong direction. I want to know the reasons why so many people in Rajasthan alone have been retrenched ? In fact the excesses of police compelled the people to strike.

People in large number have been victimized in Rajasthan. The State Government have stated that she is prepared to with-draw all the cases on the recommendation of the Central Government. I request that the Government should reconsider the persent ordinance before it become law and lenient view should be taken in respect of cases of suspension and retrenchment of Government employees and prosecution against them should be withdrawn.

**श्री वी० कृष्ण मूर्ति** ( कुडालौर ) : सरकार द्वारा की गई इस कार्यवाही से कर्मचारी वर्ग और सरकारी कर्मचारियों में व्यापक असन्तोष है । अपनी हमेशा अपनी सत्ता बनाये रखना चाहती है । सरकार का विचार था कि यदि हड़ताल सफल हो जाती है तो सरकार बिल्कुल समाप्त हो जायेगी । इसलिये सरकार ये उपाय काम में लाई ।

देश के कुछ भागों में यह कानून लागू नहीं किया जा सका । मेरे विचार से इस कानून का प्रयोग नहीं किया जाना चाहिये ।

हमने 13 तारीख के बाद कभी भी हड़ताल करने के लिये कर्मचारियों को नहीं भड़काया । लेकिन सरकार द्वारा की गई कार्यवाही के परिणामस्वरूप सरकारी कर्मचारियों में विरोध की भावना उत्पन्न हुई । सरकार कर्मचारियों को परेशान कर रही है । आज लगभग 20,000 कर्मचारियों के विरूद्ध मुकदमे चलाये जा रहे हैं । 12000 कर्मचारियों को निलम्बित किया गया है और 8,000 से अधिक कर्मचारियों के विरूद्ध मामले चल रहे हैं । सरकार को अपने वास्तविक शत्रु का पता लगाना चाहिये । सरकार के वास्तविक शत्रु नेता है न कि टेलीफोन एक्सचेंज या रेलवे में काम करने वाले कर्मचारी । सरकार को उनके विरूद्ध कार्यवाही करनी चाहिये ।

बहुत से राज्य पहले ही लिख चुके हैं कि मामले वापिस लिये जाने चाहिये । कुछ राज्यों में गिरफ्तार किये गये कर्मचारियों को फिर से सेवा में लगाया जा चुका है लेकिन कुछ राज्यों में कर्मचारियों को स्थायी तौर पर निकाल दिया गया है । इस प्रकार की दो तरफा नीति अपनाने के क्या कारण हैं । मुझे आशा है कि जब कर्मचारियों के विरूद्ध चलाये गये मुकदमे वापिस ले लिये जायेंगे । मुझे आशा है कि ऐसा अवसर कभी उत्पन्न नहीं होगा जबकि विधेयक का प्रयोग कर्मचारियों के विरूद्ध किया जायेगा ।

**श्री क० नारायण राव** ( बोबिली ) : सार्वजनिक प्रयोजनों और सामान्य उद्योगों में काम करने वाले सरकारी कर्मचारियों में अन्तर है औद्योगिक विवादों में केवल कुछ क्षेत्र ऐसे होते हैं जहां हड़ताल पर रोक लगी होती है ।

औद्योगिक विवाद अधिनियम के अन्तर्गत भी इस प्रकार की हड़ताल नहीं की जा सकती । कुछ क्षेत्रों में विचार विमर्श की सम्भावना है और यदि बातचीत असफल रहती है तो हड़ताल की जा सकती है । यदि बातचीत असफल होती है तो मामला निबटारा बोर्ड को सौंपा जा सकता है । यदि मामला निबटारा बोर्ड के विचाराधीन होता है तब कर्मचारी हड़ताल नहीं कर सकते । यदि ऐसा किया जाता है तो वह हड़ताल गैर कानूनी होती है ।

कार्मिक संघों को अपने नेतृत्व को सुदृढ़ करना चाहिये । उन्हें किसी व्यक्ति पर किसी प्रकार का प्रभाव नहीं डालना चाहिये । उद्योगों में की जाने वाली हड़ताल के लिये कड़ी सजा की व्यवस्था की जानी चाहिये । इस प्रकार सरकारी कर्मचारियों की एक संयुक्त सेवा समिति होनी चाहिये । लेकिन कार्मिक संघ की गतिविधियां इसमें नहीं आनी चाहिये । यदि सरकारी कर्मचारी हड़ताल करते हैं तो समस्त प्रशासन अस्तव्यस्त हो जाता है ।

श्री हो० ना० मुकर्जी ( कलकत्ता-उत्तर पूर्व ) : सरकार द्वारा इस विधेयक को पास करना बहुत दुःख की बात है। सरकार आपत्तिजनक बातें करने पर तुली हुई है। सरकार सामूहिक सौदेबाजी पर प्रतिबन्ध लगाने का प्रयास कर रही है।

हम एक अत्यधिक हानिकारक प्रथा को जन्म दे रहें हैं। एक बार अध्यादेश जारी किया, फिर उसे स्थायी कानून का रूप दे दिया। यह एक स्थायी रीति बन गई है। ऐसा करना संसदीय नीतियों के पूर्णतः प्रतिकूल है। हम जानते हैं कि यह सरकार मनमानी शक्तियां मिल जाने पर जैसा कि इसे आपात् काल में भारत रक्षा कानून तथा निवारक निरोध अधिनियम के अन्तर्गत प्राप्त थी, किस प्रकार कार्य करती है यह सरकार ऐसी नीतियों का अनुसरण करती है जिनके बारे में श्री सितलवाड जैसे अत्यन्त रुढ़ीवादी विधिवेत्ता भी कुछ समय पहले यह कहने को मजबूर हो गये थे कि यह संवैधानिक तानाशाही है।

प्रस्तुत विधेयक की दूसरी विशेषता यह है कि कर्मचारियों के दमन के सम्बन्ध में सरकार की कुछ कार्यवाहियों को भूतलक्षी प्रभाव से उन्मुक्त रखा जा रहा है, संविधान से विदित होता है कि फौजी-शासन के अलावा सामान्य परिस्थितियों में किसी विधेयक को भूतलक्षी प्रभाव नहीं दिया जा सकता, परन्तु इस विधेयक में चोर-दरवाजे से ऐसी चीज घुसेड़ दी गई है।

हड़तालों के सम्बन्ध में हमारे कानू पहले ही काफी कठोर हैं। हमारे देश को कुछ अन्तर्राष्ट्रीय परम्पराएं निभानी होती हैं। अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन परम्परा 87 तथा 98 संस्था तथा सामूहिक सौदेबाजी के अधिकारों से सम्बन्धित है जिनका इस विधेयक में उल्लंघन किया गया है। मुझे याद है कि जापान के सम्बन्ध में एक मामला हुआ था जबकि कार्मिक संघों की शिकायत पर अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन को ऐसे अतिक्रमणों की छान-बीन करने के लिये वहां एक मिशन भेजना पड़ा था और जापान सरकार को उन्हें ठीक करना पड़ा था। हमारे मामले में भी ऐसा हो सकता है।

कार्मिक संघ आन्दोलन हड़तालों पर कानूनी रोक लगाने के प्रस्ताव पर कभी सहमत नहीं हो सकता चाहें अनिवार्य मध्यस्थ निर्णय अथवा न्यायनिर्णयन की कानूनन व्यवस्था करने का आश्वासन क्यों न दिया गया हो। हम जानते हैं कि सरकार श्रमजीवी लोगों को कुचलने के लिये क्या कार्यवाही करने को उद्यत है लेकिन देश में वर्ग शान्ति प्राप्त करने का यह तरीका नहीं है।

हमारे श्रमजीवी लोग सरकार को यह नोटिस दे चुके हैं, जिसे दुहराने का मेरा काम है, कि यदि सरकार ने उन नीतियों का जिनका इस विधेयक में स्पष्ट उल्लेख है, अनुसरण किया तो वे सरकार के विरूद्ध अपना संघर्ष करेंगे। पंडित नेहरू ने एक फ्रान्सिसी मुहावरे का उद्धरण करते हुए कहा था, प्रहार किये जाने पर यह पशु बड़ा दुष्ट है, वह अपनी रक्षा करता है। सरकार श्रमजीवी वर्ग आन्दोलन पर जब प्रहार कर रही है तो स्वाभाविक है कि वह अपनी रक्षा करेगा, सरकार को दीवार पर हस्त-लेख देखना चाहिए, यदि वह एक नया फासिल्ट समाज की स्थापना करने जा रही है तो वह ऐसा लक्ष्य है जिसकी कभी पूर्ति नहीं होगी। अब परिस्थितियां बदल गई हैं और श्रमजीवी वर्ग आन्दोलन को कभी मात नहीं दी जा सकती। अतः मैं इस विधेयक का पुरजोर विरोध करता हूं।

**उपाध्यक्ष महोदय** : अध्यक्ष महोदय ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि पौने तीन ( म० प० ) बजे मन्त्री महोदय से उत्तर देने के लिये कहा जायेगा। लेकिन मैं इस बात को मानता हूं कि उन सदस्यों को जो विधेयक के हर प्रक्रम पर उसके पक्ष अथवा विपक्ष में बोले हैं, उन्हें इस समय थोड़ा-सा मौका दिया जाना चाहिए, इसके अलावा कुछ सदस्यों को इस प्रक्रम पर बोलने का अवसर देने का आश्वासन भी दिया गया है। लेकिन हम इस विधेयक पर वाद-विवाद के लिये कई बार समय-सीमा बढ़ा चुक है और इसलिये समय-सीमा को और आगे बढ़ाने की कोई गुंजाइश नहीं है, फिर भी परिस्थिति तथा वातावरण को देखते हुए मैं अपना स्वविवेक प्रयोग कर सकता हूं लेकिन शर्त यह है कि प्रत्येक सदस्य दो मिनट से अधिक समय न ले ताकि दोनों ओर के सदस्यों को बोलने का मौका दिया जा सके।

**Shri S. M. Joshi** (Poona) : Sir, I opposed this Bill at every stage and now I rise to oppose it once again with all the force at my command. This legistation is deterimental to the interests of the country and the democracy as well. It strikes at the trade union movement in the country. The Government is pursinig a policy to suppress the working class and this Bill is a glaring example of their policy of repression and victimiseation of workers. If the Government impose a statutory ban on strikes and puresue policies which are clearly indicated in the present measure, the working class will defend iself and fight its battle against the Government.

**Shri Bibhuti Mishra** (Motihari) : I support the Bill. The Government should very carefully exercise these powers which are given to them in the Bill. They should not use these powers against the workers and employees, and that these should not be misused. But these powers should be used against those elements or forces who try to instigate the employees. At the same time, I would request the Government to treat their employees as members of their families and give a sympathetic consideration to their difficulties. But the elements which misguide, misdirect and instigate the employees should be dealt with firmly.

**श्री के० रमानी (कोयम्बत्तूर)** : मैं इस फासिस्टवादी काले कानून का पूर्णतः विरोध करता हूं। इसे पारित न कर वापस लिया जाना चाहिए। गृह-कार्य मंत्रालय में राज्य मन्त्री ने कहा है कि सरकार कर्मचारियों के हड़ताल करने के अधिकार को नहीं छीनती और प्रस्तुत विधेयक उनकी हड़ताल पर रोक नहीं लगाता। लेकिन यह सर्वथा गलत है क्योंकि प्रस्तुत विधेयक के खण्ड 2 (1)(क)(नौ) में स्पष्ट व्यवस्था है जिसके अन्तर्गत वे सभी मामले आते हैं जिनके संबंध में कानून बनाने की शक्ति संसद के पास है और उसके अन्तर्गत ऐसी हड़तालें भी आती हैं जो सरकार की राय में समाज के जीवन के लिये हानिकारक हों। इस धारा के अन्तर्गत सरकार को लगभग सभी उद्योगों के सम्बन्ध में कानून बनाने की शक्ति प्राप्त हो जाती है।

यह विधेयक पूर्णतः एक फासिस्टी कानून है। आज सरकार में शोषक वर्ग, सत्तारूढ़ वर्ग, पूंजीवादी वर्ग, भू-स्वामी वर्ग का प्रतिनिधित्व है और अन्ततोगत्वा इन्हीं वर्गों को बचाने तथा लोगों को कुचलने के लिए ही सरकार यह विधेयक लायी है, अब 20,000 से भी अधिक कर्मचारियों को बाहर निकाला जा रहा है और यदि सरकार इन कर्मचारियों को जिन्हें पहले ही उत्पीड़ित किया जा चुका है, जेल भेजने के लिये इस विधेयक के अन्तर्गत शक्ति प्राप्त करना चाहती है, तो मैं इस सरकार को आगाह करना चाहता हूं कि ये कर्मचारी तथा देश के लोग सरकार का तख्ता पलट देंगे।

**श्री चेंगलराया नायडू** (चित्तूर) : कर्मचारियों को हड़ताल करने तथा कानूनों को तोड़ने के लिए भड़काने वाले समाज विरोधी तथा राष्ट्र विरोधी तत्वों की दण्ड देने की व्यवस्था करने वाले महत्वपूर्ण खण्डों को भी इस विधेयक में शामिल किया जाना चाहिए था ।

कानून का आदर करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य हैं । कुछ माननीय सदस्य कानून बनाते हैं लेकिन फिर भी वे बाहर जाकर लोगों को कानून तोड़ने की सलाह देते हैं ऐसे लोगों को दण्ड दिया जाना चाहिए लेकिन खेद है कि सरकार ने ऐसा नहीं किया है । इसलिये सरकार को इस विधेयक में उन समाज विरोधी तथा राष्ट्र विरोधी तत्वों को जो देश का विकास नहीं होना देना चाहते और जो केवल देश का नाश करने में ही रुचि रखते हैं, कड़ा दण्ड देने की व्यवस्था भी करनी चाहिए ।

**श्री समरगुह** (कन्टाई): यह विधेयक केवल काला विधेयक ही नहीं अपितु तानाशाही विधेयक भी है । सरकार व्यवस्था तथा अनुशासन की बात करती है । सरकार चलाने तथा प्रशासन में हर सरकारी कर्मचारी निष्ठा से भाग लेना चाहता है, लेकिन उसके लिए उचित हालत पैदा करना जरूरी हैं , हम देखते हैं कि सरकार ने राजपत्रित अधिकारियों तथा अराजपत्रित कर्मचारियों के बीच मनोरंजन कक्षों, जलपान-गृहों, शौचालयों आदि जैसे मामलों में ही काफी भेद-भाव बरता हुआ है, जो अनुचित है । किन्तु फिर भी वह समाजवाद की बात करती है ।

समाचारपत्रों में ऐसी खबर छपी हैं कि सरकार अगले सत्र में एक नया विधेयक ला रही है । यदि यह बात सच है, तो उसे इस विधेयक को वापस ले लेना चाहिए और इस विधेयक को इस समय पारित नहीं करना चाहिए और अन्य लोगों से विचार-विमर्श करके इस विधेयक को रद्द कर देना चाहिए ।

**Shri Randhir Singh** (Rohtak): Sir, some political elements use employees and workers as a tool of gainning their political ends and selfish-motives and the employees should not be allowed to be misguided by such elements. They should be given proper protection. I hope that the hon. Home Minister will pay due attention to the fe.lings of employees and adopt a sympathetic attitude to their legitimate demands. The Bill should not be applied in normal conditions It can be done only when the situation really demands it as was done in the situation arising out of the 19th September strike.

**Shri Abdul Gani Dar** (Gurgaon) : Sir, the Government should win the hearts of their employees by dint of their love for them. They should not create unrest among their employees. No Government can continue to be in power if it adopts the course of cruelty and repression.

The plight of the commonman in the country in general is miserable. The proper course to adopt is the opposition parties and the party in power should sit together round a table and find out ways and means of distribution of wealth in the country.

**डा० मैत्रेयी बसु** (दार्जिलिंग) : मैं नहीं समझ सकी कि सरकार इस विधेयक द्वारा अपने कर्मचारियों में अनुशासन स्थापित करने में किस प्रकार सफल होगी । मैं चाहता हूं कि सरकार इस प्रकार व्यवहार करे जिससे उसकी प्रतिष्ठा बनी रहे और कि उसमें प्रतिदिन कमी न हो । परन्तु सरकार जिस प्रकार से बर्ताव कर रही है उससे कर्मचारियों तथा कर्मकारों में उसकी प्रतिष्ठा कम होगी ।

मैं पत्तन तथा गोदी कर्मचारियों के बारे में जिन्होंने केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियों के साथ मिलकर कभी हड़ताल नहीं की बोलना चाहता हूं। उन्होंने 19 सितम्बर की हड़ताल में भाग नहीं लिया था परन्तु फिर भी उनको इस विधेयक के क्षेत्राधिकार में शामिल कर लिया गया है। यह बात अन्यायपूर्ण है। इस विधेयक में परिवर्तन किया जाना चाहिए जिससे कि यह देश को स्वीकार्य हो।

Shri S. N. Banerjee (Kanpur) : The unrest prevailing amongst the labour class is not going to be suppressed in that way.

**श्री नो० श्रीकांतन नायर** (क्विलोन) : हमें यह आश्वासन दिया गया था कि गृह-कार्य मन्त्री स्वयं इस चर्चा का उत्तर देंगे।

**उपाध्यक्ष महोदय :** यह उचित नहीं है। मैंने उनसे उत्तर देने का निवेदन किया था। परन्तु मैं निदेश नहीं दे सकता। यदि माननीय मन्त्री अन्त में कुछ कहना चाहें तो वह कह सकते हैं। मैंने श्री शुक्ला को उत्तर देने के लिए बुलाया है।

